सूर्योदय 6:30 सूर्यास्त 6:29

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.2 न्यू | 16.2 अधि |
| धर्मशाला | 10.0 न्यू | 22.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73097.28 |
| निफ्टी | 22146.65 |

सोना 66,110 चांदी 75,915

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




follow us on: 88945-21702 धर्मशाला | शुक्रवार, 15 मार्च, 2024 | 2 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 87, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए

आज के अंक में

- बिलासपुर अस्पताल में मरीजों के सैंपल हो रहे गुम
- शिमला से किन्नौर तक केवल ड्रग माफिया: बिंदल

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- सीएम ने पालमपुर को दी 302 करोड़ की सौगात
- कांग्रेस के पास न नेता और न ही नीति: अनुराग

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- वाद्ययंत्र में श्री देव विष्णु मतलोड़ा सराज प्रथम
- धूल-मिट्टी में बिक रही मिठाइयां, सेहत से खिलवाड़

पृष्ठ 6 पर पढ़ें



- पंत की मानसिक दृढ़ता, इच्छाशक्ति जबरदस्त
- मुंबई ने 42वीं बार जीती रणजी ट्रॉफी

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## न्यूज शॉर्ट्स

### हाई कोर्ट ने छह अधिकारियों की पदोन्नति के दिए आदेश

**शिमला।** हाई कोर्ट ने विभिन्न कैडर के छह अधिकारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। अनुभाग अधिकारी मूर चंद को सहायक पंजीयक, अनुभाग अधिकारी रमनिंदर कौर और जनसूचना अधिकारी एचआर सागर सहित संपदा अधिकारी अनंत परिहार, अनुभाग अधिकारी योगेश गर्ग व निजी सचिव चमन लाल को पदोन्नत कर कोर्ट मास्टर नियुक्ति दी है। जजमेंट राइटर शंकर लाल को पदोन्नत कर निजी सचिव लगाया है।

### केजरीवाल ने पेशी के समन को सेशन कोर्ट में दी चुनौती



**नई दिल्ली।** शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की शिकायतों पर अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट की ओर से जारी समन को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सत्र न्यायालय में चुनौती दी है। इससे पहले कोर्ट ने केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने का निर्देश दिया था।

### संदेशखाली में शाहजहां शेख के ठिकाने पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने वीरवार को टीएमसी से निकाले गए विधायक शेख शाहजहां के कई ठिकानों पर छापेमारी की। संदेशखाली के धमाखाली घाट से सटे घरों, दफ्तरों और ईंट-भट्ठों पर तलाशी ले रही है। यह छापेमारी जमीन हड़पने के मामले में शाहजहां से जुड़े एक नए प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) का हिस्सा हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल की तबीयत बिगड़ी, भर्ती

**मुंबई।** पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें इलाज के लिए पुणे के भारती अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वह बुखार और सीने में संक्रमण से पीड़ित हैं। डॉक्टरों ने बताया कि प्रतिभा पाटिल (89 वर्ष) की तबीयत पिछले कई दिनों से खराब चल रही थी। बुधवार को देर रात उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने से उन्हें पुणे के भारती अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

सर्कुलेशन विभाग

अनंत ज्ञान अखबार को प्रचार और प्रसार के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

# बागियों के घरों पर सीआरपीएफ

## सिक्योरटी का बढ़ाना भाजपा में शामिल होने की ओर कर रहा इशारा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**हिमाचल** में सुक्खू सरकार का तख्ता पलटने का दम भरने वाले बागी विधायकों के घर भी अब केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के हवाले हो गए हैं। उनके घरों पर सीआरपीएफ का पहरा बैठा दिया गया है। वीरवार शाम के समय यह सिलसिला शुरू हुआ है।

इससे सियासी हलचल अब और बढ़ गई है। विधानसभा की सदस्यता से बर्खास्त किए गए कांग्रेस के सभी छह पूर्व विधायकों का यह माहौल भाजपा में शामिल होने की ओर इशारा कर रहा है। तीन निर्दलीय विधायक भी इन्हीं बागी पूर्व विधायकों के साथ इन दिनों दिल्ली में हैं। जिस नए अंदाज की राजनीतिक उठापटक जारी है, उसी के तहत यह नया सियासी दौर शुरू हुआ है। सुजानपुर में कांग्रेस के बागी विधायक राजेंद्र राणा, बड़सर में इंद्रदत्त लखनपाल और हमीरपुर में निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा के अलावा कुटलैहड़ में देवेंद्र भुट्टो, गगरेट में चैतन्य शर्मा, लाहौल-स्पीति में रवि ठाकुर और धर्मशाला में सुधीर शर्मा के घरों पर सीआरपीएफ का पहरा शुरू हो गया है। वहीं, अन्य बागी व निर्दलीय विधायकों के घरों पर भी जल्द ही सीआरपीएफ तैनात की जा सकती है। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद बागी हुए हैं। बागी व निर्दलीय विधायक पिछले 17 दिन से इकट्ठे हैं और सीआरपीएफ के पहरे में हैं। अब इनके घरों पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इससे अब सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इन विधायकों के घर पर सिक्योरिटी क्यों बढ़ाई गई है। (अनंत ज्ञान)

**राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद हुए बागी, 17 दिन से हैं सभी इकट्ठे**





सुजानपुर के पटलांदर में राजेंद्र राणा के आवास (दाएं) कुटलैहड़ में दवेंद्र भुट्टो के घर में तैनात सीआरपीएफ जवान।

### सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर 18 मार्च को होनी है सुनवाई

**सुप्रीम** कोर्ट में इन्होंने याचिका दायर की हुई है और अब अगली सुनवाई 18 मार्च को होनी है, क्योंकि लोकसभा चुनाव की डुगडुगी भी बजने वाली है। यदि सदस्यता बहाल नहीं हुई, तो इनका भाजपा में जाना तय माना जा रहा है और हो सकता है विधानसभा के उपचुनाव भी लोकसभा चुनावों के साथ ही हो जाएं। इसीलिए ही ऐसा माहौल बना है। सदस्यता बहाल हो गई तो फिर अलग परिस्थितियां होंगी और ऐसी स्थिति में भी सीआरपीएफ का पहरा अभी बने रहने की उम्मीद जताई जा रही है।

### आज शिमला में पेश होंगे आशीष और राकेश शर्मा

**गगरेट** से विधायक चैतन्य शर्मा के पिता राकेश शर्मा और निर्दलीय आशीष बुटेल को शुक्रवार को शिमला के बालूगंज थाना में पेश होना है। संभव है कि दोनों सीआरपीएफ के पहरे में ही पुलिस के समक्ष पेश होंगे। हिमाचल हाई कोर्ट ने चार दिन पहले इन्हें इसी शर्त पर जमानत दी थी कि ये लोग शुक्रवार को पुलिस जांच में सहयोग करेंगे।

# कुल्लू, लाहौल और किन्नौर की चोटियों पर ताजा हिमपात

## अटल टनल रोहतांग वाहनों के लिए बंद



| न्यूनतम तापमान | |
|---|---|
| शिमला | 5.2 |
| भुंतर | 6.0 |
| धर्मशाला | 10.0 |
| केलांग | -4.0 |
| डलहौजी | 2.6 |
| कुकुमसेरी | -0.6 |

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मौसम** में आए बदलाव से हिमाचल प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। प्रदेश के चंबा, लाहौल-स्पीति, कुल्लू व किन्नौर जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है।

वहीं, बुधवार रात को अटल टनल रोहतांग वाहनों के लिए बंद हो गई। बीआरओ ने सड़क से बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया है। जिला मुख्यालय को जोड़ने वाला हाई-वे 305 पर भी बाधित हो गया है। अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल व सिस्सू में 15, साउथ पोर्टल 20, तोदघाटी पांच, तिंदी व उदयपुर 10-10, कोकसर 20, रोहतांग दर्रा 30, कुंजम, बरालाचा व शिंकुला दर्रा में 30 से 40 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई है।

### 15 से 20 मार्च तक साफ रहेगा मौसम

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 15 से 20 मार्च तक पूरे प्रदेश में मौसम साफ बना रहने का पूर्वानुमान है। धूप खिलने से तापमान में बढ़ोतरी होगी और ठंड से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

# हिमाचल में जल्द तय होंगे कांग्रेस प्रत्याशी: सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर हिमाचल प्रदेश में जल्द ही प्रत्याशी तय किए जाएंगे। कांग्रेस पार्टी चुनावों को लेकर पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार के 15 महीने के कार्यकाल के दौरान शुरू की गई योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाएंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जेओए आईटी परीक्षा का परिणाम घोषित करने के दृष्टिगत सरकार ने विभिन्न कानूनी पहलुओं का अध्ययन किया और विधि विशेषज्ञों का परामर्श भी लिया। सरकार ने इसके लिए एक कैबिनेट सब कमेटी का गठन किया और उसकी संस्तुति के आधार पर मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया। प्रदेश सरकार सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए विकासोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ सरकार दृढ़ता से निर्णय लेकर निरंतर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पंद्रह महीने में हमारे सामने आर्थिक, त्रासदी और राजनीतिक मोर्चे पर बस चुनौतियां ही आई हैं और हमने लंबित मुद्दों का समाधान किया है। पूर्व भाजपा सरकार ने इन मुद्दों का हल करने की चेष्टा कभी नहीं की और बस मामलों को लटकाए रखा।

**बोले- 15 माह में शुरू योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाएंगे**

# ज्ञानेश और सुखबीर संधू बने नए चुनाव आयुक्त

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति ने निर्वाचन आयोग में दो आयुक्तों के खाली पदों पर भर्ती के लिए दो नामों पर मुहर लगा दी है। समिति ने ज्ञानेश कुमार गुप्ता और सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया है। ये दोनों रिटायर्ड आईएएस हैं। वहीं, वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने मीडिया से बातचीत करते हुए इस फैसले पर अपनी असहमति जताई।

उन्होंने कहा कि उनके (सरकार) पास (चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करने वाली समिति में) बहुमत है। उन्होंने कहा कि मुझे बुधवार की देर रात को पहले 212 नाम दिए थे, लेकिन बैठक के दौरान नियुक्ति से 10 मिनट पहले सिर्फ छह नाम दिए गए। कम समय में सूची में नामित लोगों की सत्यनिष्ठा और अनुभव के बारे में जानना असंभव था। मुझे जानकारी है कि सीजेआई वहां नहीं थे। इस समिति में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, अर्जुनराम मेघवाल और अधीर रंजन चौधरी शामिल थे।

**अधीर रंजन ने इस फैसले से जताई असहमति**

# चौपाल में बोलेरो कैंपर खाई में गिरी, तीन की मौत

## चफलाह मार्ग पर पेश आया हादसा, घायल आईजीएमसी रेफर

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

**उपमंडल** चौपाल के धबास-सरांह मार्ग पर बुधवार रात को एक बोलेरो कैंपर खाई में गिर गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने वीरवार सुबह सिविल अस्पताल चौपाल में शवों का पोस्टमार्टम करवाया परिजनों को सौंप दिए हैं।

प्रशासन की तरफ से एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार रुपए और घायल को पंद्रह हजार रुपए बतौर फौरी राहत प्रदान की है। जानकारी के अनुसार, बोलेरो कैंपर (एचपी 63-4993) धबास से सरांह जा रही थी और चफलाह पहुंचने पर अनियंत्रित होकर करीब साढ़े तीन सौ मीटर नीचे खाई में जा गिरी। हादसा का पता चलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और शवों को बाहर निकाला।



**मृतकों के परिजनों को 25 25 व घायल को दी 15 हजार रुपए की फौरी राहत**

घायल व्यक्ति व शवों को बुधवार रात को ही सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल दिनेश झरटा पुत्र स्व. शेर सिंह गांव डिमोह डाकघर सराह तहसील चौपाल को चौपाल अस्पताल से आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया। मृतकों की पहचान कमलेश ठाकुर (42) पुत्र जीत सिंह गांव डिमोह डाकघर सराह तहसील चौपाल, देवदत्त शर्मा (35) पुत्र मुखराम गांव जसौत डाकघर सराह तहसील चौपाल, राजेश (22) पुत्र वेश राम गांव व डाकघर सराह तहसील चौपाल के रूप में हुई है।

वहीं, चौपाल के विधायक बलवीर सिंह वर्मा, प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव रजनीश किमटा, पूर्व विधायक सुभाष मंगलेट व कांग्रेस नेता सुरेंद्र शर्मा ने हादसे पर दु:ख जताया है।

# एक देश, एक चुनाव पर कोविंद समिति ने राष्ट्रपति को सौंपी 18,626 पन्नों की रिपोर्ट

## 2029 में एक साथ चुनाव करवाने की सिफारिश, 191 दिन में बनाई रिपोर्ट



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पूर्व** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली हाई पावर्ड कमेटी ने वीरवार को एक देश, एक चुनाव पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। यह रिपोर्ट 18,626 पन्नों की है।

रिपोर्ट में वर्ष 2029 में देशभर में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव करवाने की सिफारिश की है। पैनल का गठन दो सितंबर 2023 को किया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन में बनाई गई है। 47 राजनीतिक दलों ने कमेटी को अपनी राय दी। 32 ने पक्ष में और 15 ने विपक्ष में मत रखा है। रिपोर्ट के पेज नंबर 25 में बताया गया है कि एक देश-एक चुनाव के लिए 47 में से 32 राजनीतिक दलों ने सहमति और 15 दलों ने असहमति दर्ज की है।

### पैनल के सुझाव

- सभी विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए।
- पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं। इसके बाद दूसरे फेज में 100 दिन के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं।
- चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट तैयार करेगा।
- कोविंद पैनल ने एकसाथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

# पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर की पत्नी परनीत कौर भाजपा में शामिल

**एजेंसी, पटियाला**

**लोकसभा** चुनाव से पहले पंजाब में कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी एवं पटियाला से कांग्रेस की लोकसभा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री परनीत कौर ने वीरवार को भाजपा का दामन थाम लिया।



भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने परनीत कौर का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि उनके पास लंबा राजनीतिक अनुभव है, वह विदेश राज्य मंत्री भी रह चुकी हैं और उनके आने से निश्चित तौर पर पंजाब में भाजपा मजबूत होगी। परनीत कौर ने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से किए जा रहे कामों और उनकी नीतियों को देखकर उन्होंने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है।

### 15 माह बाद जागीर कौर की शिअद में वापसी

**चंडीगढ़।** कथित तौर पर 'पार्टी विरोधी' गतिविधियों के लिए निष्कासित किए जाने के लगभग 15 महीने बाद एसजीपीसी की पूर्व प्रमुख जागीर कौर वीरवार को फिर से शिरोमणि अकाली दल में शामिल हो गई हैं। पूर्व अकाली मंत्री जागीर कौर वर्ष 1999, 2004 और 2020 में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) की अध्यक्ष थीं। उन्हें नवंबर 2022 में शिअद से निष्कासित कर दिया गया था। वह 2022 में एसजीपीसी अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के अपने रुख पर अड़ी थीं, जिसके बाद उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया था।

# केंद्र ने अश्लील कंटेंट दिखाने वाले 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लगाया बैन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अश्लील सामग्री दिखाने वाले ओटीटी प्लेटफार्म और वेबसाइट्स के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने वीरवार को 18 ओटीटी प्लेटफार्म को ब्लॉक कर दिया। इसके साथ 19 वेबसाइट, 10 ऐप्स (जिसमें गूगल प्ले स्टोर पर सात, एपल एप्स स्टोर पर तीन) और इन प्लेटफार्म से जुड़े 57 सोशल मीडिया अकाउंट भी ब्लॉक किए गए हैं।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर के अनुसार, ब्लॉक किए गए 18 ओटीटी प्लेटफार्म में ड्रीम्स फिल्म, न्योन एक्स वीआईपी, मूड एक्स, हंटर, रैबिट, प्राइम प्ले शामिल हैं। फेसबुक से 12 अकाउंट, इंस्टाग्राम से 17, ट्वीटर (एक्स) से 16 और यूट्यूब से 12 अकाउंट हटाए गए हैं। यह फैसला केंद्र सरकार के अन्य मंत्रालयों/विभागों के परामर्श से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के तहत लिया है।

**19 वेबसाइट, 10 ऐप्स और 57 सोशल मीडिया हैंडल भी ब्लॉक**

**निशाना** डरा हुआ सत्ता पक्ष कर रहा उल्टी-सीधी घोषणाएं, अपनी ही सरकार से मंत्री-विधायक नाराज

# सीएए बिल को धर्म विशेष से जोड़कर देखना गलत: सत्ती

**राजेश शर्मा, ऊना**

**भाजपा** के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सत्ती ने कहा कि सीएए बिल को किसी धर्म विशेष से जोड़कर देखा जाना गलत है। इस बिल के आने से गैरकानूनी तरीके से भारत में रह रहे रोहिंग्या वर्ग के लोगों को देश से बाहर जाना पड़ेगा। इस बिल में छह वर्गों के लोगों को शामिल किया गया है, जो प्रताड़ित हैं।

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में कई ऐसे हिंदू हैं, जिनके साथ अत्याचार होता है और ऐसे बिल से उनको राहत मिलेगी। सत्ती ने दावा किया कि प्रदेश में चारों लोकसभा की सीटों पर भाजपा प्रत्याशी रिकॉर्ड जीत हासिल करेंगे। हिमाचल में कांग्रेस के नेता माहौल देखकर चुनाव से भाग रहे हैं। यहां तक कि मंडी से कांग्रेस की सांसद प्रतिभा सिंह का भी चुनाव लड़ने पर संशय बरकरार है। (अनंत ज्ञान)



### अवैध खनन में कांग्रेस के लोगों का हाथ

**सत्ती** ने कहा कि मुख्यमंत्री अवैध खनन बंद करवाने का दावा करते हैं, लेकिन स्वां नदी में जमकर अवैध खनन में कांग्रेस के लोगों का हाथ है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने स्वां नदी तटीकरण योजना से हजारों एकड़ भूमि को कृषि योग्य बनाया था और वर्तमान सरकार के समय में यहां कुछ लोग क्रशर लगाने की योजना बना रहे हैं। ऐसा होता है तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी और इसका पूरा विरोध होगा।

### कांग्रेस को नहीं मिल रहे उम्मीदवार

**सत्ती** ने कहा कि मोदी सरकार का जलवा बरकरार है और जैसे चुनाव पूर्व सर्वेक्षण आ रहे हैं, उसमें हिमाचल में फिर से भाजपा देशभर में रिकॉर्ड मत प्रतिशत हासिल करने जा रही है। हिमाचल सरकार में अफरा-तफरी का माहौल है। हिमाचल में कांग्रेस को लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के समय में रेल नेटवर्क मजबूत हुआ है और शुक्रवार को एक और नई ट्रेन इंदौर के लिए शुरू होने जा रही है। इसके अलावा अनुराग ठाकुर ने ऊना जिले के विकास के लिए करोड़ों रुपए की निधि आवंटित की है।

### कांग्रेस में अपनी ही सरकार से कई नेता नाराज

**सत्ती** ने कहा कि झूठ बोलकर सत्ता में आई कांग्रेस के नेताओं की अपनी ही सरकार के खिलाफ नाराजगी जगजाहिर हो चुकी है। हिमाचल में डरा हुआ सत्ता पक्ष उल्टे-सीधे हथकंडे अपनाते हुए झूठी घोषणाएं कर रहा है। मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को पहले जनता के सामने आकर यह स्पष्ट करना होगा कि चुनावों के समय महिलाओं से भरवाए गए आवेदनों का क्या हुआ। सत्ता हथियाने के लिए कांग्रेस ने झूठे फॉर्म भरवाए थे, और कुछ पैसे बांटकर लालच देकर सरकार बनाई थी। अपनी ही सरकार से विधायक और मंत्री नाराज होकर विरोध कर रहे हैं। कई चले गए हैं और कुछ जाने को तैयार हैं। कांग्रेस में माफिया हावी हुआ है, जिसके कारण ईमानदार लोग पार्टी से लगातार किनारा कर रहे हैं।

# सीएए कभी वापस नहीं होगा : शाह

## विपक्ष को दिया जवाब, बोले- इसे रद्द करना मुश्किल, नहीं होगा समझौता

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीएए कानून कभी भी वापस नहीं लिया जाएगा। देश में भारतीय नागरिकता सुनिश्चित करना हमारा संप्रभु अधिकार है। सीएए को रद्द करना मुश्किल है और हम इस पर कभी भी समझौता नहीं करेंगे। विपक्ष को जवाब देते हुए शाह ने कहा कि सीएए मोदी सरकार की ओर से लाया गया है और इसे वापस लेना असंभव है। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून का कोई भी प्रावधान संविधान का उल्लंघन नहीं करता है। संविधान का अनुच्छेद-11 संसद को नागरिकता से संबंधित नियम बनाने की सारी ताकत देता है। मुझे लगता है कि चुनाव के बाद सभी इस मामले में सहयोग करेंगे और वे सिर्फ अभी अफवाह फैला रहे हैं।

### ममता बनर्जी को चैलेंज करता हूं

**शाह** ने कहा कि ममता बनर्जी राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर राजनीति कर रही हैं और लोग उनका साथ नहीं देंगे। मैं ममता बनर्जी को चैलेंज करता हूं कि वह बताएं इस एक्ट का कौन सा नियम किसी की नागरिकता छीन रहा है। वोट बैंक के लिए हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच दूरी और डर बना रही हैं।

### सीएए पर कांग्रेस का पक्ष साफ करें राहुल

**मैं** राहुल से कहना चाहता हूं कि वे पब्लिक प्लेटफॉर्म पर आएं और बताएं कि उन्हें और उनकी पार्टी को सीएए से क्या परेशानी है। वह क्यों इसका विरोध कर रहे हैं। राजनीति में आपको अपने फैसलों के पीछे का कारण बताना पड़ता है। आपको अपने विरोध का कारण बताना चाहिए।

### केजरीवाल घुसपैठियों की बात क्यों नहीं करते

**केजरीवाल** को नहीं पता है कि यह कानून शरणार्थियों को नागरिकता देगा, जो 2014 से पहले से यहां रह रहे हैं। केजरीवाल इतने ही परेशान हैं, तो वो बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात क्यों नहीं करते हैं। रोहिंग्या का विरोध क्यों नहीं करते।


# बिलासपुर अस्पताल में मरीजों के सैंपल हो रहे गुम

**शुभम राही, बिलासपुर**

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में कृष्णा लैब मरीजों के स्वास्थ्य के साथ एक बड़ा खिलवाड़ कर रही है। यहां पर लैब प्रबंधकों द्वारा मरीजों के सैंपलों को आए दिन गुम किया जा रहा है। प्रतिदिन गुम हो रहे सैंपलों की वजह से मरीजों को अपनी टेस्ट रिपोर्ट नहीं मिल रही है साथ ही मरीजों को दिन में दो से तीन बार अपने सैंपल देने पड़ रहे है। वहीं, हैरानी की बात यह है कि इस लापरवाही को सही करने में लैब प्रबंधक कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है।

**एमएस के पास पहुंची शिकायत**

## लोगों के स्वास्थ्य के साथ बड़ा खिलवाड़



कृष्णा लेब का बाहरी दृश्य।

यहीं नहीं, लैब में अगर मरीज अपने रिपोर्ट लाने के लिए जा रहा है तो लैब प्रबंधकों के पास रिपोर्ट देने के लिए एक व्हाइट पेपर तक उपलब्ध नहीं है। यह पेपर भी मरीजों को अपने साथ लेकर जाना पड़ रहा है। हैरानी की बात तो तब सामने आती है जब इसके बारे में लैब प्रबंधकों को बताई जाती है तो उनके द्वारा कहा जाता है कि उनके पास स्कैन करने के लिए व्हाइट पेपर नहीं है। जिला के सबसे बड़े अस्पताल में इन तरह से निजी लैब द्वारा की जा रही लापरवाही का खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं, लैब में मरीजों के सैंपल गुम करने की बकायद लिखित शिकायत अस्पताल प्रशासन के पास भी पहुंची हुई है।

गौरतलब है कि सरकार द्वारा प्रदेश भर के अस्पतालों में क्रस्ना लैब को नि:शुल्क टेस्ट करने की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

हालांकि कुछ समय पहले लैब काफी समय के लिए बंद हो गई थी, जिससे मरीजों को अपने टेस्ट सरकारी लैब या फिर निजी लैब में जाकर करवाने पड़ रहे थे। परंतु अब बिलासपुर अस्पताल में शुरू हुई सुविधा के बाद इस तरह की लापरवाही कई प्रश्न खड़े कर रही है। सवाल यह भी पैदा होता है कि आए दिन अगर इस तरह से सैंपल गुम किए जा रहे हैं तो फिर अब तक कितने सैंपल गुम हो गए होंने। वहीं, दूसरी ओर अगर सैंपल गुम हो सकते हैं तो फिर सैंपल इधर से उधर भी हो सकते हैं। अगर सैंपल किसी अन्य का और रिपोर्ट किसी अन्य की मरीजों को सौंप दी जाती है तो इसका खामियाजा क्या होगा। इस तरह कई सवाल उठने से कहीं न कहीं लैब प्रबंधकों की सबसे बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। (अनंत ज्ञान)

### करोड़ों की लैब में नहीं व्हाइट पेपर

**हैरानी** की बात तब भी सामने आ जाती है जब करोड़ों रुपए की लागत से तैयार की गई लैब में एक रुपए का व्हाइट पेपर तक नहीं है। मरीजों को अपने सैंपल की रिपोर्ट लेने के लिए अपने साथ या तो व्हाइट पेपर लाना पड़ता है या फिर अपनी पर्ची के बैक साइट पर ही रिपोर्ट स्कैन करवाई पड़ रही है। इस तरह से क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में बरती जा रही लापरवाही के चलते लैब प्रबंधकों पर सवालिया निशान खड़े हो रहें हैं।

### मामले पर गहनता से होगी जांच : एके सिंह



एमएस बिलासपुर एके सिंह का कहना है कि यह बिल्कुल गलत है और इस तरह से मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा। इस संदर्भ में शिकायत भी पहुंची है और इस सारे मामले पर गहनता से जांच की जाएगी। इस सारे मामले की जांच की जाएगी। इस संदर्भ में लैब प्रबंधक को तलब भी किया जाएगा।

# आरती गुप्ता बनी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की नई निदेशक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में अतिरिक्त निदेशक पद पर तैनात आरती गुप्ता को निदेशक पद पर पदोन्नत किया है। विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशों पर आरती गुप्ता को पदोन्नत कर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का निदेशक बनाया गया है। इस संबंध में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की ओर से वीरवार को अधिसूचना जारी की गई है। आरती गुप्ता सूचना व जनसम्पर्क विभाग की ऐसी 11वीं निदेशक हैं, जो विभाग से पदोन्नत होकर निदेशक के पद पर आसीन हुई हैं। आरती गुप्ता पूर्व सीएम प्रो प्रेम कुमार धूमल की प्रैस सचिव व राजभवन में राज्यपाल की प्रैस सचिव भी रह चुकी हैं।

# कार से चरस, अफीम और नशीली दवा बरामद, चालक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। आरोपी कार में नशीले पदार्थ लेकर जा रहा था। शिमला की बालूगंज पुलिस ने बुधवार रात क्रासिंग के पास कार (एचपी 11ए- 8804) की तलाशी ली। कार से 40.97 ग्राम अफीम 20.18 ग्राम चरस व 456 नशीली दवाई की गोलियां बरामद हुईं। आरोपित कार चालक की पहचान सोलन जिला के शायरी निवासी चमन लाल के रूप में हुई है। एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## हैप्पी बर्थडे


भनबाड के जगत राम और भबना को जन्मदिन की हार्दिक बधाई

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

## न्यूज ब्रीफ

### भवन नक्शों की स्वीकृति के लिए ऑटो-डीसीआर प्रणाली शुरू

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां छः शहरी स्थानीय निकायों और शहरी एवं नगर नियोजन विभाग के अधीन आने वाले सभी नियोजन क्षेत्रों के लिए ऑनलाइन ऑटो-डीसीआर (विकास नियंत्रण विनियमन) बिल्डिंग परमिशन सिस्टम का शुभारम्भ किया। इस प्रणाली के माध्यम से भवन निर्माण की अनुमति पहले की अपेक्षा शीघ्र मिलेगी। इस ऑनलाइन प्रणाली में भवनों के नक्शे कम्प्यूटर द्वारा जांचे जाएंगे। छः शहरी स्थानीय निकाय, नगर निगम शिमला एवं सोलन, बददी-बरोटीवाला-नालागढ़ विकास प्राधिकरण, नगर परिषद ठियोग व बद्दी, नगर पंचायत अर्की के अलावा शहरी एवं नगर नियोजन विभाग के अधीन आने वाले सभी नियोजन क्षेत्रों में इस प्रणाली के शुरू होने से आम लोगों को राहत मिलेगी।

### मुख्यमंत्री के निजी सचिव बने कमल किशोर शर्मा



**शिमला।** कमल किशोर शर्मा को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का निजी सचिव बनाया गया है। इससे पहले कमल किशोर मुख्यमंत्री कार्यालय में ही मुख्यमंवत्री के निजी सहायक के पद तैनात थे जहां से उन्हें निजी सचिव के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। इस संबंध में सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी है।

# आयोग के 'निजाम' को स्टाफिंग पैटर्न नहीं

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

- अंडर सेक्रेटरी, असिस्टेंट रजिस्ट्रार एसओ के पद अभी खाली
- स्टाफिंग पैटर्न व्यवस्थागत ढांचे में दिख रही कमी



सरकार द्वारा गठित किए गए नए राज्य चयन आयोग में 'रूल्स ऑफ बिजनस' तो नोटिफाई हो गए हैं, लेकिन 'स्टाफिंग पैटर्न' के अभाव में इसका 'निजाम' कैसे बदलेगा? अंदरुनी ढांचा भी यहां अभी मुकम्मल तौर पर सजा-धजा नहीं है। ऐसे में ऊहापोह की स्थिति बरकरार दिख रही है। लोकसभा चुनावों की डुगडुगी बजने वाली है, इसलिए भीतरी व्यवस्था की 'सजावट' में अभी कई पेंच दिख रहे हैं।

स्टाफिंग पैटर्न में उन सारी चीजों की क्लीयरेंस होती है। कितने सुपरिंटेंडेंट और अन्य स्टाफ होगा? किस-किस की क्या जिम्मेदारी होगी। यानी, ढांचा किस स्वरूप का होगा, उसके हिसाब से पद सृजित होते हैं। स्टाफिंग पैटर्न व्यवस्थागत ढांचे को बेहतर बनाने की बुनियाद होती है। इसकी कमी यहां दिख रही है।

अंडर सेक्रेटरी, अस्सिटेंट रजिस्ट्रार और सेक्शन ऑफिसर के महत्वपूर्ण पद भी आयोग में हैं। रूल्स आफ बिजनेस में इनका जिक्र भी है। लेकिन यह पद कब भरे जाएंगे? (अनंत ज्ञान)

### आरोपियों ने जमानत मिलने के बाद की ज्वाइनिंग

आयोग की नैया डुबाने वालों में प्रमुख रूप से जो आरोपी थे, उनमें तीनों को जमानत मिल चुकी है। लेकिन विडंबना यह है कि उन सभी की इस नए आयोग में ज्वाइनिंग भी हो गई है। यहां आरोपी अलग-अलग मामलों में विजिलेंस ने पिछले कुछ समय तक गिरफ्तार किए हुए थे। उन्हें जमानत मिल गई और इनकी ज्वाइनिंग भी इसी आयोग में की गई। हालांकि आयोग ने अब इन्हें घर भेज दिया है। इनको दफ्तर आने की मनाही कर दी गई है। क्योंकि इनका हेड क्वार्टर कहीं और जगह फिक्स होना था, इस पर अभी ऊहापोह की स्थिति है। इनमें एक महिला कर्मचारी और दूसरे दोनों पियून हैं। हालांकि जमानत पर रिहा हुए तत्कालीन सचिव जितेंद्र कंवर का हेड क्वार्टर शिमला में है।



"जिन आरोपियों ने यहां पर ज्वाइन किया है। उन्हें घर भेज दिया गया है। क्योंकि उनका हेड [ र्टर फिक्स नहीं था, इसलिए सरकार को पत्र लिखा गया है ताकि स्थिति क्लियर हो सके। स्टाफिंग पैटर्न को लेकर भी सरकार को सारी स्थिति बता दी गई है। अब जैसे ही इसकी स्वीकृति मिलेगी, तभी पता चलेगा। लेकिन जेओए के पोस्ट कोड-817 के मामले को लेकर सरकार ने रिजल्ट निकालने का जो फैसला लिया है, उसकी चिट्ठी की फिलहाल इंतजार हो रहा है। उसके बाद तकरीबन 1500 अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंटेशन के लिए बुलाया जाएगा।
-आयोग के अधिकारी जितेंद्र सांजटा।

### क्या होगा आउटसोर्स स्टाफ का, स्टाफिंग पैटर्न के बाद होगी स्थिति स्पष्ट

21 फरवरी, 2023 को पुराने कर्मचारी चयन आयोग का सारा ढांचा पेपर स्कैम के बाद खत्म कर दिया गया था। पोस्ट एग्जिसटेंस भी नहीं रही थी। सरप्लस पूल में जितने भी कर्मचारी और अन्य स्टाफ था, उन्हें पर्सनल विभाग ने अलग-अलग विभागों में भेज दिया था। मगर अभी भी यहां तकरीबन 15 लोगों स्टाफ ऐसा है, जो 'रिटेन' किया हुआ है।
उसे इसलिए रखा गया था ताकि विजिलेंस विभाग द्वारा मांगे जाने वाले रिकॉर्ड को देने में आसानी रहे। यह सारा स्टाफ यहीं रहेगा या फिर दूसरी जगह शिफ्ट होगा? इस पर भी अभी स्थिति क्लियर नहीं है। आउटसोर्स स्टाफ का ढांचा क्या होगा? यह सारी स्थिति 'स्टाफिंग पैटर्न' लागू होने के बाद ही दिख पाएगी। ऐसे में कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है ।

# शिमला से किन्नौर तक केवल ड्रग माफिया : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार जब से बनी है तब से हिमाचल प्रदेश लगातार पीछे की ओर जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जनता का ध्यान असली मुद्दों से डाइवर्ट करने का काम शुरू किया है। उन्होंने कहा कि असली मुद्दा यह है कि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में आते ही सभी संस्थान बंद कर दिए। असली मुद्दा है कि 22 लाख बहनों को फूटी कौड़ी 15 महीने तक नहीं दी। असली मुद्दा है कि 1 लाख सरकारी नौकरियां देनी थी, परन्तु 10 हजार नौकरियां छीन ली।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज फिर एक मुद्दा ले कर जनता को जनता के विषयों से डाइवर्ट करने के लिए लगे है। जब कांग्रेस सरकार बनी तो कांग्रेस पार्टी ने कहना शुरू कर दिया कि सरकार का खजाना खाली-खजाना खाली, परन्तु असल बात यह है कि कांग्रेस सरकार ने झूठी गारंटिया दी थी, जनता को अपेक्षा थी जनता की अपेक्षा कहीं इधर उधर चली जाए, ध्यान बंटाने का काम शुरू कर दिया गया।

आज अब दोबारा से उन झूठी गारंटियों को एक नया पैकेट में लेकर के आ गए है। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अब गारंटियों के ऊपर एक नया कैप्सूल चढ़ा दिया और वो कैप्सूल चढ़ा दिया कि अप्रैल-मई के महीने से बहनों को पैसे मिलने शुरू हो जाए।

बिगड़ती कानून व्यवस्था, लॉ एंड ऑर्डर की हालत खराब है चंबा से लेकर सिरमौर तक और शिमला से किन्नौर केवल और केवल ड्रग माफिया है। उन्होंने कहा कि काठ की हांडी है वो दुबारा से नहीं चढ़ने वाली है। कांग्रेस सरकार ने किसी भी वर्ग के कल्याण के लिए कुछ भी नहीं किया केवल चंद लोग जो इनके चहेते है उनको छोड़ के।

# इंडिगो विमान की सेवा दो से शुरू



**गगल।** दो अप्रैल से गग्गल से लेकर चंडीगढ़ तक के लिए इंडिगो अपनी नई विमान सेवा शुरू करेगा जानकारी देते हुए एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया के इंडिगो की यह फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शनिवार को आया करेगी समय सारणी के बारे में उन्होंने बताया कि यह जहाज 2.10 पर गगल से चंडीगढ़ जाया करेगा । इसके चलते विमानों की संख्या आठ हो जाएगी।

# हाई-वे पर पलटी कार, ड्राइवर घायल

**जाहू।** उपमंडल भोरंज के तहत ऊना कलखर हाई-वे पर जाहू के पास वीरवार को कार की जोरदार टक्कर एक मकान की दीवार से हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी बीच सड़क पर ही पलट गई। गनीमत यह रही ड्राइवर को चोट नहीं आई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस में इसकी शिकायत नहीं कि गई थी।


हाइ-वे पर हादसाग्रस्त कार।

# कांग्रेस के नेगेटिव कैंपेन का पॉजिटिव जवाब दें कार्यकर्ता : चेतन

**दशमी रावत, रोहड़ू**

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के बेनर तले आयोजित कार्यक्रम किसान ग्राम परिक्रमा का आयोजन कोटखाई क्षेत्र की देवगढ़ पंचायत के बागी गांव में किया गया, जिसमें कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा विशेष रूप से मौजूद रहे।

बरागटा ने ग्रामीणों को मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं यदि गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं तक सही ढंग से पहुंच गई होगी तो लक्ष्य को हम आसानी से हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेगेटिव कैंपेन का कार्यकर्ता पॉजिटिव जवाब दें। लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी जुब्बल नावर कोटखाई एक्शन मोड में आ गई है। प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि अब कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं।

चेतन बरागटा नेविधानसभा क्षेत्र जुब्बल नावर कोटखाई से रिकार्ड जीत के साथ भाजपा के प्रत्याशी सुरेश कश्यप को विजय दिलाने का भी आह्वान किया है।

# एचपीसीए के खलाड़ी हाईपरफॉर्मेंस व एनसीए कैंप के लिए चयनित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट अकादमी के 2 खिलाड़ियों का चयन हाईपरफॉर्मेंस कैंप और एनसीए कैंप के लिए चयन हुआ है। सोलन के नौनीहाल हाई परफॉर्मेंस कैंप में भाग लेंगे वहीं सिरमौर के जपनीत सिंह एनसीए कैंप में भाग लेंगें।

राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी एनसीए अंडर-16 क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए 13 मई से 6 जून तक हाई परफॉर्मेंस कैंप का आयोजन करने जा रही है। यह आयोजन बेंगलुरू में होगा। साथ ही खिलाड़ियों के लिए एनसीए कैंप का भी आयोजन 19 अप्रैस से 15 मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

# खाई में टिप्पर गिरने से चालक की मौत

**मंडी।** पुलिस थाना हटली के अंतर्गत एक टिप्पर नम्बर एचपी 56-5740 जिसे सुनील कुमार पुत्र साध राम निवासी गांव थडू सरौन डाकघर कांगू का गैहरा तहसील सरकाघाट जिला मंडी चला रहा था। टिप्पर चालक टिप्पर सहित सड़क से करीब 50 मीटर नीचे खेतों मे गिर गया। इस घटना में चालक सुनील कुमार घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों की मदद से ईलाज के लिए सिविल अस्पताल सुंदरनगर ले जाया गया, जहां पर डॉक्टर द्वारा सुनील कुमार उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया। एएसपी सागर चंद्र ने बताया कि इस संबंध मे पुलिस थाना हटली मे अभियोग पंजीकृत किया गया है और मामले कि जांच कि जा रही है।

## सिने जगत

# 'आर्टिकल 370' ने कमाए 68.20 करोड़


यामी गौतम

**मुंबई।** यामी गौतम एक्शन स्टारर फिल्म 'आर्टिकल 370' पर दर्शक जमकर प्यार लुटा रहे हैं। रिलीज के 20 दिन बीत जाने के बाद इस फिल्म ने अब तक 68.20 करोड़ की कमाई कर ली है। 23 फरवरी को




रिलीज हुई फिल्म का डायरेक्शन आदित्य सुहास जंभाले ने किया है, तो वहीं यामी गौतम के पति आदित्य धर ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म में यामी गौतम ने एक खुफिया अधिकारी का रोल प्ले किया है। वहीं, अरुण गोविल फिल्म में पीएम नरेंद्र मोदी के किरदार में नजर आ रहे हैं। प्रियामणि ने भी 'आर्टिकल 370' में अहम रोल निभाया है। इस फिल्म का बजट 20 करोड़ बताया जा रहा है।


# सीएए का विरोध करने वालों को कंगना ने दिया करारा जवाब

**मुंबई।** नागरिकता संशोधन अधिनियम यानी सीएए का विरोध करने वालों को बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा कि इससे पहले कि आप सीएए के बारे में कोई राय या भावना बनाएं। पहले यह समझें कि इसका मतलब क्या है? उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के साथ प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की एक तस्वीर शेयर करने के लिए इंस्टाग्राम स्टोरीज का सहारा लिया।



## एकता की फिल्म से उर्फी जावेद करेंगी बॉलीवुड डेब्यू

**मुंबई।** एकता कपूर की मशहूर फिल्म 'लव सेक्स और धोखा 2' के सीक्वेल से फैशन और यूनिक अंदाज के लिए जानी जाने वाली उर्फी जावेद अब बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। उर्फी इसके पहले



टीवी पर काम कर चुकी हैं और वह एक संस्कारी बहू के किरदार में खुद को पेश कर चुकी हैं। उर्फी इस किरदार के लिए परफेक्ट मानी जा रही हैं, क्योंकि वह सोशल मीडिया के कारण भारत में पॉपुलर हुई हैं। सेक्स और धोखा 2 से उर्फी की किस्मत चमकने वाली है।

# 59 साल के हुए आमिर खान

## एक्स वाइफ किरण राव के साथ मनाया जश्न



*__मुंबई।__ बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट यानी आमिर खान 59 साल के हो गए हैं। 14 मार्च 1965 को मुंबई में आमिर का जन्म हुआ था। अपने जन्मदिन के मौके पर आमिर खान ने सांताक्रूज स्थित अपने ऑफिस के बाहर आकर मीडिया के सामने केक काटकर जश्न मनाया। इस दौरान आमिर खान के साथ उनकी एक्स वाइफ किरण राव और उनके प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'लापता लेडीज' की स्टार कास्ट भी नजर आई। अपने बर्थडे के खास दिन पर आमिर ब्लैक टी-शर्ट और ब्लू डेनिम जींस पहने नजर आए। इस दौरान किरण राव भी बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने मल्टी कलर की ड्रेस पहनी हुई थीं। बता दें कि एक्टर ने केक काटने के बाद सबसे पहले किरण राव को खिलाया और किरण ने आमिर को। आमिर खान जल्द ही 'लाहौर 1947' को प्रोड्यूस करने वाले हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि 'लाहौर 1947' में सनी देओल लीड एक्टर के तौर पर नजर आएंगे।*

# हौसले के दम पर वंशी भाटिया की मायानगरी में उड़ान, मिला आसमान

- छोटे पर्दे पर अभिनय का लोहा मनवा रहे शाढ़ाबाई के युवा
- 9 साल से सावधान इंडिया, क्राइम पेट्रोल सहित 60 सीरियल में कर चुके हैं काम

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

बचपन से अभिनय का शौक था और तब कभी कभार स्कूल में नाटकों में भाग लेता था। जब कॉलेज में पहुंचा तो यह शौक धीरे-धीरे जुनून बन गया और फिर एड व शॉर्ट फिल्मों में काम करना शुरू किया। यह कहानी है मायानगरी में छोटे पर्दे पर अपने अभिनय के दम पर देश व प्रदेश में प्रतिभा का लोहा मनवा रहे कुल्लू जिले के शाढ़ाबाई के युवा बंसी भाटिया की। बकौल वंशी भाटिया, साधारण परिवार से होने के कारण शुरुआती दौर में अभिनय की कोई ट्रेंनिग नहीं ली, लेकिन जब मन में ठान लिया कि अभिनय के क्षेत्र में ही करियर बनाना है तो फिर कुल्लू के प्रसिद्ध रंगकर्मी के साथ जुड़कर अभिनय के गुर सीखे। बंसी भाटिया पिछले नौ साल से करीब 60 से अधिक टीवी सीरियल में अभिनय कर चुके हैं, जिनमें सोनी चैनल पर क्राइम पेट्रोल,दंगल, क्राइम अलर्ट,अशोका, गंगा सहित अन्य विभिन्न सीरियल हैं। हालांकि इन सीरियल में उन्हें अधिकतर नेगेटिव रोल मिले, लेकिन क्राइम शो से ही उन्हें पहचान मिली और आज छोटे पर्दे पर क्राइम शो का उन्हें किंग कहा जाता है। बंसी भाटिया ने स्टार प्लस पर विद्रोही सीरियल में जोकि ओडिशा में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शोषणकारी नीतियों के खिलाफ ओडिशा की पाइक समुदाय के साहस और बलिदान पर आधारित है, जिसमें बंसी निलादरी नाम के युवक की भूमिका निभाई थी।



### युवाओं से अभिनय की दुनिया में अपना करियर बनाने का आह्वान

**वर्तमान** में वंशी भाटिया शमारो टीवी क्राइम वर्ल्ड, इशारा टीवी पर क्राइम फाइल्स के लिए अभिनय कर रहे हैं, जबकि डीडी नेशनल पर आने वाले एक शो में सूर्या देवा के रूप में अभिनय करते हुए नजर आएंगे। शाढ़ाबाई में पिता हंसराज व माता शकुंतला देवी के घर पैदा हुए बंसी भाटिया के अनुसार, उनका मायानगरी में कोई भी गॉड फादर नहीं था और न है। जब वह मुंबई पहुंचे तो खुद को स्थापित करने के लिए उनका सामना कई चुनौतियों से हुआ। इन दिनों शाढ़ाबाई आए बंसी भाटिया ने अनंत ज्ञान के माध्यम से प्रदेश व जिला के युवाओं से अभिनय की दुनिया में अपना करियर बनाने का आह्वान किया है, लेकिन इसके लिए स्ट्रगल, पेशेंस और मेहनत जरूरी है। उन्होंने बताया की इसमें हर रोज स्ट्रगल है, खाने-पीने से लेकर फिटनेस पर ध्यान देना जरूरी है।

### रंगकर्मी केहर सिंह से सीखी बारीकियां

**बंसी** भाटिया नौ साल पहले कुल्लू की प्रसिद्ध एक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन के मुखिया केहर सिंह से अभिनय के गुर सीखे हैं।

### शुरुआती दौर में झेली कई परेशानियां

**शुरुआती** दौर में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा, लेकिन खुद पर भरोसा था और सभी परेशानियों को झेलते हुए आगे बढ़ते गए।

# धर्मशाला में 90 दिन में पहुंचे 110 देशों के 7500 क्रिकेट प्रेमी और पर्यटक

## प्रदेश का ब्रांड एंबेसडर बनकर चमका क्रिकेट स्टेडियम

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**धर्मशाला** दशकों से देशी तथा विदेशी यायावरों की पसंदीदा सैरगाह रहा है। धूप में चांदी से चमकते तो बादलों के घेरे श्वेत दिखने वाले धौलाधार के हिमाच्छादित ऊंचे पहाड़ों की पृष्ठभूमि के आगे बसा ये क्षेत्र काफी सुंदर है।

सुंदरता के मामले में दुनिया भर में छाया हुआ यहां का क्रिकेट स्टेडियम प्रदेश का ब्रांड एंबेसडर बन कर उभरा है। इस क्रिकेट स्टेडियम ने विश्व कप 2023 के 5 मैचों के अलावा यहां हाल ही में 25 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के सफल आयोजन का सफर पूरा किया। ये स्टेडियम विश्व भर के क्रिकेट प्रेमियों तथा सैलानियों को खासा लुभा रहा है। आंकड़ों की पुष्टि करते हुए एफआरओ का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि इस साल अब तक 7500 के लगभग विदेशी सैलानी धर्मशाला पहुंचे हैं। उन्होंने माना कि इन आंकड़ों में क्रिकेट प्रेमियों की बड़ी संख्या में शामिल रहे। वहीं, यहां 90 दिन में 110 देशों के सैलानियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई है। (अनंत ज्ञान)

### इंग्लैंड से पहुंचे सबसे ज्यादा सैलानी

**इंग्लैंड** की हार के बाद बार्मी आर्मी ने देर शाम तक होटल सेंटर प्वाइंट के टैरेस पर एक के बाद कई गाने गाकर सीरीज के समापन को मनाया तथा धर्मशाला के 25 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के सफर के पूरा होने पर एचपीसीए के साथ दोस्ताना मैच भी मैदान में खेला। खैर, आंकडों पर गौर करें तो इस साल अब तक इंग्लैंड के 2449 के आंकड़े के साथ सबसे ज्यादा सैलानी पहुंचे। दूसरे नंबर पर 975 के साथ अमरीका तो तीसरे नंबर पर 424 सैलानियों के आंकड़े के साथ आस्ट्रेलिया है।


धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम का फाइल फोटो।

### 2024 रोजाना पहुंच रहे करीब 100 सैलानी

औसत आमद की बात करें तो साल 2024 में अब तक अढ़ाई माह में औसतन यहां रोजाना करीब 100 विदेशी सैलानी पहुंच रहे हैं। हालांकि हाल ही में संपन्न भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट मैच के दौरान काफी संख्यां में विदेशी सैलानियों ने धर्मशाला का रुख किया।


### किस-किस देश से आए दर्शक

इस साल जनवरी माह से धर्मशाला में अल्बानिया के 5, अर्जेंटिना के 149, अर्मेनिया के एक, आस्ट्रेलिया के 424, आस्ट्रिया के 47, बांग्लादेश के 10, बेलारूस के 9, बेल्जियम के 54, भूटान के 2, बोलिविया के 2, बोस्निया हरजेगोबिना के 2, बोटसवाना के 1, ब्राजील के 105, ब्रिटिश इंडियन ओसियन टेराटरी के 147, ब्रुनेई दरूसलाम के 1, बुल्गारिया के 9, कैमरून के 2, कनाडा के 181, चीली के 13, चीन के 17, कोलम्बिया के 20, कोंगो के 10, कोस्टा रिका 2 तथा क्रोएशिया के 2 पर्यटकों ने धर्मशाला का रूख किया। इसके अलावा साइप्रस के 2, क्यूबा के 1, चेक रिपब्लिक 24, डेनमार्क 19, डोमिनिका के 2, डोमिनिकन रिपब्लिक के 1, एक्वाडोर के 5, इजिप्ट के 8, एस्टोनिया के 3, इथोपिया के 3, फिजी के 1, फिनलैंड के 6, फ्रांस के 227, जर्मनी के 279, ग्रीस के 7, होंगकोंग के 1, हंगरी के 6, आइसलैंड के 8, इंडोनेशिया के 8, ईरान के 2, आयरलैंड 267, आईजल ऑफ मैन के 3, इजरायल के 33, इटली के 78, जमैका के 1, जापान के 80, जर्सी के 2, जॉर्डन के 1, कजाकिस्तान के 9, केन्या के 18, उत्तर कोरिया के 6 तथा दक्षिण कोरिया के 96 पर्यटक पहुंचे। किर्गीस्तान के 3, लाओस के 1, लातविया के 4, लेबनान के 1, लिथुआनिया 21, लक्जमबर्ग के 1, मालावी के 1, मलेशिया के 86, मालदीव के 2, मॉरिशस के 13, मेक्सिको के 44, मंगोलिया के 84, मोरक्को के 1, नेपाल के 6, नीदरलैंड के 82, न्यूजीलैंड के 54, नोर्वे के 5, ओमान के 2, फिलिपींस के 10, पोलैंड के 39, पुर्तगाल 10, मैकेडोनिया के 4, रोमानिया के 7, रशिया के 221, रवांडा के 1, सऊदी अरब के 1, सर्विया के 22, सिंगापुर के 49, स्लोवाक रिपब्लिक के 2, स्लोवेनिया के 2, साऊथ अफ्रीका के 59 तथा स्पेन के 71 सैलानी इस साल अब तक धर्मशाला पहुंचे। इसके अलावा श्री लंका के 20, स्वीडन के 16, स्विट्जरलैंड के 89, ताईवान के 46, तंजानिया के 5, तजाकिस्तान के 1, थाईलैंड के 94, तिब्बत के 1, त्रिनिदाद एंड टोबागो के 2, तुर्की के 2, यूक्रेन के 7, यूएई के 21, इंग्लैंड के 2449, यूएस के 975, उज्बेकिस्तान के 12, वियेतनाम के 122, यमन के 1, जिंबाबे के 1 पर्यटक ने धर्मशाला पहुंच कर क्रिकेट मैच तथा यहां की सुंदरता ओर ट्रेकिंग व पेराग्लाइडिंग जैसे रोमांच का मजा लिया।

# लोगों से विश्वासघात करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी: सुक्खू

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला कांगड़ा के पालमपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पालमपुर में बीडीओ कार्यालय परिसर, अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय कार्यालय निर्माण के लिए समुचित धन का प्रावधान करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने पालमपुर में शहीद स्मारक, पालमपुर अस्पताल में एमआरआई मशीन स्थापित करने तथा ऑपरेशन थियेटर का निर्माण करने, शहर के लिए सीवरेज स्कीम, ओबीसी भवन, पालमपुर बस अड्डे के विस्तारीकरण के लिए पर्याप्त धनराशि प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने रेलवे ओवरब्रिज बदेहड़-पट्टी रोड पर पुल का निर्माण, लिंगटी खड्ड-नगरी मणिमहेश सड़क, नागनी से लसेडु चिम्बलहार पुल के निर्माण तथा राजपुर गोस्वामी गणेश दत्त कॉलेज के निकट रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की घोषणा भी की। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भविष्य में पालमपुर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए और अधिक धनराशि खर्च की जाएगी, जिसका ब्लूप्रिंट तैयार किया जा रहा है और आने वाले समय में पालमपुर का परिदृश्य बदलने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से कांगड़ा जिला का विकास विशेष प्राथमिकता रही है और इसी दिशा में अनेक योजनाएं बनाई जा रही हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कांगड़ा एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल, विधायक संजय रतन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बृज बिहारी लाल बुटेल आदि मौजूद रहे।



### जनता की ताकत से बना हूं मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सभा चुनाव के दौरान छह कांग्रेस विधायकों ने बागी बनकर क्रॉस वोटिंग की। उनमें कांगड़ा जिला के एक नेता भी शामिल हैं, जो स्वयं भी सरकार में मंत्री और युवा कांग्रेस के महासचिव रहे, लेकिन उन्होंने पार्टी को आघात पहुंचाया उन्होंने कहा कि कुछ लोग बिना सत्ता के छटपटा रहे हैं, जबकि मैंने 35 साल संघर्ष किया है और वह षड्यंत्रों से घबराने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता विश्वास का हनन करने वालों को कभी माफ नहीं करेगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर आम आदमी के विश्वास के लिए धन का प्रावधान कर रही है जबकि कुछ लोग पैसा खर्च कर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठना चाहते हैं। ऐसे लोग जनता की क्या सेवा करेंगे। आज अगर में मुख्यमंत्री बना हूं तो यह जनता की ताकत है। धन-बल से कुर्सी की चाह रखने वालों को हिमाचल प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। वर्तमान सरकार पूरे पांच साल जन सेवा करेगी और पूरी ईमानदारी के साथ काम करेगी।

# सीएम ने पालमपुर को दी 302 करोड़ की सौगात

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने कांगड़ा जिले में किए करोड़ों के शिलान्यास व उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को कांगड़ा जिला के अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान पालमपुर, जयसिंहपुर और सुलह विधानसभा क्षेत्र में 509 करोड़ 18 लाख की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन तथा शिलान्यास किए।

इस दौरान उन्होंने जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 140 करोड़ 67 लाख, पालमपुर क्षेत्र में 302 करोड़ 51 लाख तथा सुलह विधानसभा क्षेत्र में लगभग 66 करोड़ के विकास कार्यों के उद्घाटन-शिलान्यास किए।


विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### बहु-उद्देशीय इंडोर स्टेडियम का किया शिलान्यास

**मुख्यमंत्री** ने जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में 13 करोड़ 30 लाख रुपए से निर्मित दो परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 127 करोड़ 37 लाख से बनने वाली 15 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने दो करोड़ 26 लाख की लागत से निर्मित उपतहसील कार्यालय भवन आलमपुर तथा 11 करोड़ 4 लाख की लागत से जलजीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित उठाऊ पेयजल योजना, द्रमण जलग के उन्नयन कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने दो करोड़ 71 लाख की लागत से बनने वाले बहुतकनीकी तलवाड़ का सुविधा ब्लॉक, 10 करोड़ से बनने वाले बहु-उद्देशीय इंडोर स्टेडियम जयसिंहपुर का शिलान्यास किया।

### सीएम ने तीन परियोजनाओं के किए उद्घाटन

**इसके** बाद मुख्यमंत्री ने पालमपुर स्थित विला कैमिलिया में 33 करोड़ 4 लाख रुपए की लागत से निर्मित जलशक्ति विभाग की तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं 269 करोड़ 47 लाख से बनने वाली विभिन्न विभागों की 18 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं, उन्होंने 25 करोड़ रुपये की लागत से बिंध नाले के निकटवर्ती इलाकों की वितरण प्रणाली और पालमपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पेयजल आपूर्ति योजना के सुधारीकरण कार्य, 2 करोड़ 78 लाख से गदियाड़ा, आसानपत और ब्रह्मत्रहेरू में घरेलू कनेक्शन प्रदान करने के लिए उठाऊ जल आपूर्ति योजना के सुधारीकरण कार्य, 5 करोड़ 17 लाख से द्रोग्नू के उद्घाटन किए।

### सुक्खू ने थुरल-बच्छवाई सड़क की दी सौगात


**मुख्यमंत्री** ने सुलह विधानसभा क्षेत्र में 59 करोड़ 34 लाख रुपए की लागत से निर्मित लोक निर्माण विभाग की दस परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 6 करोड़ 85 लाख रुपए से बनने वाली एक परियोजना का शिलान्यास किया। उन्होंने नाबार्ड के तहत 10 करोड़ 93 लाख रुपए की लागत से निर्मित थुरल बच्छवाई सड़क के शेष कार्य तथा न्यूगल खड्ड पर स्पैन पुल, 2 करोड़ 87 लाख रुपए से निर्मित संपर्क मार्ग समाना भरेश्वर मंदिर से भोडा, 5 करोड़ 81 लाख रुपए से निर्मित सरवा, कनालपट्ट, रमेहड़, भवारना, भाट्टी, समलेना रोड से लिंक रोड, 7 करोड़ 4 लाख रुपए से रड पनयाली से कोल्हरु, घमून, गलुही, कलुना तक लिंक रोड, 6 करोड़ 44 लाख रुपये से पनयाली से धलेरा खोली और भदरोल से झुंगा देवी मंदिर तक लिंक रोड के उन्नयन कार्य। 21 करोड़ तीन लाख रुपये से परौर धीरा नौरा से पुड़वा सड़क का विस्तारीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, 1 करोड़ 21 लाख रुपये से निर्मित प्रारंभिक शिक्षा खंड अधिकारी थुरल कार्यालय भवन का उद्घाटन किया।

# बैजनाथ-पपरोला नगर पंचायत को मिलेगा नया अध्यक्ष व उपाध्यक्ष

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

आखिरकार लंबे इंतजार के बाद बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत को नया अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिलने जा रहा है। प्रशासन ने इस महीने की 18 तारीख को बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव निर्धारित किए हैं। उपमंडल अधिकारी देवी सिंह ठाकुर ने बताया कि 18 मार्च को सुबह 11 बजे बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत के पार्षदों की बैठकर रखी गई है इसी बैठक में सदस्यों द्वारा नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बैठक में ही अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यक्ति का नाम किसी एक पार्षद द्वारा प्रपोज किया जाएगा। उसके बाद अन्य पार्षद द्वारा उसका अनुमोदन किया जाएगा इसके बाद उक्त व्यक्ति को अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ने का फॉर्म भरा जाएगा और उसी दिन चुनाव करवा दिए जाएगा। गौरतलब है कि बीते फरवरी की एक तारीख को बैजनाथ नगर पंचायत के 11 पार्षदों में से 6 पार्षदों ने अध्यक्ष कांता देवी तथा उपाध्यक्ष वेदना कुमारी के खिलाफ बगावत का बिगुल बजाते हुए डीसी कांगड़ा के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव का पत्र पेश किया था। डीसी कांगड़ा के आदेशों का पालन करते हुए एसडीएम बैजनाथ देवी सिंह ठाकुर ने 20 फरवरी को फ्लोर टेस्ट का समय दिया था। इसमें अध्यक्ष कांता देवी तथा उपाध्यक्ष वेदना कुमारी को हार का सामना करने के बाद अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी थी। इसके बाद एक महीने के भीतर नए अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चुनाव होना कानूनी तौर पर लाजमी था परंतु धीरे-धीरे समय व्यतीत होता जा रहा था परंतु चुनाव की तिथि का ऐलान नहीं हो पा रहा था। 20 मार्च को चुनाव होने की समय अवधि भी पूरी होने जा रही थी, परंतु चुनाव की तिथि का ऐलान नहीं हो रहा था ऐसे में हर किसी के जेहन में यही सवाल उठ रहा था की आखिरकार बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष कब मिलेगा।



अध्यक्ष और उपाध्यक्ष न होने की वजह से नगर पंचायत के विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे थे। अब चुनाव की तिथि का 20 मार्च को ऐलान होने पर जहां अविश्वास प्रस्ताव के मुख्य सूत्रधार वार्ड नंबर 3 के पार्षद अमित कपूर और उनकी पूरी टीम ने खुशी जाहिर की है तथा अपनी अगली रणनीति पर कार्य आरंभ कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# उद्घोषित आरोपी को पठानकोट से किया गिरफ्तार

**इंदौरा।** पीओ सेल नूरपुर टीम द्वारा माननीय जेएमआईसी इंदौरा द्वारा एक मुकदमे में कनसपाल पुत्र शिवराम निवासी अंदुरून डमटाल को कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक से लोन की अदायगी न किए जाने पर उसे मार्च 2013 में भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। इसके तहत कार्रवाई करते हुए उद्घोषित आरोपी को पठानकोट गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ए एस पी धर्मचंद वर्मा ने बताया कि आरोपी कंसपाल पर थाना डमटाल के अंतर्गत कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक लोन अदायगी न देने पर उसे भगोड़ा घोषित किया गया था। आरोपी के खिलाफ चालान पेश किए जाने पर आरोपी लगातार इधर-उधर भागता रहा। इसके तहत आरोपी कंसपाल को 2023 मार्च में उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया गया। इसके तहत एसपी नूरपुर अशोक रतन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार आरोपी को आज बैंक कॉलोनी पठानकोट से गिरफ्तार कर लिया गया तथा उसे डमटाल थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

# कांग्रेस के पास न नेता और न ही नीति: अनुराग

## गगल एयरपोर्ट पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, गगल**

कांग्रेस भले ही सत्ता में आने के लाख दावे करे लेकिन कांग्रेस के पास ना तो ऐसे नेता है और ना ही ऐसी नीति है जिसे जनता उसे सत्ता में लेकर आए आज यह बात एयरपोर्ट पर पत्रकारों से वार्तालाप में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कही। गग्गल एयरपोर्ट पहुंचने पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी बनकर रह गई है। अनुराग ने कहा के भावी लोकसभा चुनाव में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा भारी बहुमत से सत्ता में आएगी।

उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपा की नीतियों को दोनों को अच्छा समझते हैं यही कारण इसका प्रमाण है 2014 में भाजपा भारी बहुमत से सता में आई थी और 2019 में भी दिल्ली की सत्ता संभाली थी और अब 2024 के चुनाव भी बीजेपी के पक्ष में ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात है न तो 2014 में और न ही 2019 में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नहीं बन पाई थी।


रैली के दौरान बाइक चलाते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

### अनुराग ठाकुर ने बाइक रैली में लिया हिस्सा

**देहरा।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से अनुराग ठाकुर को पांचवीं बार टिकट मिली है। इसी के चलते केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने टिकट मिलने के बाद शत्रुनाशनी देवी मां बगलामुखी मंदिर में मां के दर्शन किए ओर जीत की कामना भी की। उसके बाद बीजेपी के देहरा जिला कार्यालय पहुंचकर भाजयुमो के कार्यक्रम में शिरकत की। अनुराग ठाकुर ने यहां से नशा मुक्ति सड़क सुरक्षा युक्त अभियान की शुरुआत भी की। इस दौरान यहां बाइक रैली की अगुआई करते बुलेट चलाते दिखे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर। वहीं, उनके पीछे पूर्व मंत्री रमेश धवाला भी बैठे। इस अभियान के तहत देहरा के युवाओं को हेल्मेट वितरित किए गए। वहीं, इस अभियान के अंतर्गत देहरा से बाजार से हनुमान चौक तक रैली निकालकर नशा मुक्ति तथा सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक भी किया गया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर युवाओं को नशे से दूर रहने व सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सड़क नियमों का पालन करने की युवाओं से अपील की।

## न्यूज ब्रीफ

### पांच ग्राम हेरोइन बरामद, मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत खुंभ फेक्टरी धारबग्गी, पंडोल रोड़ के पास संजीव राणा व अजय पाल सिंह निवासी सगनेहर चौंतडा से 5 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। उक्त दोनों आरोपियों ने यह हेरोईन वॉकिंग स्टिक में छिपाई हुई थी। पुलिस ने जब दोनों आरोपियों की तलाशी ली तो वॉकिंग स्टिक से हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने उक्त मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पुलिस ने 60 पेटी अवैध शराब की बरामद

**धर्मशाला।** पुलिस थाना ज्वालामुखी के तहत सब्जी मंडी गंजू दा बाग में गाड़ी से 5,40,000 एमएल देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में गाड़ी चालक डैनिस लिली निवासी दरवोड़ डाकघर गलोड़ तहसील नादौन जिला हमीरपुर व कुलदीप सिंह निवासी बदोली के विरूद्ध हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस को यह करीब 60 पेटी अवैध शराब पकड़ने में सफलता हासिल हुई है।

### बलेहड़ में बाइक की टक्कर से महिला घायल

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत बलेहड़ में बाइक की टक्कर से एक महिला घायल हो गई। महिला को तुरंत उपचार के लिए जोनल अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी हालत स्थिर है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार बाइक सवार मोहित कपूर निवासी मैंझा, पालमपुर लापरवाही से बाइक चला रहा था। इस दौरान सड़क पार कर रही एक महिला की उससे टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में द्वारकी देवी घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को जोनल अस्पताल पहुंचाया। उक्त मामले को पुलिस ने दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 2,600 एमएल अवैध देसी शराब जब्त

**धर्मशाला।** पुलिस थाना शाहपुर के तहत 39 मील में मनोज कुमार निवासी दरगेला की दुकान से 2,600 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस ने हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भदरेहड़ में गाड़ियों की पासिंग आज

**नगरोटा बगवां।** उपमंडल नगरोटा बगवां के अंतर्गत पंचायत घोडब के टीका भदरेहड़ में 15 मार्च को गाड़ियों की पासिंग एवं 16 मार्च को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। इसकी जानकारी नगरोटा बगवां के एसडीएम मुनीश शर्मा ने दी।

### ठगों ने महिला से लूटे 11,24,640 रुपए

**धर्मशाला।** साइबर थाना धर्मशाला के तहत दर्ज हुए एक मामले में एक महिला से 11, 24,640 रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। टेलीग्राम पर रिव्यू करने के नाम एक महिला से कुछ ऑनलाईन ठगों ने संपर्क किया। बड़े होटलों और रेस्तरां के रिव्यू करने के लिए उन्हें पैसे देने की बात कही गई। शुरू में तो ठगों ने महिला को पैसे अदा भी किए लेकिन बाद में कुछ टास्कस को पूरा करने के लिए महिला को पैसे निवेश करने की सलाह दी गई। पैसे निवेश होने के बाद ऑनलाईन ठगों ने फिर निवेश पैसे बढ़ा कर वापिस कर दिए। महिला ने बाद और अधिक पैसे निवेश कर दिए और पैसे निवेश करते-करते महिला ने करीब 11 लाख रुपए से अधिक निवेश कर डाले। उसके बाद ऑनलाइन ठग गायब हो गए। पुलिस ने उक्त मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**दिक्कत** — प्रदेश में कुल 13 पदों में से 3 पद रिक्त, निदेशालय में दो पद रिक्त

# कांगड़ा में पांच माह से जिला कल्याण अधिकारी का पद खाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला के अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विशेष रूप से सक्षम लोगों के कल्याण के लिए काम करने वाले कल्याण विभाग में जिला कल्याण अधिकारी का पद 5 माह से रिक्त पड़ा है। पूरे प्रदेश में जिला कल्याण अधिकारी के कुल 13 पदों में से 3 पद रिक्त पड़े हैं।

इनमें विभाग के निदेशालय के दो पद तथा जिला कांगड़ा का एक पद शामिल हैं। वहीं प्रदेश के लाहौल स्पिति में सीडीपीओ के पास ही चार्ज रहने की प्रदेश में व्यवस्था बनाई गई है। प्रदेश के सबसे बड़े जिले का अतिरिक्त कार्याभार पिछले कई दिनों से हमीरपुर के जिला कल्याण अधिकारी के पास है। इसके कारण लोगों को काम करवाने में देरी का सामना करना पड़ रहा है। कांगड़ा के जिला कल्याण अधिकारी के नवंबर में तबादले के बाद यहां पद रिक्त पड़ा है। प्रदेश के सबसे बड़े जिले में कुल 18 तहसील हैं तथा बड़ा जिला होने के कारण समस्याएं भी ज्यादा हैं। पद रिक्त होने के बाद से हमीरपुर के जिला कल्याण अधिकारी के पास ही कांगड़ा का कार्यभार दिया गया है। इसके चलते विभागिय कार्य में देरी हो रही है।

नई सेंक्शंस के अलावा कई अन्य विभागिय कार्यों के लिए जहां विभाग के कर्मचारियों को समस्या आती है तो दूसरी ओर लोगों का भी अपने कामों में देरी का सामना करना पड़ता है। वहीं अभी निकट भविष्य में नई भर्तीयों के होने तक इन पदों पर तैनाती होती नजर नहीं आती।

वहीं, जिला के अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और विशेष रूप से सक्षम लोगों के कल्याण के लिए काम करने वाले कल्याण विभाग में जिला कल्याण अधिकारी का पद 5 माह से रिक्त पड़ा है। पूरे प्रदेश में जिला कल्याण अधिकारी के कुल 13 पदों में से 3 पद रिक्त पड़े हैं।

- नई भर्तीयां शुरू होने के बाद ही भरे जाएंगे पद
- लोगों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

### क्या बोले- निदेशक प्रदीप ठाकुर



**प्रदेश** में रिक्त पड़े इस बारे में जब विभाग के शिमला स्थित निदेशक प्रदीप ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 13 पदों में से शिमला तथा कांगड़ा जिला में फिलहाल पद रिक्त पड़े हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में सरकार से पत्राचार किया गया है। उन्होंने कहा कि अब नई भर्तीयों के होने के बाद ये पद भर दिए जाएंगे।

# सीयू में पहला वोट देश के नाम कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला एनएसएस इकाई द्वारा मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विवेक शर्मा के संयोजन में एनएसएस इकाई ने इकाई दो के साथ सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र में मुख्यातिथि के रूप में प्रो. सुमन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त एनएसएस समन्वयक डॉ. मलकीयत सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन से हुआ, जिसमें स्वयंसेवक शिशुपाल, चांदनी इत्यादि द्वारा वैदिक-अलौकिक मंगलाचरण एवं सरस्वती वंदना की गई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने एनएसएस गीत गाया। अतिथियों के सम्मान के उपरांत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विवेक शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस शिविर का नेतृत्व नेहा करेंगी। जबकि भोजन समिति के प्रमुख का दायित्व हेमराज निभाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि शिविर में व्यवस्था प्रमुख तरुणेश, कार्यालय प्रमुख सानिया, मीडिया प्रमुख अभिषेक, तकनीकी सहायता प्रमुख शिल्पा एवं पर्यवेक्षक अजय होंगे। उन्होंने कहा कि यह एनएसएस शिविर एक संध्या की भूमिका को निभा रहा है। इसमें एक ओर पहली बार वोट करने वाले युवा मतदाताओं के लिए चलाए जाने वाले अभियान का समापन हो रहा है, वहीं सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया जा रहा है।

# करियर बनाने के लिए छात्र करें कड़ी से कड़ी मेहनत : विक्रम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में करियर मार्गदर्शन तथा प्लेसमेंट सेल द्वारा कॉलेज के छात्रों के लिए करियर से संबंधित एक विशिष्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। कॉलेज के करियर मार्गदर्शन तथा प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि व्याख्यान अयोजन करने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके करियर चयन के बारे में बताना था।

लेक्चर में कॉलेज के करीब 160 छात्रों ने हिस्सा लिया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता चितकारा विश्वविद्यालय के किरण कुरवाड़े (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) दवारा कॉलेज के छात्रों को उनके करियर चुनने के बारे में विभिन्न विकल्पों के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि छात्रों को समय रहते अपना लक्ष्य चुनना चाहिए तथा उसके लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। छात्रों ने किरण कुरवाड़े से विभिन्न करियर विकल्प के बारे में बड़ी उत्सुकता से बातचीत की तथा अपने करियर से जुड़ी बहुत सारी शंकाओं को भी दूर किया। किरण कुरवाड़े ने छात्रों को करियर में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सूचना और शिक्षण प्रौद्योगिकी के नवीनतम डिजिटल प्रारूपों को बहुत समझदारी से चुनने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को उच्च अध्ययन और पाठ्यक्रमों के विभिन्न विकल्पों के बारे में भी बताया, जिन्हें छात्र स्नातक के बाद चुन सकते हैं और अपने जीवन में सफल हो सकते हैं। साथ ही उन्होंने सभी बच्चों को एक अच्छा इंसान बनने के लिए भी प्रेरित किया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. मोहिंद्र पाल ने भी छात्रों को अपने करियर में अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। इस व्याख्यान पर पंडित संत राम गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज से प्रोफेसर डॉ. विक्रम सिंह के साथ प्रोफेसर डॉ. केवल कृष्ण, प्रोफेसर अनिल कुमार और प्रोफेसर मनीष रंधावा भी मौजूद थे।

# चलवाड़ा स्कूल में टीचरों के पद खाली, संकट में छात्रों का भविष्य

## पिछले दो साल से अध्यापकों के पद खाली होने से बढ़ी बच्चों व अभिभावकों की टेंशन, जल्द मांगा समस्या का समाधान

**अनिल छांगू, जवाली**

सुक्खू की सरकार सुनो हमारी पुकार जी हां यह बात जवाली विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चलवाड़ा में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं व उनके परिजनों सहित स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुलवंत ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से गुहार लगाई है स्कूल में खाली पड़े पदों को शीघ्र भरा जाए। स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष कुलवंत ठाकुर ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चलवाड़ा में 2022 से हिंदी का लेक्चरर नहीं है। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2023 से शास्त्री का पद रिक्त पड़ा हुआ है और वहीं पॉलिटिकल साइंस के लेक्चरर का पद खाली है।

इससे कि बच्चों की पढ़ाई काफी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में लगभग चार पंचायतों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। लेकिन अध्यापकों के पद खाली होने से अब बच्चों के माता-पिता भी इस स्कूल से बच्चों को दाखिल करवाने के लिए अपना मुंह फेर रहे हैं। लेकिन अध्यापकों की कमी के कारण बच्चे भी पढ़ाई से वंचित रह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार अध्यापकों की तबादले तो कर देती है लेकिन उनकी जगह नए अध्यापकों को नियुक्त नहीं किया जा रहा है उन्होंने कहा कि अगर सरकार यही रवैया अपना आती है तो स्कूल प्रबंधन समिति इसका कड़ा विरोध करेगी और आने वाले लोकसभा चुनाव में बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने इस स्कूल में करोड़ों रुपए की लागत से एक सुंदर भवन का निर्माण करवाया है। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में एक स्टेडियम का निर्माण कार्य भी अभी अधूरा पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि कई बार विभाग को भी अवगत करवा चुके हैं लेकिन आज तक विभाग के कान में भी जूं तक नहीं रेंगी। (अनंत ज्ञान)


स्कूल भवन की फाइल फोटो

### शीघ्र भरे जाएं रिक्त पद



**कुलवंत** ठाकुर ने हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मांग की है कि इस स्कूल में रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरा जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अच्छी शिक्षा प्रदान हो सकें।




डरोह। उपमंडल भवारना के अंतर्गत द हंस फाउंडेशन के मोबाइल मेडिकल यूनिट भवारना ब्लॉक द्वारा पुलिस थाना भवारना में निशुल्क स्वास्थ्य सेवा का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 30 पुलिस जवानों की स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। इस दौरान निशुल्क दवाइयां भी दी गईं एवं शुगर व रक्तचाप आदि के निशुल्क टेस्ट भी किए गए। शिविर के दौरान द हंस फाउंडेशन की संपूर्ण टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कांगड़ा-मंडी सीटों पर बीजेपी कर रही मंथन

## प्रत्याशी व समर्थक घोषणा के इंतजार में नजरें गढ़ाए हुए, चर्चाएं जोरों पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा के इंतजार में टिकट के दावेदार और उनके समर्थक नजरें गढ़ाए हैं। प्रदेश में सत्तासीन कांग्रेस ने पार्टी के चेहरों की घोषणा नहीं की हैं। उधर बुधवार को शाम को पार्टी घोषित करने में भाजपा ने पहल करते हुए हमीरपुर से अनुराग ठाकुर, शिमला से सुरेश कश्यप के टिकट आधिकारिक रूप से घोषित कर दिए। वहीं, इससे पहले ही सोशल मीडिया में दोनों घोषित हुए प्रत्याशियों के अलावा कांगड़ा से त्रिलोक कपूर के कैंडिडेट होने की पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर की गई। इस पोस्ट में चंबा-कांगड़ा संसदीय सीट से त्रिलोक कपूर, हमीरपुर से केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर, शिमला से सुरेश कश्यप का चेहरा फाइनल होने तथा मंडी में बिहारी लाल, अजय राणा तथा गोविंद के नाम पर पेंच फंसा होने की बात कही गई है। हालांकि शाम तक दो नामों की आधिकारिक पुष्टि हो गई, लेकिन त्रिलोक कपूर पहली सूची में नहीं थे तो वहीं मंडी पर भी नाम पर सहमती नहीं बन पाई।



यहां बताते चलें कि दोनों में से कोई भी पार्टी पूर्व के अनुमानों की तरह सत्तारूढ़ विधायक को लोकसभा चुनावों में प्रत्याशी के रूप में उतारने से गुरेज करेगी। प्रदेश के ताजा राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए आंकड़ों के फेर में नहीं कोई भी पार्टी कैंडिडेट के हरने पर दौड़ से पिछड़ना नहीं चाहेगी। दूसरा पहलू ये कि प्रदेश की राजनीति के नेता भी केंद्र की राजनीति में जाने से पीछे हटते आए हैं। ऐसे में यहां से किसी हारे हुए विधानसभा प्रत्याशी या नए चेहरे को मौका दिया जाने की संभावना शेष रहती है। यहां बताते चलें कि कांगड़ा जिले में जातीय समीकरणों पर गौर करें तो किशन कपूर के बाद किसी एसटी उम्मीदवार को यहां से उतार सकती है। ऐसे में कांगड़ा संसदीय सीट से टिकट के लिए ओबीसी फैक्टर के अलावा आवेदन करने वाले 13 कांग्रेस नेताओं में कांगड़ा के डॉक्टर राजेश शर्मा का दावा मजबूत नजर आता है।

वहीं, दूसरा पहलू ये कि सोशल मीडिया के इस युग में खुद की दावेदारी पक्की करने या मीडिया पोस्ट के जरिए प्लांट होने के लिए भी समर्थक खेमों से ऐसी पोस्टों को शेयर कर के अपने नेता के नाम चर्चाओं को हवा देता रहना कोई नया नहीं है।

भाजपा ने दो संसदीय सीटों पर नामों की घोषणा कर दी है जबकि कांगड़ा तथा मंडी संसदीय सीट पर नामों की घोषणा होना बाकी है। उधर कांग्रेस की ओर से पार्टी प्रत्याशियों के नाम अभी घोषित किए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अनुराग ठाकुर को प्रत्याशी बनाए जाने पर जताई खुशी

**देहरा।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अनुराग ठाकुर को हमीरपुर लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने पर देहरा और जसवां परागपुर विधानसभा में खुशी की लहर चली है। अनुराग ठाकुर लगातार चार बार से हमीरपुर से सांसद हैं और वर्तमान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी की कैबिनेट में सूचना प्रसारण, खेल एवं युवा मामले मंत्री हैं। पूर्व मंत्री एवं विधायक और हमीरपुर लोकसभा प्रभारी विक्रम ठाकुर और पूर्व मंत्री रमेश ध्वाला, जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री जगदीप डडवाल, मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह, महामंत्री रणजीत, किशन चौधरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सर्व दर्शन आदि कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय नेतृत्व का धन्यवाद करते हुआ कहा कि इन लोकसभा चुनावों में अनुराग ठाकुर को भारी मतों से विजय बनाकर लगातार पांचवीं बार लोकसभा भेजेंगे।

### हरिपुर मंदिरों को पैसे देने पर जताया आभार

**देहरा।** हिमाचल सरकार में पूर्व मंत्री रमेश धवाला ने उनके क्षेत्र के तीन मंदिरों के जीर्णोधार हेतु केंद्र से मिले 103 लाख की सहायता राशि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का आभार प्रकट किया। गौरतलब हो कि केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने हरिपुर दौरे के दौरान केंद्र द्वारा उक्त मंदिरों के पुनर्निर्माण हेतु मिली राशि की जानकारी दी थी। रमेश धवला ने इस निर्णय को क्षेत्र के विकास और जन आस्था के लिए बेहद अहम बताते हुए कहा मुझे बेहद खुशी है कि मेरे देहरा विधानसभा क्षेत्र के हरिपुर स्थित इन मंदिरों का अब मरम्मत और संरक्षण कार्य हो पाएगा।

### साइबर क्राइम पर छात्रों को किया जागरूक

**धर्मशाला।** डाइट धर्मशाला में डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए साइबर सिक्योरिटी और आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस के बारे में जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। अमेरिकन-इंडियन फाउंडेशन ट्रस्ट के सौजन्य से करवाई गई इस कार्यशाला में विशेषज्ञों ने प्रशिक्षुओं को साइबर सिक्योरिटी पर जानकारी दी। विद्यार्थियों को नई-नई तकनीक बारे भी जागरूक किया। बढ़ रहे साइबर अपराधों से किस तरह बचा जा सकता है, इसको लेकर भी जानकारी साझा की गई। ट्रस्ट से आए सुशील कुमार ने कहा कि 12वीं पास करके अधिकतर विद्यार्थी असमंजस में होते हैं, उन्हें किस क्षेत्र में करियर बनाना है। ऐसे विद्यार्थियों को भी जागरूक किया जाता है तथा बताया जाता है कि आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस को भी करियर के रुप में देख सकते हैं। डेटा साइंस में करियर बनाया जा सकता है।

### संस्कृत ऑनर्स (शास्त्री) के छात्रों पर बज्रपात: मेहता

**गरली।** प्रदेश सरकार द्वारा नए शास्त्री भर्ती नियमों की विगत वर्ष अक्तूबर माह में जारी की गई सूचना परंपरागत संस्कृत महाविद्यालयों तथा संस्कृत विश्वविद्यालयों के हजारों संस्कृत ऑनर्स (शास्त्री) विद्यार्थियों के भविष्य पर बज्रपात है। वहीं, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर गरली के युवा छात्र नेता शशांक मेहता ने बताया कि उक्त छात्रों के अनुसार विगत 11 अक्तूबर 2023 को जो शास्त्री पद भर्ती एवं पदोन्नति नियम की अधिसूचना जारी की गई है, वह बलपूर्वक टीजीटी नियमों को थोपने जैसी है। वहीं, इन छात्रों ने कहा कि इसके घातक परिणाम शास्त्री कर चुके और कर रहे छात्रों सहित प्रदेश के 8 राजकीय संस्कृत महाविद्यालयों, मंदिर न्यास द्वारा चालित चार महाविद्यालयों, केंद्र सरकार द्वारा चालित दो आदर्श महाविद्यालयों व निजी क्षेत्र के 15 संस्कृत महाविद्यालयों को भविष्य में भुगतने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा करीब 60 वर्ष पूर्व 23 जनवरी 1964 में वेदव्यास कोठारी आयोग की अध्यक्षता में गठित सेंट्रल संस्कृत बोर्ड व संस्कृत कमीशन की संस्तुतियों को स्वीकार करके वेदादि शास्त्रों के अमूल्य, सार्वजनिक, उत्कृष्ट ज्ञान विज्ञान की रक्षा तथा संरक्षण, संवर्धन हेतु ओरिएंटल (प्राच्य) संस्कृत विद्या के केंद्रों, विद्यालयों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों को न केवल जिस प्रकार हिमाचल सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है। संस्कृत के सभी छात्रों के साथ अन्याय हो रहा प्रदेश सरकार इस अधिसूचना को वापस ले नहीं तो संस्कृत के छात्रों का भविष्य संकट में आ जाएगा और हम सब संस्कृत के छात्र एक साथ खड़े हैं।

### सैनिक स्कूल की परीक्षा में छाए महाराणा प्रताप स्कूल के छात्र

**शाहपुर।** बुधवार को सैनिक स्कूल की परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। इसमें महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल सिहंवा के तीन विद्यार्थियों आरव, सानवी तथा शिवांश ने परीक्षा को पास कर लिया है। इन बच्चों की स्कूली शिक्षा शुरू से ही इसी स्कूल से हुई है। आरव के पिता गणेश कानूनगो के पद पर कार्यरत हैं व माता अनिशा गृहिणी है। सानवी के पिता सुरजीत शर्मा व्यवसायी तथा माता मीनाक्षी शर्मा गृहिणी है। वहीं, शिवांश के पिता विजय प्राइवेट कर्मचारी तथा माता पूजा इसी स्कूल में अध्यापिका हैं। स्कूल प्रधानाचार्या शालिनी राणा ने इसका सारा श्रेय अध्यापकों, माता-पिता तथा इन बच्चों को दिया। इनकी प्रेरणा तथा सहयोग से इन्होंने यह स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल पिछले चार सालों से कभी स्टेट बोर्ड कभी जवाहर नवोदय तथा कभी सैनिक स्कूल की परीक्षाओं के लिए इस तरह का परिणाम दे रहा है। इसमें बच्चे अपने सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं। स्कूल प्रबंधक कर्नल एसएस राणा ने इन बच्चों, अध्यापकों व अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं तथा इनके सुनहरे भविष्य की कामना की।

# मिनर्वा स्कूल आलमपुर के चार छात्रों ने पास की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा

**अनंत ज्ञान, आलमपुर**

मिनर्वा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल आलमपुर ठाकुरद्वारा के चार होनहार विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल की परीक्षा-2024 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए परीक्षा को बहुत ही अच्छे नंबरों से पास करके अपना लोहा बनवाया।

अवगत रहे कि मिनर्वा पब्लिक स्कूल से केवल पांच विद्यार्थियों ने ही इस वर्ष सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लिया था।

इनमें से चार विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत व लगन के साथ अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए बहुत ही अच्छे नंबरों से परीक्षा पास की। वहीं, पलक शर्मा पुत्री लक्की शर्मा, रितेश पुत्र जीवन कुमार, पलक पुत्री कुलदीप कुमार और मेहुल पुत्र नवीन कुमार ने परीक्षा पास कि स्कूल का नाम रोशन किया है। इस वर्ष इन विद्यार्थियों की पांचवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा की तैयारी के चलते सैनिक स्कूल की परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए भी स्कूल अध्यापकों द्वारा जी तोड़ मेहनत करवाई गई। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक व समस्त स्टाफ द्वारा बच्चों को मिठाइयां बांटकर उनको बधाई दी व सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन कमेटी, प्रधानाचार्य दिनेश कुमार, उपप्रधानाचार्य अजय शर्मा, सुनीता कुमारी, रेणु, राशि, रोजी रानी, ममता, मोनिका, पूजा गुप्ता, किरण वाला व मानसी शर्मा उपस्थित रहे।



### जवाली में इंटरव्यू 19 मार्च को होंगे

**जवाली।** शहीद सुरिंद्र सिंह राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जवाली में 19 मार्च को कृष्णा मारुति लिमिटेड कंपनी गुरुग्राम द्वारा युवाओं के साक्षात्कार लिए जाएंगे। आईटीआई के प्रिंसिपल अशोक कुमार ने बताया कि यह कंपनी कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से 18 से 24 वर्ष आयु के युवाओं के साक्षात्कार लेगी। इसमें फीटर, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, डीजल मेकेनिक तथा डिप्लोमा मेकेनिकल इंजीनियरिंग जैसे व्यवसायों के युवकों का चयन करेगी। इच्छुक अभ्यर्थी 19 मार्च को सुबह अपने शैक्षणिक एवं तकनीकी शिक्षा प्रमाण पत्र की प्रतिलिपियां, तीन पासपोर्ट साइज फोटो तथा आधारकार्ड लेकर संस्थान में पहुंच जाएं। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी बलकार सिंह ने बताया कि इस साक्षात्कार के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी के अधिकारियों द्वारा मौका पर ही नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 10वीं पास को 11500 रुपए, जमा दो पास को 12500 रुपए तथा आईटीआई पास को 13500 रुपए व डिप्लोमा पास 14500 रुपए वेतन मासिक दिया जाएगा।

# कांशीराम मोड पर 100 फुट नीचे गिरी कार, दो जख्मी


हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त कार।

**ओपी वर्मा, शाहपुरकंडी**

शाहपुरकंडी के साथ लगते तवी इंजीनियरिंग कॉलेज के पास स्थित कांशीराम मोड पर शाम के समय अफरा-तफरी मच गई। जब धार कला की तरफ से आ रही एक कार संतुलन बिगड़ने के कारण लगभग 100 फुट नीचे गहरी खाई में जा गिरी।

मगर सबसे बड़ी गनीमत यह रही की कार में सवार सभी पांच युवक बाल-बाल बच गए। कार में सवार युवकों का कहना है कि गाड़ी के आगे अचानक किसी पशु के आने के कारण गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा हो गया। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने बड़ी मुश्किल से पांचों युवकों को गाड़ी से बाहर निकाला, जिनमें से दो युवकों को मामूली चोटें आई थी। मगर कार पूरी तरह टूट चुकी है। उल्लेखनीय है कि कांशीराम मोड पर आए दिन कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कई साल पहले बांध कर्मचारियों को लेकर आ रही रणजीत सागर बांध परियोजना की बस का यहां पर भीषण एक्सीडेंट हुआ था। इसमें बस चालक कांशीराम सहित लगभग 32 कर्मचारियों की मौत हो गई थी तब से इस मोड़ का नाम कांशीराम मोड पड़ा था।

### परीक्षा से छूटे छात्रों को विशेष अवसर देगा शिक्षा बोर्ड

**धर्मशाला।** मौसम समेत अन्य कारणों से परीक्षा देने से छूटे प्रदेश के हजारों स्कूली विद्यार्थियों को बोर्ड मौका देगा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी अधिसूचना में द्वारा मार्च, 2024 में संचालित करवाई जा रही नियमित परीक्षार्थियों की दसवीं व जमा दो की वार्षिक तथा राज्य मुक्त विद्यालय की आठवीं, दसवीं व जमा दो की परीक्षाओं के दौरान मौसम की विपरीत परिस्थितियों या अपरिहार्य कारणों से जो परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में असमर्थ रहे हैं। बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने कहा कि ऐसे परीक्षार्थी अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य या मुख्याध्यापक के माध्यम से परीक्षा हेतु वशेष अवसर के लिए लिखित रूप में दिनांक 24 मार्च तक ई. मेल के माध्यम से परीक्षा के विशेष अवसर के लिए आवेदन कर सकते हैं।




**डाडासीबा।** बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में वीरवार को एनएसएस इकाई व नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्वयंसेवी सुखदीप सूद ने इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि कार्यवाहक प्राचार्य जतिंद्र कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता प्रो. पलक ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व से अवगत करवाया

# डीएवी पट्टा जाटियां ने निकाली यज्ञ रथयात्रा


यज्ञ रथ यात्रा में भाग लेते हुए लोग।

**अनंत ज्ञान, जवाली**

महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य पर डीएवी विद्यालय पट्टा जाटियां ने यज्ञ रथ का आयोजन किया। महर्षि दयानंद सरस्वती जी आर्य समाज के संस्थापक थे उन्होंने लोगों को वेदों की ओर लौटने का नारा दिया।

इस यज्ञ रथ का उद्देश्य महर्षि दयानंद सरस्वती जी द्वारा दिखाए गए मार्ग को प्रशस्त कर लोगों में अच्छे आचरण और वेदों के प्रति जागरूक करना एवं वेदों का अनुसरण करते हुए जीवन यापन करने की प्रेरणा थी। स्वामी दयानंद सरस्वती जी का मानना था कि वैदिक शिक्षा के प्रसार के माध्यम से भारतीय समाज के उत्थान को इच्छा को पूरा किया जा सकता है। इस यज्ञ रथ में पावन यज्ञ का आरंभ प्रधानाचार्य नरेश कटोच एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा विद्यालय के प्रांगण में किया गया तथा इस यज्ञ में समस्त इलाका वासियों की उपस्थिति को सुनिश्चित करने के लिए इस यज्ञ रथ को लोगों के बीच भेजा गया। इसमें पट्टा जाटियां से फतेहपुर, बनाल, खुखनियाड़ा, मैरा, लुधियाड़, दरकाटी, नरगाला, सहोड़ा, कुट्ट, समलाना, पपलाह, पट्टा ब्राह्मणा से सभी इलाका वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तत्पश्चात इस यज्ञ की पूर्ण आहुति डीएवी विद्यालय के प्रांगण में दी गई।

**जागरूक** लॉरेट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कॉलेज में मनाया विश्व किडनी दिवस, छात्रों को किया जागरूक

# किडनी स्वस्थ रखने के लिए कंट्रोल में रखें बीपी

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

लॉरेट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के वैलनेस क्लब ने रिआन डायलिसिस हेल्थ सेंटर की मदद से विश्व किडनी दिवस पर सेमिनार आयोजित किया गया। इसका विषय था सभी के लिए किडनी स्वास्थ्य देखभाल करना। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में उपप्रभागीय न्यायाधीश डॉ. संजीव कुमार और विशिष्ट अतिथि ज्वालाजी ब्लॉक मेडिकल अफसर डॉ. बजाज और प्रोफेसर एवं बच्चों के चिकित्सक रणवीर सिंह जस्वाल रहे। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में आयोजित समारोह में कार्यक्रम के संयोजक रेयान डायलिसिस एंड हेल्थ केयर सेंटर के एमडी नेफ्रोलॉजी उदय रण सिंह व मुख्यवक्ता के रूप में एमडी नेफ्रोलॉजी डॉ. कामाक्षी सिंह रहे। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक एवं निर्देशक डॉ. रण सिंह वर्चुअल मौजूद रहे। संस्थान के प्राचार्य एवं निर्देशक डॉ. एमएस आशावत ने मुख्यातिथियों का स्वागत और सभी को संबोधित किया। उन्होंने कहा इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगो में किडनी की बीमारियों को लेकर सतर्क करना है। इस कार्यक्रम में नजदीकी गांवों के लोगों और विभिन्न हॉस्पिटल के डॉक्टरों एवं फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया डॉ. कामाक्षी ने सभा को संबोधित करते हुए अपने व्याख्यान में कहा कि विश्व में किडनी की मौत का सातवां सबसे बड़ा कारण किडनी की बीमारी है और इस थीम का उद्देश्य हर बैकरोड और लोगों तक किडनी को हेल्थी बनाए रखने के लिए जरूरी दवाओं और सुविधाओं को पहुंचाना है। उन्होंने किडनी खराब होने के शुरुआती लक्षणों और रोकथाम के प्रति जानकारी साझा की और बताया की स्वस्थ किडनी को बनाए रखने में हाइड्रेटेड रहना, कम नमक और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों वाला संतुलित आहार लेना, रक्तचाप और रक्त शर्करा के स्तर को प्रबंधित करना, नियमित शारीरिक गतिविधि में शामिल होना, दर्द निवारक दवाओं के अत्यधिक उपयोग से बचना और धूम्रपान से बचना शामिल है। इस कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सीपीएस वर्मा ने धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. परवीन, डॉ. अदिति एसोसिएट प्रो. शिव कुमार खुशवा, वेलनेस क्लब इकाई के इंचार्ज निखिल शर्मा तथा स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करने का दौर।

**व अदालत अधिशाषी दंडाधिकारी एवं न. तहसीलदार, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

मिसल नं. 556/एनटी/2024
ता.दा. 28.02.2024
तारीख पेशी: 16.04.2024

**मुकद्दमा इन्द्राज जन्म**
प्रार्थना पत्र प्रार्थिया रंजना कुमारी पुत्री प्रीतम चंद गांव महाल चाहड़ी मौजा चाहड़ी, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा।

**प्रार्थी पक्ष**
**बनाम** **आम जनता**

**विषय:** प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रमाण पत्र लेने बारे प्रार्थना पत्र।

**अखबारी इश्तहार बनाम आम जनता**
उपरोक्त मुकद्दमा बारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 गुजारा है, जिसके अनुसार प्रार्थीया का जन्म दिनांक 17.10.1980 को महाल चाहड़ी मौजा चाहड़ी में हुआ है। लेकिन अज्ञानतावश अपने जन्म तिथि को पंचायत मुहालकड़ चाहड़ी में दर्ज नहीं करवा सके। प्रार्थीया अपनी जन्म तिथि को पंचायत मुहालकड़ चाहड़ी में दर्ज करवाना चाहती है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म को पंचायत मुहालकड़ चाहड़ी के रिकॉर्ड में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 16.04.2024 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर हो सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज काबिल-ए-समायत न होगा।
आज दिनांक 13.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**अधिशाषी दंडाधिकारी एवं न. तहसीलदार, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

## न्यूज ब्रीफ

### मिनर्वा के स्टूडेंट्स ने पास की सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा

**सुजानपुर।** मिनर्वा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चार स्टूडेंट्स पलक शर्मा, रितेश, पलक और मेहुल ने सैनिक स्कूल की परीक्षा-2024 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए परीक्षा को बहुत ही अच्छे नंबरों से पास करके स्टूडेंट्स ने अपना लोहा मनवाया। स्कूल प्रबंधक व समस्त स्टाफ द्वारा बच्चों को मिठाइयां बांटकर उनको बधाई दी।

### डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने किया सड़क का भूमि पूजन

**हमीरपुर।** कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने टाउन भराड़ी से मैड़ सड़क का वीरवार को भूमि पूजन किया। इस अवसर पर पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार काबिलेतारीफ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 14 माह के कार्यकाल में ही कांग्रेस सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में दी हुई 10 गारंटियों में से पांच गारंटियां पूरी कर दी है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रधान कैप्टन रंजीत, पूर्व प्रधान पांडवी आदि उपस्थित रहे।

### कॉलेज खोलने की अधिसूचना गलोड़वासी गद्गद्

**गलोड़।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने नादौन विधानसभा क्षेत्र के गलोड़ में सरकारी कॉलेज पुनः खोलने की अधिसूचना जारी कर दी है जिसके चलते गलोड़वासी गद्गद् हैं। ज्ञात रहे भाजपा सरकार ने गलोड़ में सरकारी कॉलेज की सौगात दी थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभालने के बाद इसे डिनोटिफाई कर दिया था। सुखविंद्र सुक्खू की सरकार ने लोगों की मांग को देखते हुए इसकी अधिसूचना जारी करके गलोड़ वासियों को पुनः कॉलेज को खोलने का उपहार दिया है।

### किटपल में किसानों ने सीखे बागवानी के गुर

**रंगस।** औद्योनिकी एवं वाणिकी कॉलेज नेरी द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत बागवानी फसलों की व्यावसायिक खेती विषय पर किटपल पंचायत में एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डीन डॉ. कमल शर्मा और कॉलेज के विशेषज्ञों ने किसानों से विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा की और उन्हें व्यवहारिक टिप्स दिए गए। इस अवसर पर किटपल पंचायत प्रधान मीरा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### कैंप में 260 बच्चों की आंखों का किया चेकअप

**सुजानपुर।** राजकीय स्नातक महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में सड़क सुरक्षा क्लब के तत्वावधान में आंखों के निरीक्षण के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रो. राजेश खरवाल सड़क सुरक्षा क्लब कार्यक्रम संयोजक के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. विपेंद्र सिंह चंदेल चक्षु विशेषज्ञ ने स्टूडेंट्स की आंखों का निरीक्षण कर यथासंभव सहायता करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगभग 260 बच्चों की आंखों का निरीक्षण किया गया। उपप्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी गणमान्यों आदि का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. सुरेश, डॉ. जितेंद्र कुमार बनवाल, प्रो. मितुल आदि उपस्थित रहे।

### कलंझड़ी माता मंदिर में चोरों ने उड़ाई नकदी

**टौणीदेवी।** कलंझड़ी माता मंदिर में चोरों ने मंदिर के गल्ले तोड़ 15 से 20 हजार रुपए की नकदी चुरा ली है। चोरी रात को करीब 12.39 मिनट पर हुई। सीसीटीवी कैमरों में चोरी की घटना कैद हो गई है। चोर जूतों समेत मंदिर की मूर्तियों पर चढ़े हुए नजर आए। मंदिर के पुजारी अजय रांगड़ा ने चोरी की घटना की रिपोर्ट ऑनलाइन पुलिस में दर्ज करवा दी है।

### समीरपुर स्कूल हुआ अपग्रेड, अधिसूचना जारी

**टौणीदेवी।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय समीरपुर को अपग्रेड कर सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दर्जा प्रदान किया गया है। स्कूल के अपग्रेड होने से लोगों को लाभ मिलेगा। इस बारे में राकेश कंवर, सचिव, शिक्षा, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 13 मार्च को नोटिफिकेशन जारी की गई है। उधर, भोरंज के कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार ने कहा है कि भोरंज क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वास्थ्य को लेकर प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार खुले दिल से बजट प्रदान कर रही है। उन्होंने समीरपुर स्कूल को अपग्रेड करने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया है।

### महिलाओं को सशक्त बनाना जरूरी : सुनील

**भरेड़ी।** बाल विकास विभाग खंड भोरंज के अधीन आने वाले आंगनबाड़ी केंद्र जाहू कलां में वृत्त पर्यवेक्षक सुनील नड्डा की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जाहू पंचायत के वार्ड नंबर सात की महिलाओं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सुनील ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला वर्ग का समाज में सर्वोच्च स्थान है। शिक्षा और जागरूता के कारण महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। यही नहीं ग्रंथों में भी नारी के महत्त्व का उल्लेख पढ़ने को मिलता है अर्थात जहां नारी की पूजा होती है, वहां पर देवता निवास करते हैं। उन्होंने महिलाओं को महिला सशक्तिकरण की सरकारी योजनाओं से अवगत करवाया। इस दौरान बच्चों को चुरमा व रागी के लड्डू भी बांटे गए। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सावित्री रांगड़ा, सरला देवी, प्रोमिला देवी, बिमला देवी, अंजना आदि उपस्थित रहीं।

### रोट चढ़ाकर बाबा से की सुख समृद्धि की कामना

**हमीरपुर।** ठाकुरद्वारा गोशाला जमलीधाम में बाबा बालक नाथ की जयंती हर साल की भांति बड़ी धूमधाम से मनाई गई। सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार बाबा जी को ध्वजा चढ़ाई गई और बाबा के भक्तों ने रोट चढ़ाकर बाबा से सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर गोशाला में आने वाले सभी भक्तों को सारा दिन प्रसाद वितरण किया गया। सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि इस अवसर पर प्यारेलाल शर्मा, रसील सिंह मनकोटिया, कैप्टन प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

### सेवा भारती संस्था ने की असहाय परिवार की मदद

**धनेटा।** उपमंडल नादौन के गवालपत्थर पंचायत के जमनोटी गांव में एक असहाय परिवार की मदद के लिए सेवा भारती संस्था हमीरपुर ने हाथ बढ़ाया है। ज्ञात रहे की इस परिवार के मुखिया अरविंद कुमार जो कि ड्राइवर का काम करते थे, का निधन हो गया था। वह अपने पीछे तीन बेटे व पत्नी छोड़ गए। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब हो गई थी, जिसको देखते हुए संस्था ने इन्हें 5100 रुपए मदद के तौर पर दिए है। प्रधान विपिन कुमार ने बताया कि संस्था ने आगे भी इस परिवार की मदद करने का आश्वासन दिया।

### राजेंद्र गौतम ने संभाला एसडीएम बड़सर का कार्यभार

**बिझड़ी।** राजेंद्र कुमार गौतम ने वीरवार को एसडीएम बड़सर का कार्यभार संभाल लिया है इससे पहले एसडीएम गौतम धर्मपुर में कार्यरत थे। सर्वप्रथम एसी टू डीसी जिला किन्नौर में ज्वाइन किया था।एसडीएम बबड़सर का तबादला सुजानपुर के लिए हुआ है उन्होंने नवनियुक्त एसडीएम को चार्ज सौंप दिया है। बता दे की एसडीएम गौतम 2022 बैच के एचएएस अधिकारी हैं।

### स्टूडेंट्स को दिए कम्युनिकेशन स्किल के टिप्स

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के भाषा एवं सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका कौशल ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य विषय व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता के लिए गैर-मौखिक संचार में महारत हासिल करना रहा। इस कार्यशाला में डॉ. सौरभ कुमार व असिस्टेंट प्रोफेसर पूनम देवी मुख्य वक्ता रहे। पूनम ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि नॉन-वर्बल कम्युनिकेशन में चेहरे के भाव और हावभाव, आवाज की टोन, आवाज की पिच और ठहराव, आवाज का उतार-चढ़ाव आदि कम्युनिकेशन के दौरान उसका व्यवहार शामिल होता है।

# दियोटसिद्ध में पौणाहारी के जयकारों से चैत्र मेलों का आगाज

## डीसी ने पूजा-अर्चना, हवन और झंडा रस्म के साथ किया बाबा बालक नाथ मेलों का शुभारंभ

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में वीरवार को डीसी हमीरपुर एवं बाबा बालक नाथ मंदिर न्याय आयुक्त अमरजीत सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना कर चैत्र मास मेले का आगाज किया।

डीसी अमरजीत सिंह, एसपी पदम चंद, एडीसी मनेश यादव, एसडीएम एवं बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष डॉ. रोहित शर्मा, एसडीपीओ एवं मेला पुलिस अधिकारी सचिन हीरेमथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके अग्निहोत्री, मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी, मंदिर के महंत राजेंद्र गिरि और अन्य गणमान्य लोगों के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना और हवन किया तथा उसके बाद झंडा रस्म में भाग लिया।

एक माह तक चलने वाले इन मेलों के शुभारंभ अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। चैत्र मेलों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने से मंदिर परिसर में चारों तरफ बाबा जी के जयकारे गूंज रहा थे। झंडा रस्म और अन्य परंपराओं के निर्वहन के बाद जिलाधीश ने मंदिर परिसर में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मेलों के संचालन के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी ने बताया कि चैत्र मास मेलों के दौरान बाबा बालक नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। दियोटसिद्ध के आस-पास की सभी सडकों पर यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए भी पर्याप्त संख्या में पुलिस और होमगार्ड्स की तैनाती की गई है। डीसी ने कहा कि मंदिर परिसर को इस बार विशेष रूप से सजाया गया है तथा पूरे दियोटसिद्ध क्षेत्र में सफाई और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए स्थानीय संगठनों एवं संस्थाओं तथा वालंटियर्स की मदद भी ली जा रही है। इस अवसर पर जिलाधीश ने बाहर से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं से भी बातचीत की और मंदिर परिसर में उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। दियोटसिद्ध मंदिर के महंत 1008 श्रीश्रीश्री राजेंद्र गिरी ने श्रद्धालुओं को चैत्र मेलों की शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)





दियोटसिद्ध में चैत्र मेलों के शुभारंभ पर हवन यज्ञ में भाग लेते डीसी हमीरपुर व अन्य अधिकारी तथा झंडा रस्म को निभाते हुए डीसी अमरजीत सिंह।



महंत श्रीश्रीश्री राजेंद्र गिरी महाराज।

### ट्रस्ट भंग होने से इस बार बिना ट्रस्टियों के शुरू हुए मेले

**मेला** शुरू होने से एक दिन पहले ही प्रदेश सरकार ने न्यास ट्रस्ट को भंग कर दिया है जिस कारण ट्रस्ट के सदस्यों को निष्कासित कर दिया गया है, हालांकि मंदिर में बने विजिटर कक्ष में कुछ गणमान्य लोग एवं ट्रस्टी डीसी के इंतजार में बैठे थे, लेकिन वे उनसे मिले बिना ही हमीरपुर रवाना हो गए।

## बारी मंदिर में ओवरफ्लो टैंक से दलदल बनी सड़क, विभाग मौन



**टौणीदेवी।** हमीरपुर से आवाहदेवी एनएच-तीन पर बारी मंदिर बस स्टॉप प्रतिदिन टैंक के ओवरफ्लो हो जाने से सड़क में कीचड़ ही कीचड़ फैल जाता है, जिससे यात्रियों को बस में चढ़ना और उतरना मुश्किल हो रहा गया है, मगर जल शक्ति विभाग के पंप हाउस के ठीक नीचे बने इस दलदल को देख कर भी बेखबर बना हुआ है। करीब 15 दिन से जूझ रहे लोगों को यह दिक्कत जल शक्ति विभाग की लीक कर रही पेयजल पाइपों से पैदा हुई है। डायरिया के बाद जल शक्ति विभाग ने टैंकों को खाली करने के लिए पाइप लाइन सड़क पर खोल दी जिससे हालात और बिगड़ गए। स्थानीय लोगों सुनील, रविंद्र, हंस राज, हरबंस इत्यादि ने बताया कि जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता को इस बारे कई बार बताया गया, लेकिन हालत नहीं सुधरे। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग अपनी सुस्ती से बाज नहीं आया तो आंदोलन किया जाएगा। इस बारे जल शक्ति विभाग बारी के कनिष्ठ अभियंता नितिन भारद्वाज ने कहा कि मामला उनके ध्यान में है। शीघ्र ही समस्या को हल कर दिया जाएगा।

## नगर परिषद सुजानपुर में हटाए राणा समर्थक चारों मनोनीत पार्षद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नगर परिषद सुजानपुर में मनोनीत पार्षदों के पद पर विराजमान विधायक राजेंद्र सिंह राणा के समर्थकों पर गाज गिर गई है। मनोनीत चारों पार्षदों की सदस्यता रद्द कर दी गई है। इस बारे प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना जारी हो गई है। इससे पहले धर्मशाला नगर निगम में वहां के विधायक सुधीर शर्मा के समर्थकों को हटा दिया गया था।

सुजानपुर में विधायक राजेंद्र सिंह राणा के समर्थकों में गिने जाने वाले मनोनीत पार्षदों में शामिल वार्ड नंबर तीन से मनोज कुमार, वार्ड नंबर पांच से सुरजीत सिंह, वार्ड नंबर सात से सुमन अटवाल, वार्ड नंबर आठ से आशुतोष शर्मा को पिछले वर्ष अप्रैल माह में मनोनीत किया गया था, लेकिन राणा समर्थकों में गिने जाने वाले इन समर्थित लोगों की मनोनीत पार्षद की सदस्यता रद्द हो गई है। गौरतलब है कि राज्यसभा में विधायक राजेंद्र राणा द्वारा क्रॉस वोटिंग के चलते सुजानपुर में राणा समर्थक भी कांग्रेस व सीएम के समर्थकों के निशाने पर थे।

### राणा समर्थक थे चारों पार्षद

**नगर** परिषद सुजानपुर में मनोनीत किए गए चारों पार्षद राजेंद्र राणा समर्थक थे। नगर परिषद सुजानपुर में भाजपा का कब्जा है तथा भाजपा समर्थक सुनीता देवी अध्यक्ष हैं। इसके अलावा नगर परिषद उपाध्यक्ष का पद भी भाजपा के ही पास है।

### अध्यक्ष के खिलाफ लाया जा चुका है अविश्वास प्रस्ताव

**नगर** परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा चुका है। नगर परिषद सुजानपुर में कुल नौ पार्षद हैं, जिनमें भाजपा समर्थक पार्षदों की संख्या पांच है, जबकि चार पार्षद कांग्रेस समर्थक हैं। कांग्रेस समर्थक चार पार्षदों ने भाजपा समर्थक एक पार्षद के साथ मिलकर नगर परिषद अध्यक्ष को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया है। जिसके लिए 15 मार्च को नगर परिषद की एक बैठक बुलाई गई है। नगर पंचायत भोटा में भी मनोनीत किए गए तीन पार्षदों को प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत हटा दिया गया है।

### चौगान में बिकने वाले प्लॉटों को लेकर मार्किंग शुरू

**सुजानपुर।** ऐतिहासिक चौगान में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव को लेकर के प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सरकारी तौर पर मनाए जाने वाले उत्सव के दौरान 24 मार्च को रंग गुलाल की बौछार होगी। मेले के सफल आयोजन को लेकर के चौगान में लगने वाले हाट बाजार झूला मार्केट आदि के लिए प्लॉटों का बनाने का कार्य शुरू हो गया है। सुजानपुर का यह होली उत्सव मेला 23 से 26 मार्च को मनाया जाएगा, जिसका शुभारंभ मुरली मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद होगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर के प्रशासन ने कमर कस ली है। पुरानी परंपरा के चलते सुजानपुर का होली उत्सव का आगाज रविवार 17 मार्च को हो जाएगा।

### पीलिया व डायरिया का फैलना आश्चर्य चकित : कालिया

**हमीरपुर।** टौणीदेवी क्षेत्र के बाद अब भोरंज में पीलिया व डायरिया से लोगों का ग्रस्ति होना चिंता का विषय है, जल शक्ति विभाग व स्वास्थ्य विभाग आपस में सहयोग कर जल जनित रोगों के कारण एवं उसके निदान को जल्दी सुनिश्चित करें। यह बात दी हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन के अध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया ने यहां जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि दोनों विभाग पूरे जिला में पैनी नजर रखें और प्रत्येक पेयजल योजना के पानी के सैंपल को नियमित रूप से जांच करवाएं और उसकी रिपोर्ट को प्रधान संबंधित पंचायत को दें।

### होली मेले में डोम और झूलों की बोली सवा करोड़ में छूटी

**सुजानपुर।** सुजानपुर के राष्ट्रीय स्तरीय होली महोत्सव में लगने वाल झूलों और डोम बाजार की खुली बोली इस वर्ष रिकॉर्ड सवा करोड़ रुपए में छूटी है। बीते साल यही बोली 61 लाख रुपए में छूटी थी। एसडीएम राजकुमार की अगुआई में वीरवार को दोनों बोलियां संपन्न करवाई गईं। दोनों बोलियों से प्रशासन को करीब सवा करोड़ रुपए राजस्व एकत्रित हुआ है जो विगत वर्ष की तुलना में डबल से अधिक है।

### सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का घर-घर करेंगे प्रचार : सुमन

**सुजानपुर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के बल पर लड़े जाएंगे और उन्हें घर-घर तक पहुंचाएंगे। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सुजानपुर में बिना वजह से विकास कार्य को लटकाने का जो आरोप लगाया जा रहा है वह बिलकुल निराधार है तथा मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा सुजानपुर को बिना भेदभाव से देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी कांग्रेस की नीतियों पर उंगली उठा रहे हैं वो बिलकुल गलत है। ऐसे लोगों के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस संगठन से ऐसी कार्यकारिणी को भंग करने की मांग की है। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, कैप्टन चमैल सिंह, राजकुमार आदि शामिल हुए।

### जिला परिषद की बैठक 16 को

**हमीरपुर।** जिला परिषद की बैठक जो कि 12 मार्च को होनी थी अब 16 मार्च को होगी। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि सदस्यों की ओर से जो मुद्दे लंबे समय से उठाए जा रहे हैं, वह अभी तक पूरे नहीं हो पाए हैं।

### कृषि वैज्ञानिक सलाहकार समिति का आयोजन

**बड़ा।** कृषि विज्ञान केंद्र हमीरपुर स्थित बड़ा में वीरवार को 31वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार वत्स ने की। बैठक में कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. नवीन कुमार, निदेशक अनुसंधान डॉ. सुरेश उपाध्याय विशेष रूप से शामिल थे। बैठक में डॉ. राजेश राणा द्वारा प्रधान वैज्ञानिक अटारी लुधियाना जोन-एक ऑनलाइन जुड़े रहे। इस दौरान केंद्र के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विशाल डोगरा ने वर्ष 2023-24 के दौरान केंद्र की गतिविधियों एवं कर्यक्रमों का ब्यौरा पेश किया गया। केंद्र द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान की जाने वाली गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

## भरेड़ी अस्पताल में सरकार के आश्वासन के बाद डॉक्टरों ने शुरू किया काम

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

स्वास्थ्य मंत्री से हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ के साथ बैठक में संघ की विभिन्न मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और इन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया। जानकारी देते हुए भरेड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. वेंकटेश्वर ने बताया कि उन्होंने मिठाई बांट कार्य शुरू कर दिया है।

उन्होंने बताया कि बैठक में मांगों को पूरा करने के बाद संघ ने डॉक्टरों की हड़ताल को समाप्त करने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि डॉक्टर कठिन परिस्थितियों में निरंतर जनसेवा का दायित्व निभा रहे हैं। सरकार उनकी जायज मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है व डॉक्टरों के मनोबल को बनाए रखने के लिए एवं उनके हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार आवश्यक एवं व्यवहारिक निर्णय लेती रहेगी। डॉक्टरों का डायनामिक एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन सुनिश्चित करने के दृष्टिगत समिति का गठन किया गया है जो कि तीन महीनों में संघ की मांगों को ध्यान में रखते हुए अपनी रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को सौंपेगी।

वेंकटेश्वर ने बताया कि इस रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टरों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए आगामी निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को पोस्ट ग्रेजुएशन शुरू करने से पूर्व जो अनिवार्य समय सीमा का प्रावधान है, उसे कम करने को लेकर नियमों व कानूनी पहलुओं पर अध्ययन कर निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा चिकित्सकों को नियुक्ति स्थल पर आवासीय सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। बैठक में डॉक्टरों की एसीआर प्रक्रिया को मानव संपदा के एसीआर पोर्टल के माध्यम से पूरी तरह से ऑनलाइन करने पर भी सहमति बनी।



हड़ताल समाप्त करने पर मिठाई बांटते डॉक्टर्स।

## भरेड़ी में खेल छात्रावास बनाने को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

मुख्यमंत्री सुक्खू की घोषणा के बाद भरेड़ी में खेल छात्रावास स्पोर्ट्स हॉस्टल बनाने की कवायद शुरू हो गई। इससे अब करीब 25 वर्षों से चली आ रही मांग पूरा होने लगी है। इससे खेल प्रेमियों व खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। वीरवार को लोक निर्माण विभाग, युवा सेवाएं एवं खेल विभाग, शिक्षा विभाग और स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों ने भरेड़ी स्कूल के पुराने भवन के पास भूमि का निरीक्षण किया तथा इस भूमि को खेल छात्रावास के लिए उपयुक्त बताया।

जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार ने लोक निर्माण विभाग को भरेड़ी में खेल छात्रावास बनाने के लिए प्राकलन तैयार करने के आदेश दिए हैं। इसके लिए जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी विवेक कुमार व कोच विक्रम सिंह, लोक निर्माण विभाग भोरंज एसडीओ विजय कुमार, जेई मनोज शर्मा आदि ने छात्रावास के निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण किया है। निर्माण से पहले शिक्षा विभाग को भूमि की निशानदेही लेने को कहा गया है। छात्रावास बनने की कवायद शुरू होने से क्षेत्रवासियों व खिलाड़ियों में खुशी की लहर है।

लोक निर्माण विभाग उपमंडल भोरंज के सहायक अभियंता विजय कुमार का कहना है कि भरेड़ी में खेल छात्रावास के निर्माण को लेकर भूमि का निरीक्षण किया गया है। इसमें स्थानीय लोग व स्कूल के प्रधानाचार्य भी मौजूद रहे। खेल छात्रावास के निर्माण को लेकर प्राकलन बनाया जाएगा।

## कमजोर वर्गों का आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करेगा राष्ट्रीय पोर्टल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पीएम-सोशल अपलिफ्टमेंट एंड इंप्लॉयमेंट बेस्ड पब्लिक वेलफेयर (पीएम-सूरज) राष्ट्रीय पोर्टल के शुभारंभ अवसर पर उपायुक्त कार्यालय परिसर के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त अमरजीत सिंह, एडीसी मनेश यादव, जिला कल्याण अधिकारी गीता मरवाहा, जिला अग्रणी प्रबंधक लक्ष्मी नारायण काजल, तहसील कल्याण अधिकारी राकेश पुरी, अन्य अधिकारी, पंचायतीराज एवं शहरी निकायों के जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय पोर्टल का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को बैंकों द्वारा ब्याज दरों पर छूट प्रदान कर ऋण सहायता उपलब्ध करवाना है, जिससे कि उनका आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके। इससे पहले, जिला कल्याण अधिकारी गीता मरवाहा ने सभी अधिकारियों, स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों तथा लाभार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्तर के शुभारंभ समारोह का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।



वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते उपायुक्त अमरजीत सिंह व अन्य अधिकारी।

# नगर परिषद सुजानपुर के अध्यक्ष का फैसला आज

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नगर परिषद सुजानपुर की आज होने वाली बैठक में पता चलेगा कि वर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी अध्यक्ष रहेगी या फिर उनके खिलाफ नो कांफिडेंस मोशन पास हो जाएगा। नगर परिषद सुजानपुर की नो कांफिडेंस मोशन को लेकर आज महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है। नगर परिषद सुजानपुर में कांग्रेस के चार पार्षदों ने भाजपा की एक पार्षद के साथ मिलकर वर्तमान भाजपा समर्थित नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी के खिलाफ नो कांफिडेंस मोशन लाया था।नगर परिषद सुजानपुर में कुल नौ पार्षद हैं, जिनमें से पांच भाजपा समर्थित जबकि चार कांग्रेस समर्थित हैं। कांग्रेस समर्थित चार पार्षदों ने भाजपा की समर्थित एक पार्षद शकुंतला देवी के साथ मिलकर वर्तमान अध्यक्ष सुनीता देवी के खिलाफ नो कांफिडेंस मोशन का प्रस्ताव लाया था।

> **नो** कांफिडेंस मोशन को पास करने के लिए कुल नौ पार्षदों में से पांच पार्षदों के कोरमा की जरूरत है। अगर नगर परिषद की बैठक में पांच पार्षद ही पहुंचते हैं तथा पांचों अध्यक्ष के खिलाफ उन्हें हटाने का प्रस्ताव पारित करते हैं तो नो कांफिडेंस मोशन पास हो जाएगा। इसके बाद नया अध्यक्ष सुनने के लिए एक बैठक रखी जाएगी। इसमें नया अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।
>
> **-संजय कुमार, ईओ, नगर परिषद, सुजानपुर**

### भारत एक लोकतांत्रिक देश है : जसवाल

**हमीरपुर।** जय भारती कॉलेज ऑफ एजुकेशन लोहारीं में नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य से मतदान जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स को मतदान का महत्व समझाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसिपल माया देवी ने किया, जबकि सोशल एजुकेशन एंड ब्लॉक प्लानिंग ऑफिसर किशोरी लाल जसवाल ने शिरक्त की। जसवाल ने बताया कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां पर जनता का शासन चलता है। मतदान एकमात्र ऐसा साधन है, जिससे देश की जनता स्वयं अपने देश का विकास निर्धारित कर सकती है। ज्योत्सना आईटीआई के प्रिंसिपल सन्नी डोगरा ने कहा कि जागरूक मतदाता बनें और अच्छे नेता का चुनाव करें।

**प्रेस कांफ्रेंस** हिमाचल के लोग चारों सीटें जताएंगे और 400 पार करके दिखाएंगे

# अनुराग ठाकुर का नादौन पहुंचने पर भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान टीम, नादौन/बड़ा**

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से पांचवीं बार प्रत्याशी बनाए गए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का नादौन पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष देशराज शर्मा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, बलदेव शर्मा, कमलेश कुमारी, ठाकुर रघुवीर सिंह, वंदना योगी सहित काफी संख्या में नादौन व जिला के भाजपाइयों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। फिर मोदी, फिर अनुराग के नारे लगाए। नादौन विश्रामगृह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा पीएम मोदी ने हिमाचल को दूसरा घर मान कर मोदी ने हिमाचल का विकास किया है। हिमाचल की जनता भी चारों सीटें जिताएंगी और 400 पार करके दिखाएंगे। सीएए देश का कानून है लागू तो होगा ही। इससे किसी की नागरिकता नहीं जा रही है अपितु नागरिकता देने का काम हो रहा है। भाजपा ने राम मंदिर बनाने, तीन तलाक कानून 370-35 ए हटाने व सीसीए कानून बनाने का प्रण लिया था। हमने कानून भी बनाया और अब नियम भी बना दिए हैं। हमने सारे वायदे पूरे किए हैं।



अनुराग ठाकुर समर्थकों के साथ सामूहिक चित्र में।

## इन देवी-देवताओं ने बढ़ाई शिवरात्रि की शोभा


श्री देव शंकर भगवान।


जस माता दुर्गा।


देवी श्री ब्रह्म घटासन।


गढ़पति देव तुंगासी।


माता माहामाया।


श्री देव पराशर ऋषि।

# वाद्ययंत्र में श्री देव विष्णु मतलोड़ा सराज प्रथम

## अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान हुई प्रतियोगिता, देवलू नाटी में श्री देव कश्यपी दैंत बालीचौकी विजेता

**अनिल शर्मा, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में देवलू नाटी व वाद्य यंत्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन दिन तक चली प्रतियोगिता में सैकड़ों दलों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर चयनकर्ताओं ने खासी भूमिका निभाई। जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया ने बताया कि देवलु वाद्ययंत्र प्रतियोगिता में श्री देव विष्णु मतलोड़ा सराज ने प्रथम, श्री देव अजय पाल द्रंग काश्ला ने द्वितीय, श्री देव चुंजवाला बालीचौकी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं देवलु नाटी प्रतियोगिता में श्री देव कश्यपी दैंत बालीचौकी प्रथम, श्री देव सुहड़ा का गैहरी सुहड़ा द्वितीय, श्री देव ढगांडू बालीचौकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनों ही प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को मुख्यातिथि मंडलायुक्त राखिल काहलों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डीसी मंडी अपूर्व देवगन, जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया सहित चयनकर्ता शामिल रहे। वहीं अलग-अलग स्थानों से आए देवलुओं ने बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर मुकाबले को कड़ा किया, लेकिन विजेताओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए ताज हासिल किया। (अनंत ज्ञान)



अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में आयोजित देवलु वाद्ययंत्र प्रतियोगिता व देवलु नाटी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करती मंडलायुक्त राखिल काहलों।

## देवता के रथ सहित लुप्त हो गए थे चार लोग

**मंडी।** एक समय की बात है कि देव सुमुनाग सुमली सपैहणीधार के मंदिर के स्थान पर चार लोग देवता के रथ सहित तालाब में लुप्त हो गए। उसके कुछ समय पश्चात गाडा गांव के झीडी नामक स्थान में खेत जोतते समय एक मोहरा प्रकट हुआ। दूसरा सुकेत रियासत में सोमेश्वर महादेव के रूप में और तीसरा कुल्लू नगर में शेषनाग तथा चौथा बंजार में सोमनाथ के रूप में जमीन से ही प्रकट हुए। पुजारी गिरधारी, भंडारी उत्तम राम, पुजारी मोहर सिंह ने बताया कि दोनों ही देवता एक साथ रहते हैं। देव नगलवाणी नांडी से आए हैं। नगलवाणी धार में ग्वाले को शिवलिंग मिला था, लोग उसे चलौट के साथ चट्टान से ले आए, लेकिन कुछ दूर ले जाने के बाद जैसे ही उसे रखा तो वह फिर वहां से नहीं उठा और आकाशवाणी हुई कि मैं शिव हूं। उसके बाद देवता की वहां पूजा अर्चना होने लगी।




## सांप के काटने पर भक्तों की रक्षा करते हैं देव माहूंनाग

**मंडी।** देव माहूंनाग सांप के काटने पर भक्तों की रक्षा करते हैं और विष को हर लेते हैं। मंडी मुख्यालय से 35 किलोमीटर की दूरी पर तरौर नामक स्थान पर श्रीदेव मांहूनाग का लकड़ी और पत्थर से निर्मित प्राचीन शैली का मंदिर है। पुजारी दीनानाथ शर्मा ने बताया कि देव माहूंनाग का प्राचीन मंदिर जबराट जंगल में विराजमान है। प्राचीन समय में वहां दो चबूतरे मिले थे एक चबूतरे पर देव माहूंनाग के कड़ोले व त्रिशूल और दूसरे चबूतरे पर देवता का मंदिर निर्मित है। जिस समय मंदिर का निर्माण हुआ उस समय देवता ने स्वयं बता कर धन की व्यवस्था की थी। इसके साथ ही राज बेहड़े के साथ ही रियासत काल में राजा ने देवता को अलग से स्थान दिया है, जिसमें देवता महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान निवास करते हैं। देव माहूंनाग को विष का भंडारी कहा जाता है। यदि किसी को सांप, बिच्छू या पागल कुत्ते इत्यादि विषैली चीज ने काट लिया हो तो देवता को गाय के गोबर से चौका लगा याद किया जाता है और छोटा सा पत्थर श्रद्धानुसार दक्षिणा रख कर बांधा जाता है और फिर देवता के आदेशानुसार चरणामृत व विभूति खाने को दी जाती है तत्पश्चात रोगी स्वत ही ठीक हो जाता है। देवता का उत्पत्ति उत्सव ऋषि पंचमी को मनाया जाता है, इसके साथ ही देवता के पास चैत्र नवरात्र में दुर्गा पाठ का आयोजन होता है। अश्विन मास को व चैत्र के नवरात्र को जाग का आयोजन होता है व तीसरे नवरात्र को विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में देवी चतुर्भुजा शिरकत करती हैं।




## चंदन के रथ में विराजमान है देवी शक्ति राधा और देवता गवालादेव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

छोटी काशी में आजकल महाशिवरात्रि की धूम मची हुई है। शहर देव धुनों से गुंजायमान हो गया है। ऐसा लगता है कि जैसे सभी देवी-देवता अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए छोटी काशी में विराजमान हो गए हैं। इसी कड़ी में बल्ह घाटी के नागचला में देवी और देवता का ऐसा रथ विराजमान है जैसा मंडी के साथ लगते दो जिलों में कहीं नहीं है।

देवता का नाम राधा कृष्ण गवालादेव है और देवी माता आदित्य शक्ति राधा इनके साथ ही चलती है। देवता भगवान विष्णु के अवतार है। देवी-देवता के पुजारी नानक चंद ने बताया कि देवता का रथ पहले सूक्ष्म रूप में बुजुर्गों के पास विराजमान था जो पौराणिक समय में खंडित हो गया था।

नानक चंद ने बताया कि बचपन में ही उन्होंने खंडित मौहरों को पुजना शुरू कर दिया और उसके बाद देवता के रथ का निर्माण करवाया गया। उन्होंने बताया कि रथ को चंदन की लकड़ी से बनाया गया है और पुराने रथ को भी इसी रथ में समाहित किया गया है। उन्होंने बताया कि देवता की यह विशेषता है कि रथ के द्वारा ही किसी बीमार या टूने टोटके का इलाज किया जाता है। उन्होंने बताया कि देवता को सच्चे मन और श्रद्धा भाव से यदि पूजा जाए तो हर मनोकामना पूर्ण होती है। खास बात यह है कि देवता जिस घर में मेहमान नवाजी के लिए जाते है उसी घर के लोगों द्वारा देवता को लाया और ले जाया जाता है।





## जम्वाल बोले- हर वर्ग को पार्टी से जोड़ने का प्रयास

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने किसान ग्राम परिक्रमा यात्रा गांव चलो अभियान के पूर्ण होने के अवसर पर सुंदरनगर विधानसभा के डेहर में जनसभा को संबोधित किया। इस अभियान को भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व में चलाया गया। विधायक ने कहा कि प्रदेश में हर बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विस्तारक के रूप में जाकर बूथ कमेटी का गठन करते हुए बूथ का सशक्तिकरण किया। इस कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान के माध्यम से समाज के हर वर्ग को पार्टी से जोड़ने का कार्य किया और भाजपा की जीत को सुनिश्चित किया है। उन्होंने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस सरकार का लोगों के कल्याण से दूर-दूर तक कोई सरोकार नहीं है। तभी आज अपनी सरकार को संकट में देखकर पदों का लालच देकर सरकार को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आर्थिक संकट का रोना रोने वाले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह चुने हुए विधायकों के साथ साथ हारे-नकारे लोगों को कुर्सी का लॉलीपॉप दे रहे हैं। क्या मुख्यमंत्री आज यह बताने में सक्षम हैं कि अपनी कुर्सी बचाने के लिए इस प्रदेश का और कितना नुकसान करेंगे।

## टीकाकरण अभियान शुरू

**मंडी।** टीबी मुक्त हिमाचल प्रदेश कार्यक्रम के अंतर्गत व्यस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ वीरवार को डॉ. गोपाल बेरी निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हिमाचल प्रदेश द्वारा सभागार स्वास्थ्य विभाग मंडी में किया गया। इसका संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र भारद्वाज व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश ठाकुर ने किया। इसके अंतर्गत पहला टीका डॉ रविंद्र राज्य कार्यक्रम अधिकारी क्षय रोग उन्मूलन को लगाया गया। जिला क्षय रोग उन्मूलन अधिकारी डॉ. अरिंदम राय ने बताया कि पात्र व्यक्तियों की सूची तैयार है और उनकी सहमति से यह खुराक उन्हें दे दी जाएगी।

## जोगिंद्रनगर में खुली ब्राइट माइंडस अकादमी

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के वार्ड नं छह अभी कैंटीन के नजदीक ब्राइट माइंडस अकादमी की शुरूआत की गई। जिसमें मुख्य अतिथि नगर परिषद के उपप्रधान अजय धरवाल ने रिबन काटकर अकादमी का शुभारंभ किया। अकादमी के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश एलाइड, टीजीटी एसएससी हिमाचल प्रदेश पुलिस, पटवारी, जेओए, अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी। इसके अलावा एडीए, एडीसीए, डीएनटीटी, योगा, टेली तथा कटिंग टेलरिया जैसे कोर्स भी उपलब्ध रहेंगे। मुख्य अतिथि अजय धरवाल ने अकादमी चलाने के लिए चेयरमैन विकास गुप्ता तथा निदेशक अनिल भरेरिया को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और कहा कि आजकल के जमाने में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सही कोचिंग का होना बहुत जरूरी हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस ने झूठ बोलकर ठगी जनता: अनुराग

**संधोल।** केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने वीरवार को संधोल पहुचंकर जनसभा को संबोधित किया। रजत ठाकुर ने शॉल व टोपी भेंट कर उन्हें सम्मानित किया व युवा मोर्चा संधोल इकाई द्वारा विशाल फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रजत ठाकुर ने कहा कि केंद्र में रही कांग्रेस सरकारें घोटालों के लिए जानी जाएगी, लेकिन मोदी सरकार में देश का प्रत्येक क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश की जनता ने भाजपा की सरकार पर विश्वास किया है। देश को अनेक योजनाओं की सौगात मोदी सरकार ने दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलने का कार्य करती है। झूठे वादे करके जनता को ठगा है, न गोबर खरीदा न दूध खरीदा न रोजगार दिया। कांग्रेस केवल फॉर्म भरवाने का काम करती है।

### स्कूल-मंदिर को वाटर कूलर प्रदान किए

**सरकाघाट।** ग्राम पंचायत चोलथरा, बसंतपुर और सरौन के पंचायत समिति सदस्य व बसंतपुर ग्राम पंचायत के पूर्व में दो बार रहे प्रधान विजय कुमार ने ऐच्छिक निधि से केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला चोलथरा और शिव मंदिर कांगो का गल्लू को वाटर कूलर प्रदान किया है। उनका कहना है कि पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चों और शिव मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी में शीतल जल मिल सके इसके लिए उन्होंने वाटर कूलर का प्रावधान किया है। ग्राम पंचायत चोलथरा के प्रधान मेहर चंद गारला, उपप्रधान विजय बन्याल, केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला चोलथरा के केंद्रीय मुख्य शिक्षक सतीश शर्मा, अध्यापिका सरला देवी, एसएमसी अध्यक्षा रचना ठाकुर समिति सदस्य और शिव मंदिर कांगो का गल्लू की मंदिर कमेटी ने विजय कुमार का आभार प्रकट किया है।

### मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया

**मंडी।** स्वास्थ्य विभाग में 13 मेडिकल लैब टेक्नीशियन ग्रेड 2 को मेडिकल लैब टेक्नीशियन ग्रेड 1 पदोन्नति का तोहफा मिला है। इसके लिए लैब टेक्नीशियन संघ जिला मंडी इकाई के प्रधान अमरजीत शर्मा, महासचिव अच्छर सिंह यादव सहित मंडी कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल, स्वास्थ्य सचिव व निदेशक का धन्यवाद किया है।

### भाषण प्रतियोगिता में प्रिया रही प्रथम

**संधोल।** आर्यभट्ट राजकीय महाविद्यालय संधोल में सड़क सुरक्षा विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने श्रोताओं को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की। भाषण प्रतियोगिता में प्रिया प्रथम, सोनिया द्वितीय तथा शैलजा तृतीय स्थान पर रही। संधोल कॉलेज के छात्रों को ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर की जाने वाली पुलिस कार्रवाई का प्रत्यक्ष अनुभव करवाने के लिए फील्ड विजिट करवाई गई। इस दौरान पुलिस चौकी संधोल के प्रभारी सब इंस्पेक्टर जयराम शर्मा, हेड कांस्टेबल हेमराज ने छात्रों को मोटर व्हीकल एक्ट, माइनिंग एक्ट आदि विषयों की जानकारी दी। रोड सेफ्टी क्लब के सदस्यों ने वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की और ट्रैफिक नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर प्रो.नरेश कुमार, प्रो. राकेश ठाकुर, प्रो. अमृतेश कुमार मिश्र, प्रो. लीलाधर तथा प्रो. साहिल ठाकुर उपस्थित रहे।

### जोगिंद्रनगर में सीने में दर्द से महिला की मौत

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर की विद्युत व्यास वैली पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड में चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मी की छाती में उठे दर्द के कारण मौत की घटना पेश आई है। जानकारी के अनुसार बुधवार सायं महिला कमला देवी पत्नी ज्ञानचंद गांव जलाड डा. करसाल, को छाती में दर्द उठने के कारण जोगिंद्रनगर अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज करके मृतका का पोस्टमार्टम करवा के शव परिजनों को सौंप दिया है।

### मंदिर कमेटी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**मंडी।** श्री पराशर ऋषि मंदिर कमेटी बाहंदी मंडी ने भारत के राष्ट्रपति से पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न के मामले में दोषियों पर एट्रोसिटी एक्ट में कार्रवाई की मांग की है। कमेटी के अध्यक्ष बलवीर की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त मंडी के माध्यम से इस आशय का ज्ञापन राष्ट्रपति को भेजा है।

## हास्य कवि रतन लाल शर्मा को किया गया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, धनोटू**

स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संघ कोट, जिला बिलासपुर द्वारा भव्य सांस्कृतिक समारोह में हिमाचल के हास्य कवि रतन लाल शर्मा को सम्मानित किया गया। इनके साथ गए सुकेत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष गंगा राम राजी और सचिव कृष्ण चंद्र महादेविया को भी संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। सुकेत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद सुंदरनगर के तीन साहित्यकारों को सम्मानित किए जाने को लेकर सुप्रसिद्ध कहानीकार मुरारी शर्मा, कवयित्री रूपेश्वरी शर्मा, हरिप्रिया, सुरेंद्र मिश्रा,पवन चौहान, जगदीश कपूर ने बधाई दी है।

## आर्थिक मंदी का बहाना बना रही प्रदेश सरकार

**पधर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ खंड द्रंग जिला मंडी की मासिक बैठक प्रधान एमसी चौहान की अध्यक्षता में वन विश्राम गृह उरला में संपन्न हुई। प्रेस सचिव गोकल चंद ने कहा कि सरकार जानबूझकर मांगों को आर्थिक मंदी का बहाना बनाकर हर वर्ग को टालने में लगी हुई है। बैठक में यह भी व्यक्त किया गया कि बहुत से पेंशनर अपना हक लिए बिना ही स्वर्ग सिधार गए हैं, जबकि विकास में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। मांग की गई कि 1 जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के संशोधित वेतनमान के अनुरूप वित्तीय लाभ व एरियर एकमुश्त किया जाए।

## किरतपुर-मनाली फोरलेन से जोड़ा जाए सुंदरनगर-कपाही-लेदा मार्ग

### सुंदरनगर के ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

मंडी जिला के सुंदरनगर-कपाही-लेदा सड़क को फोरलेन से जोड़ने की मांग लगातार उठ रही है, लेकिन इस पर कोई सुनवाई न होने पर वीरवार को करीब एक दर्जन पंचायतों के ग्रामीणों ने उपमंडल अधिकारी (नागरिक) सुंदरनगर गिरीश समरा को ज्ञापन सौंप एक बार फिर से मांग उठाई है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया की परियोजना निदेशक एनएचएआई के माध्यम से पुंघ से नौलखा वाया मुहाल थला, देरडू, डोढवां, कलौहड़, जरल से नौलखा तक सुंदरनगर बाईपास फोरलेन सड़क मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। इस फोरलेन सड़क को कपाही सड़क व सुकेती खड्ड के ऊपर से ओवरब्रिज द्वारा जोड़ा जा रहा है और बीएसएल जलाशय के किनारे संबंधित कंपनियों द्वारा पुंघ से इस ओवरब्रिज तक फोरलेन सड़क मार्ग का निर्माण तकरीबन पूर्ण कर दिया गया है। जब तक कपाही सड़क मार्ग से ओवरब्रिज तक इस सड़क का निर्माण किया जा रहा था तो इसे फोरलेन से जोड़ रखा था, लेकिन काम पूरा होने के बाद कपाही सड़क को फोरलेन से काट दिया गया है। जिसके कारण फोरलेन से जुड़ने के लिए लोगों को अब कई किलोमीटर का सफर तय करना पड़ेगा। ग्रामीण कैप्टन टेक सिंह, पंडित अरुण प्रकाश आर्य, घनश्याम गुप्ता, प्यार सिंह, राम कृष्ण, अमी चंद चंदेल, रूप सिंह राघवा, नरेश राघवा व वीरेंद्र ठाकुर ने कहा कि सुंदरनगर-कपाही सड़क को फोरलेन के दोनों किनारों से जोड़ा जाए अन्यथा जनता को धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

**बेखौफ** बिना ग्लब्स के बेची जा रही खाद्य सामग्री, नियम ताक पर

## धूल-मिट्टी में बिक रही मिठाइयां, सेहत से खिलवाड़

**पुष्पराज, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में मिठाई और गोलगप्पे बिना ग्लब्स के बेचे जा रहे हैं। हजारों लोगों के पैरों तले उड़ती धूल मिठाइयों पर सीधे तौर पर बैठ रही है और लोग उसे ही खरीद कर खा रहे हैं। हालांकि कुछ दुकानदारों ने मिठाइयों को ढक कर रखा है, लेकिन कुछ नियमों को ताक पर रख कर काम कर रहे हैं।

फूड सेफ्टी विभाग ने मात्र छह सैंपल लेकर चार लोगों को नोटिस जारी कर अपने कर्तव्य से इतिश्री कर ली है। विभाग की उदासीनता को देखते हुए लोगों ने फूड सेफ्टी विभाग को एक्टिव करने की मांग की है। वहीं आलू चन्ना और कचौरी वालों ने न तो हाथों में ग्लब्ज पहने हैं और न ही खाने की चीजों को ढख कर रखा है और समोसे वाले भी खुले में रखकर ही सामान को बेच रहे हैं। लगभग 80 प्रतिशत व्यापारी खाने की सामग्री को मेले में ढक कर नहीं रख रहे है। वहीं गोलगप्पे वाले भी बिना ग्लब्ज के ही गोलगप्पे बेच रहे हैं, सिड्डू, मोमो वाले भी सावधानी नहीं बरत रहे। उधर, असिस्टेंट कमिश्नर फूड सेफ्टी विजया गौतम ने बताया कि विभाग द्वारा सभी खाद्य सामग्री विक्रेताओं पर कड़ी नजर रखी गई है और नियमों की अवहेलना करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि शिवरात्रि मेले के दूसरे दिन ही मोबाइल वैन द्वारा छह सैंपल लिए जिनमें से चार लोगों को नोटिस जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान जूस, तरल पदार्थों के भी मौके पर टेस्ट किए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा बिना लाइसेंस वालों और नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



खुले में बिना ढके रखी मिठाई और खाद्य सामग्री।

## 24 घंटे के भीतर हटानी होगी प्रचार सामग्री : मनीष चौधरी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता लगते ही सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को सरकारी भवनों से 24 घंटे जबकि निजी भवनों में लगी सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को भी 72 घंटों के भीतर हटाना होगा। यह बात एसडीएम ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से गठित आदर्श चुनाव आचार संहिता कमेटी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कमेटी को निर्देश दिए कि सरकारी भवनों से 24 घंटे, सार्वजनिक स्थानों से 48 घंटे तथा निजी भवनों से 72 घंटे के भीतर सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को हटाना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने इस संदर्भ में संबंधित कमेटी को निर्धारित प्रपत्र में कार्य प्रगति रिपोर्ट की जानकारी को समयबद्ध उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रचार सामग्री में सभी प्रकार के बैनर, होर्डिंग, नारा लेखन, दीवार लेखन इत्यादि शामिल रहेंगे। इसके अलावा सरकारी कार्यालयों व भवनों में लगे ऐसे सभी प्रकार के चित्रों, फोटो अथवा कैलेंडर को भी हटाने के निर्देश दिये जिसमें आचार संहिता उल्लंघन होने की संभावना हो उन्हें समय रहते हटा दिया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### गगरेट में कांग्रेस-भाजपा व कर्मचारी नेता सक्रिय

**गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव को लेकर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता, परंतु कुछ नेता अभी से ही सक्रिय हो गए हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों में ऐसी स्थिति है इसके अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े कुछ कर्मचारी नेता भी चुनाव लड़ने की इच्छा जता रहे हैं। धीरे-धीरे स्थिति एक अनार सौ बीमार वाली बनती जा रही है। इसको लेकर आम जनमानस का कहना है कि अगर चुनाव होते हैं तो टिकट गगरेट के धरतीपुत्र को ही मिलना चाहिए, दोनों दलों के बारे में आम जनमानस की यही राय है।

### दो छात्र सैनिक स्कूल परीक्षा के लिए चयनित

**जोल।** ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस रिजल्ट 2024 ऑफिशियल वेबसाइट पर वीरवार सुबह जारी किया गया, जिसमें शहीद भगत सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोहारी के दो छात्र अभिषेक ठाकुर पुत्र सुशील कुमार और विनीत सिंह पुत्र सुशील कुमार ने परीक्षा को उत्तीर्ण किया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रभात शर्मा ने बताया कि अभिषेक ठाकुर और विनीत सिंह दोनों ही स्कूल के होनहार छात्र हैं। दोनों बच्चों के द्वारा परीक्षा सफल किया जाना स्कूल के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने बच्चों व उनके अभिभावकों को भी इसके लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने स्कूल के अन्य छात्र-छात्राओं से भी अभिषेक ठाकुर और विनीत से प्रेरणा लेते हुए शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

### स्वास्थ्य निदेशक से मिला फार्मेसी अधिकारी संघ

**जोल।** हिमाचल प्रदेश अस्पताल फार्मेसी अधिकारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं से शिमला स्वास्थ्य निदेशालय में शिष्टाचार भेंट की। सभा में संघ राज्य अध्यक्ष राजेश कुमार ने स्वास्थ्य निदेशक का नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के छोटे से आग्रह पर फार्मेसी अधिकारियों को मुख्य फार्मेसी अधिकारी के रूप में पदोन्नत करने, पद्दोन्नती में दिव्यांग कोटा लागू करने, स्पोर्ट्स व विकलांग कोटा में फार्मेसी अधिकारियों की भर्ती करने के लिए विशेष रूप से धन्यवाद किया। साथ ही उन्होंने फार्मेसी अधिकारी व मुख्य फॉर्मेसी अधिकारियों के खाली पड़े पदों पर भर्ती व अतिभारित स्वास्थ्य संस्थानों, ब्लॉक व ब्लॉक मुख्यालयों पर आवश्यक पदों का सृजन करने, 2002 में भर्ती हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन में लेने की सूची की अधिसूचना व प्रमोशन चैनल बनाने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना जल्द ही उन्हें पूरा करने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर राज्य वैधानिक सलाहकार राकेश चंदेल, महासचिव कुशाल सिंह, वित्त सचिव डीडी ठाकुर, ऑर्गेनाइजिंग सचिव प्रवेश कुमार, प्रेस सचिव धीरज आनंद, सोलन जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा, सह-सचिव डॉ. राहुल सौंडल, हरप्रीत शर्मा सिरमौर महासचिव, फॉर्मेसी अधिकारी शांता शर्मा, कल्पना गर्ग मौजूद रहे।

### डेरा हरीशाह अंबोया में श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**गोंदपुर बनेहड़ा।** ज्येष्ठ वीरवार पर अंबोया डेरा हरीशाह दरबार दाता खिजर जिंदा पीर में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेका। दाता जी के दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन के बाद दरबार के लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर डेरा के मुख्य सेवक बाबा राकेश शाह पोली शाह उपस्थित रहे। वहीं, डेरा बाबा रूद्रानंद आश्रम अच्युतानंद में भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने अखंड धूने पर माथा टेका और डेरा के महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कीर्तन सत्संग के बाद श्रद्धालुओं ने डेरा के लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। उधर, माता भद्रकाली, कोटला कलां राधा कृष्ण मंदिर और डेरा रुद्रु नारी बसाल के दरबार में भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने संक्रांति के पावन अवसर पर शीश नवाया।

### ब्लॉक कांग्रेस गगरेट ने सुनी जनसमस्याएं

**गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने वीरवार को रेस्ट हाउस में जन समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर ब्लॉक समिति के प्रधान सुरेंद्र ठाकुर महासचिव वेद पाराशर रमन जसवाल अश्विनी ठाकुर और काफी संख्या में वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इस अवसर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि उनके पास गगरेट विधानसभा क्षेत्र के लोग जो भी समस्याएं लेकर आ रहे हैं उनकी समस्याओं को सुलझाने का पूरा-पूरा प्रयास किया जाएगा। इलाके के विकास कार्य न रुके इसके लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।


### बाबा बाल जी महाराज को किया सम्मानित



बाबा बाल जी महाराज को सम्मानित करते हिमोत्कर्ष परिषद के पदाधिकारी।

**ऊना।** हिमोत्कर्ष परिषद ऊना के पदाधिकारियों ने बाबा बाल जी महाराज को जन्म दिवस पर आश्रम में पहुंचकर बधाई दी। परिषद सदस्यों ने बाबा बाल जी महाराज को फूल माला, पुष्प गुच्छ व परिषद की स्मारिका भेंट कर सम्मानित किया। परिषद ने बाबा बाल जी महाराज के स्वस्थ जीवन व दीर्घ आयु की भी कामना की। इस अवसर पर हिमोत्कर्ष प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, प्रदेश महासचिव डा. रविंद्र सूद, नरेश सैनी, जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा, हिमोत्कर्ष जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया, परिषद संगठन सचिव राजीव भनोट, मुनिंद्र अरोड़ा, रजनीश लुंबा, विजय साहनी, अशोक ऐरी, मंजू मनकोटिया, राजन पुरी व अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### लिवगार्ड ने स्कूल में लगाया सोलर पैनल



सोलर पैनल स्थापित करवाने के बाद स्कूल स्टाफ के साथ।

**अंब।** लिवगार्ड ग्रुप मुबारिकपुर द्वारा बुधवार को आदर्श माध्यमिक विद्यालय मुबारिकपुर में सोलर पैनल लागया गया। अब सोलर पैनल लगने से स्कूल का बिजली बिल शून्य हो जाएगा। स्कूल के प्रधानाचार्य दिलबाग राणा ने स्कूल में सोलर पैनल लगाने, शौचालय का नवीनीकरण करने, कबड्डी शेड बनाने, पीने के पानी के नल लगाने के लिए लिवगार्ड ग्रुप की सराहना की है। लिवगार्ड हैड उपहार ने बताया कि प्रदेश के 12 स्कूलों में सोलर पैनल लगाए जाएंगे। सोलर पैनल लगाने से पर्यावरण को बढ़ावा मिलेगा तथा पेड़ों का कटान कम होगा। कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होगा इस मौके पर अश्वनी व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### जुमलों से काम चलाने वाले मांग रहे हिसाबः राम



**ऊना।** केंद्र की मोदी सरकार देश की जनता से 10 साल के जो वायदे पूरे नहीं कर पाई, लेकिन आज भाजपा सरकार और उसकी पार्टी के लोग प्रदेश की कांग्रेस सरकार से 14 महीने का हिसाब मांग रहे हैं। 10 सालों में केंद्र की सरकार ने जुमलों से देश की जनता को ठगने का काम किया है। वीरवार को यहां जारी बयान में कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने वायदा किया था कि हर साल 2 करोड लोगों को रोजगार दिया जाएगा। यानी 10 सालों के कार्यकाल में 20 करोड लोगों को रोजगार मिल जाना चाहिए था। कितना रोजगार लोगों को मिला है यह देश की जनता अच्छी तरह से जानती है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने 14 महीने के कार्यकाल में अपनी लगभग सभी गरंटियों को पूरा करने का काम किया है। अगर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने विकास करवाया होता तो वह जनता को दिखता अगर आज विकास न करवाने की बात हो रही है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। रेल के मुद्दे पर अनुराग ठाकुर ने हमेशा ही झूठ बोला है। कांग्रेस का कोई भी नेता जब उनकी इस बात को सामने लाता है तो उसके खिलाफ बयानबाजी की जाती है। मुख्यमंत्री ने हमीरपुर दौरे के दौरान रेल को लेकर जो बयान दिया है वह सही है आने वाले लोकसभा चुनाव में अनुराग ठाकुर की दिक्कतें बढ़ने वाली हैं।

### आयुष विभाग ने लगाया चिकित्सा शिविर

**ऊना।** ज़िला आयुर्वेदिक अधिकारी ज्योति कंवर ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा झलेड़ा की हिलव्यू कालोनी तथा चढ़तगढ़ में निःशुल्क मल्टी स्पेशियलिटी चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। हिलव्यू कालोनी झलेड़ा में 185 तथा चढ़तगढ़ में 315 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उन्होंने कि 125 मरीजों के खून ने नमूने लेकर जांच की गई।

# चिंतपूर्णी में चैत्र नवरात्र मेला 9 अप्रैल से, 24 घंटे खुला रहेगा मंदिर

## मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 400 सुरक्षा कर्मी होंगे तैनात

**अनंत ज्ञान, ऊना**

माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में चैत्र नवरात्र मेला 9 से 17 अप्रैल तक आयोजित होगा। यह जानकारी एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने मेला के सफल आयोजन के लिए बाबा श्री माईदास सदन के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि एसडीएम अंब मेला अधिकारी होंगे, जबकि डीएसपी अंब को पुलिस मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। मेले के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला क्षेत्र को चार सेक्टर में बांटा जाएगा तथा 400 पुलिस व होमगार्ड जवान तैनात किए जाएंगे। मंदिर व मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों का समुचित उपयोग किया जाएगा, ताकि असामाजिक तत्वों के जरिए होने वाली अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके।

एडीसी ने मंदिर अधिकारी को सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडीसी ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए दर्शन पर्ची अनिवार्य होगी तथा यह पर्ची बाबा श्री माईदास सदन, नया बस अड्डा तथा शंभू बैरियर से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने को चिंतपूर्णी अस्पताल में 24 घंटे सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसके लिए खंड चिकित्सा अधिकारी अंब मेला चिकित्सा अधिकारी होंगे।

इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग तथा उन्होंने मेले के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ व साफ-सुथरा पेयजल मुहैया करवाने के लिए जल शक्ति विभाग को पेयजल स्त्रोतों की स्वच्छता व समुचित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग भी सुचारु बिजली आपूर्ति के लिए सभी आवश्यक निरीक्षण कर लें। सुरक्षा के दृष्टिगत मेलावधि के दौरान मंदिर में नारियल ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

उन्होंने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह साइन बोर्ड लगवाना भी सुनिश्चित किया जाएगा। महेंद्र पाल ने बताया कि मेले के दौरान लंगर लगाने के लिए लंगर कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके लिए 10 हज़ार रुपए फीस निर्धारित की गई है। इसके अलावा लंगर आयोजकों को लंगर कमेटी द्वारा स्वच्छता व सड़क सुरक्षा सहित सभी निर्धारित नियमों का पालन करना होगा अन्यथा उन्हें लंगर के लिए जारी किए गए परमिट रद्द किए जा सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि माता श्री चिंतपूर्णी में भिक्षावृत्ति पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए अग्निशमन विभाग को मेले से पूर्व अग्निशमन यंत्रों को पूरी तरह से कार्यशील करने के निर्देश दिए। बैठक में यातायात प्रबंधन, विद्युत व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के रहने संबंधी व्यवस्था के अतिरिक्त साफ सफाई की व्यवस्था रखने बारे भी विस्तार से चर्चा की गई।

इस मौके पर एसडीएम विवेक महाजन, एएसपी संजीव भाटिया, सीएमओ संजीव वर्मा, डीएसपी अंब सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## मैड़ी में होली मेला 17 से, 1700 पुलिस व होम गार्ड कर्मी संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा, एडीसी ने लिया तैयारी का जायजा

**ऊना।** मैड़ी स्थित डेरा बाबा बडभाग सिंह में 17 मार्च से होली मेला शुरू होगा। 25 मार्च को निशान साहिब (झंडा चढ़ाने) की रस्म अदा की जाएगी, जबकि 27 मार्च की मध्यरात्रि को पंजा प्रसाद वितरित किया जाएगा। मेले को लेकर वीरवार को एडीसी की अध्यक्षता में बचत भवन अंब में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। महेंद्र पाल ने बताया मैड़ी मेले के सफल आयोजन को लेकर गुरुद्वारा प्रबंधन, स्थानीय पंचायत समिति, पंचायत प्रधान सहित विभिन्न विभागों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। पुलिस व यातायात प्रबंधन सहित स्वच्छता, विद्युत, पेयजल प्रबंधन को लेकर सभी एजेंसियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं।

उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र में मेडिकल पोस्ट भी उपलब्ध रहेगी। एडीसी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पूरे मेला क्षेत्र को 10 सेक्टरों में बांटा जाएगा और प्रत्येक सैक्टर में एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा एक-एक सैक्टर पुलिस ऑफिसर की तैनाती की जाएगी। मेले के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व होमगार्ड के 1700 जवान तैनात होंगे। एडीसी ने कहा कि मेले के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के पर्याप्त अस्थायी शौचालयों का निर्माण किया जाएगा तथा जगह-जगह कुड़े दान तथा इनके रखरखाब के लिए अस्थायी सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। मेले के दौरान लंगर लगाने से पूर्व एसडीएम अंब से अनुमति लेनी अनिवार्य होगी।

### मेले में आग्नेय अस्त्र लाने पर पाबंदी

**ऊना।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि उपमंडल अंब स्थित मैड़ी में आयोजित होने वाले मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला ऊना में धारा 144 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों के अनुसार मेला अवधि के दौरान डयूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर किसी भी अन्य व्यक्ति को आग्नेय अस्त्र लेकर चलने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। मेले के दौरान ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए जिला प्रशासन, प्रबंधन डेरा बाबा बडभाग सिंह, मंजी साहिब और चरण गंगा के अलावा किसी भी व्यक्ति के लिए लाउड स्पीकर के इस्तेमाल करने पर पूर्ण मनाही रहेगी। इसके अतिरिक्त मेले क्षेत्र में ब्रॉस बैंड, ड्रम, लंबे चिम्टे अन्य शोर-शराबा करने वाले उपकरण इत्यादि के लाने पर भी पूर्ण पाबंदी रहेगी। यदि कोई व्यक्ति इन वस्तुओं को अपने साथ लाता है तो उन्हें बैरियर पर ही पुलिस के पास जमा करवाना होगा। बाबा बड़बाग सिंह का प्रबंधन कमेटी श्रद्धालुओं को मंजी साहिब की ओर खुलने वाले दरवाजे से बाहर जाने की व्यवस्था करेंगे और लंगर से वापिस आने वाले श्रद्धालु पिछले दरवाजें से बाहर जाएंगे। जिलाधीश ने कहा कि मंजी साहिब के सराये लंगर भवन की ओर से श्रद्धालुओं की एंट्री बंद रहेगी जबकि गुरुद्वारा के नजदीक प्रवेश द्वार के माध्यम से सराये जाने की अनुमति होगी।

# विधायक सुदर्शन बबलू ने आपदा प्रभावितों को बांटी राहत राशि

**अनंत ज्ञान, जोल**



जोल विश्राम गृह में लाभार्थियों के साथ विधायक सुदर्शन बबलू।

जोल विश्राम गृह में वीरवार को विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने सरकारी सहायता के पात्र लाभार्थियों को चेक वितरित किए। इसमें विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बरसात में हुए नुकसान, प्राकृतिक आपदा से पीड़ित व्यक्तियों में करीब 50 लाभार्थियों को 16,73,273 की राशि वितरित की।

इस दौरान पर ब्लॉक कांग्रेस प्रधान डॉक्टर रविंद्र शर्मा, सहकारी कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष विजय शर्मा, कांग्रेस सेवादल के पंडित आत्मा राम शर्मा, ओबीसी सैल के अध्यक्ष सतीश कुमार, रघु दत्त, सवर्ण सिंह, उपाध्यक्ष जसवीर सिंह, मदन लाल, टकोली उपप्रधान पंकज रनौत सहित काफी लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक बबलू ने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता के प्रति पूरी ईमानदारी व संजीदगी के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस सरकार को गिरोन की पूरी कोशिश की परंतु सफलता नहीं मिली। हिमाचल में कांग्रेस की सरकार पूरी तरह से मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में मजबूती के साथ पांच साल पूरी करेगी और आने वाले लोकसभा चुनावों में प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी अपना जीत का परचम लहराएगी।

# अनिल कुमार बने बढेड़ा को ऑपरेटिव सोसायटी के प्रधान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हरोली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ती बढेड़ा को-ऑपरेटिव एग्रीकल्चर सोसायटी के चुनाव में अनिल कुमार को प्रधान चुना गया है और उपप्रधान के पद पर छोटू राम को नियुक्ति दी है। कमेटी में सात सदस्य भी शामिल किए गए हैं।

चुनावों के दौरान वार्ड नंबर एक में राकेश कुमार, वार्ड नंबर दो में राम लाल, वार्ड नंबर तीन में जीत सिंह, वार्ड नंबर चार में छोटू राम, वार्ड नंबर पांच में देशराज राणा, वार्ड नंबर छह में अनिल कुमार, वार्ड सात में नरेंद्र सिंह राणा, आठ में धर्मपाल, नौ वार्ड में रक्षा देवी विजयी घोषित हुए थे। सचिव अनीता राणा ने बताया कि चुनाव रिटर्निंग अधिकारी उमेश कुमार शर्मा इंस्पेक्टर को-ऑपरेटिव सोसायटी की अध्यक्षता में संपन्न हुए थे। अब कमेटी का गठन हो गया है।



नवनियुक्त प्रधान सुनील कुमार अपनी टीम के साथ।

### हर प्राणी को श्री राम नाम का करें जाप : डॉ. सुमन

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के श्री राम नाटक क्लब हटली में चल रही श्री राम कथा के दूसरे दिन प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने शिव सत्ती प्रसंग सुनाया, कि कैसे माता सत्ती ने प्रभु श्री राम जी के बनवास पर परीक्षा ली थी।



उन्होंने कहा कि कथा सुनने का एक विधान है। श्रोतागणों को मन में भगवान के प्रति सच्ची भावना लेकर एकाग्र मन से कथा का श्रवण करना चाहिए। और जब तक कथा विश्राम न हों, तब तक एकाग्र मन से कथा का श्रवण करने पर कथा का फल मिलता है। उन्होंने कहा कि श्री राम नाम ही मनुष्य को भाव सागर पार लगाता है। इसलिए हर प्राणी को श्री राम नाम का जाप करना चाहिए।

### बागी विधायकों में जनता का सामना करने का साहस नहीं : विकास

**गगरेट।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ह्यूमन राइट एंड लीगल सैल के प्रांतीय महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता विकास कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार गिराने की साजिश रचने वाले अयोग्य करार दिए गए कांग्रेसी बागी विधायकों में अब इतना साहस भी नहीं रहा कि वह अपने विधानसभा क्षेत्रों में आकर जनता का सामना कर सकें। यही वजह है कि अब ये लोग प्रदेश के बाहर मुंह छुपाए बैठे हैं। उन्होंने कहा कि एक न एक दिन इन्हें जनता का सामना करना ही होगा और जनता के सवालों के जवाब देने ही होंगे।

यहां आयोजित पत्रकारवार्ता में विकास कश्यप ने कहा कि जनता ने इन विधायकों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए चुना था लेकिन ये विधायक अपना राजधर्म भूलकर अपने निजी हित साधने में जुट गए। उन्होंने दावा किया कि अगर ये विधायक कांग्रेस टिकट की बजाय आजाद चुनाव मैदान में उतरते तो इनका अपनी लोकप्रियता का भ्रम भी टूट जाता। ये लोग भूल बैठे थे कि मुख्यमंत्री सुक्खू व्यक्तिगत हित साधने के लिए सत्ता में नहीं आए हैं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए सत्ता में आए हैं। उन्होंने दावा कि किया छह के छह विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस फिर से जीत का परचम लहराएगी।

# अनुराग ठाकुर बीस सालों का लेखा जोखा साथ रखें : सतपाल रायजादा

**अनंत ज्ञान, ऊना**



ऊना सदर कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सतपाल रायजादा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता के बीच बीस सालों का लेखा जोखा लेकर जाएं। हमीरपुर में जाने वाली रेल से लेकर कई जुमले पूरे नहीं हुए। उन्होंने कांग्रेस टिकट को लेकर सवाल पर कहा कि लोकसभा चुनावों के लिए टिकट का फैसला पार्टी आलाकमान करता है। किसी को भी टिकट मिले कांग्रेस एकजुटता के साथ मैदान में उतरेगी। अगर पार्टी आलाकमान उनको संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाता है तो वे तैयार हैं।

ऊना में पत्रकारों से बातचीत में रायजादा ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से बीजेपी द्वारा घोषित प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से बीस सालों का हिसाब मांगा है। उन्होंने ऊना से हमीरपुर रेल लाइन, बंगाणा से धनेटा सुरंग और हमीरपुर में खेल मैदान को लेकर अनुराग को निशाने पर लिया। जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि अनुराग ठाकुर अगले लोकसभा चुनाव में जनता के बीच जाकर पिछले चार कार्यकाल का हिसाब जनता को देने का कष्ट करें। उनको दो दशक से क्षेत्र के लिए क्या किया है यह बताना होगा। संसदीय क्षेत्र में कभी पीजीआई सैटेलाइट सेंटर तो कभी मंदली - लठियाणी पुल को लेकर जनता को गुमराह किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अनुराग ठाकुर को शिकस्त देकर संसदीय चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि जुमलों वाली केंद्र सरकार और स्थानीय भाजपा के नेता डेढ़ साल की सरकार से हिसाब मांग रहे हैं। केंद्र ने दस सालों में हिमाचल और देश को क्या दिया? हिमाचल सरकार ने तो अपनी प्रमुख वायदे पूरे कर दिए हैं।

रायज़ादा ने कहा कि अनुराग ने सिर्फ योजनाओं के शिलान्यास ही करवाए, लेकिन किसी भी योजना का लोकार्पण नहीं करवा पाए। कभी पीजीआई सैटेलाइट सेंटर के नाम पर राजनीति हुई तो कभी मंदली पुल के नाम पर, लेकिन जनता अब बीजेपी के बहकावे में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल में पांच गारंटी पूरी करते हुए कांग्रेस ने दृढ़ इच्छा शक्ति का उदाहरण पेश किया है लेकिन बीजेपी के लोग पिछले 20 सालों से किए जा रहे वायदे भी भूल गए हैं।

# मतदाता जागरूकता के तहत चलाया हस्ताक्षर अभियान




हस्ताक्षर अभियान शुरू करने के बाद कालेज छात्र और शिक्षक एक साथ।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान हेतु लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से वीरवार को अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने किया। उन्होंने छात्रों को आगामी होने वाले चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इसके बाद स्वीप और नेहरू युवा केंद्र ऊना के तत्वाधान में छात्रों को शपथ दिलवाई गई और मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का छात्रों ने संकल्प लिया।

इस अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा स्वीप के नोडल अधिकारी प्रो. सिकंदर नेगी ने बताया कि आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में अधिकतर छात्र अपना मत का पहली बार प्रयोग करेंगे।

उन्होंने बताया कि लोकतंत्र में मताधिकार किसी भी व्यक्ति की सबसे बड़ी ताकत होती है। हमें प्रत्येक चुनाव में मतदान करके एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय देना चाहिए। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर, स्वीप के नोडल अधिकारी प्रोफेसर सिकंदर नेगी, प्रोफ़ेसर नंद लाल, नेहरू युवा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अक्षय शर्मा और ऋषभ चौधरी, कैंपस एंबेसडर विशाल सोनी, सबीता, एनएसएस के कैप्टन अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे।


**रेट** | जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने जारी की अधिसूचना

# जरूरी खाद्य पदार्थों के मूल्य निर्धारित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

आम लोगों व उपभोक्ताओं को बाजार में गुणवत्तापूर्ण व उचित मूल्य पर आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के मद्देनजर जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने जमाखोरी व मुनाफाखोरी रोकथाम आदेश 1977 के अंतर्गत एक अधिसूचना जारी कर आवश्यक वस्तुओं के अधिकतम विक्रय मूल्य निर्धारित किए हैं, ताकि जिला में कोई भी विक्रेता अथवा दुकानदार निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत नहीं वसूल सके।

अधिसूचना के अनुसार जिला ऊना में बकरे व भेड़े का मीट 500 रुपए प्रति किलोग्राम, सूअर का 250 रुपए प्रति किलोग्राम तथा चिकन ब्रॉयलर 220 रुपए प्रति किलोग्राम, जीवित मुर्गा 150 रुपए प्रति किलोग्राम, ब्रायलर ड्रिंक्स 210 रुपए प्रति किलोग्राम, जबकि मछली, मत्स्य विभाग द्वारा निर्धारित अधिकतम मूल्य पर बिक सकेगी।



जिला दंडाधिकारी ने कहा कि जिला में ढाबों पर पका हुआ भोजन फुल डाइट चावल, चपाती के साथ दाल, सब्जी व कढ़ी 80 रुपए, हाफ डाइट एक प्लेट चावल के साथ दाल व सब्जी 50 रुपए, चपाती तवा 7 व तंदूरी 8 रुपए, विशेष सब्जी प्रति प्लेट 70 रुपए, भरवां परांठा आचार के साथ 30 रुपए, स्पेशल दाल 70 रुपए, चावल फुल प्लेट 50 रुपए, रायता 50 रुपए प्रति प्लेट, मीट 5 पीस 200 ग्राम प्रति प्लेट के साथ कढ़ी 130 रुपए, चिकन का मूल्य 5 पीस 200 ग्राम 110 रुपए प्रति प्लेट करी के साथ निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त दो भटूरे चने या सब्जी के साथ 55 रुपए, समोसा चना 30 व दो समोसा चना 50 रुपए प्रति प्लेट बिक सकेगी। इसी तरह दुग्ध उत्पादों में दूध 60 रुपए प्रति लीटर, पनीर 320 रुपए व दही 70 रुपए प्रति किलोग्राम बेचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सभी ब्रांड की कोल्ड ड्रिंक्स अधिकतम खुदरा मूल्य की निर्धारित दरों के हिसाब से बचे सकेंगे।

जतिन लाल ने कहा कि प्रत्येक विक्रेता अथवा दुकानदार उपभोक्ता को कैश मीमो जारी करेगा, जिसकी डुप्लीकेट कापी निरीक्षार्थ अपने पास रखेगा। इसके अलावा विक्रय संस्थान के मालिक या हिस्सेदार या प्रबंधक के द्वारा दिनांक सहित हस्ताक्षर की हुई वस्तुओं की रेट लिस्ट संस्थान के प्रवेश द्वार पर लगाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि निर्धारित किए गए दाम आगामी एक माह के लिए लागू रहेंगे। उन्होंने कहा कि निर्धारित की गई मूल्यों की दरें टूरिज्म विभाग से पंजीकृत होटल और रेस्टोरेंट पर लागू नहीं होंगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रजवाडी
### विकास खंड धनोटू, तहसील बल्ह जिला मंडी

आज दिनांक 26/02/2024 को ग्राम पंचायत रजवाडी की मासिक बैठक प्रधान श्री मनोज कुमार जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें उपस्थिति 07/07 रही। जिसमें निम्न कार्यावाही अमल में लाई गई। **प्रस्ताव संख्या 5 - ग्राम पंचायत रजवाडी के विभिन्न विकास कार्यों में विविध सामग्री प्रयोग हेतु निविदाएं/कोटेशनें आमंत्रित करने बारे।** यह कि बैठक में सर्वसम्मति से विनिश्चय हुआ कि ग्राम पंचायत रजवाडी में विभिन्न मदों के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 में विकास कार्य करवाए जाने हैं जिस हेतु निम्न प्रकार से सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु कोटेशने आमंत्रित की जानी अनिवार्य हैं ताकि विकास कार्यों को सुचारु रूप से चलाया जा सके।

| क्रं. सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा इकाई | क्रं. सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा इकाई |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 12. | शटरिंग | प्रति square feet |
| | | | 13. | सरिया (ISI Marked) | प्रति क्विंटल |
| 1. | रेत (Local Quarry) | प्रति घनमीटर | 14. | दीवार लेखनी (Wall Writing) | प्रति square feet |
| 2. | रेत (क्रशर की) | प्रति घनमीटर | 15. | SILT SAND | प्रति घनमीटर |
| 3. | बजरी 20mm (Local Quarry) | प्रति घनमीटर | 16 | इंटरलॉक टाइल्स (सभी साइज ) | प्रति square feet |
| 4. | बजरी 40mm (Local Quarry) | प्रति घनमीटर | 17 | सीमेंट ढुलान | प्रति बैग |
| 5. | बजरी 20mm (क्रशर की) | प्रति घनमीटर | 18 | पीवीसी पाइपें (सभी साइज) | प्रति फुट |
| 6. | बजरी 40mm(क्रशर की) | प्रति घनमीटर | 19 | सीमेंट ब्लाक ((सभी साइज) | प्रति square feet |
| 7. | सोलिंग/ बोल्डर पत्थर | प्रति घनमीटर | 20 | RCC PIPES AND COLLER सीमेंट Banches | प्रति पीस |
| 8. | पत्थर (Cut Stone) | प्रति घनमीटर | | | |
| 9. | पक्की ईंटे (मिटटी के भटे की ) (2nd Class) | प्रति हजार | 21 | सनेट्री फिटिंग (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| | | | 22 | दरवाजा, खिड़की चौखट व पल्ले | प्रति स्क्वेयर फुट |
| 10. | मशीन द्वारा कटान (Cutting through JCB Machine) | प्रति घनमीटर | 23 | वुड प्राइमर, सिमट प्राइमर, पेंट पुटी अन्य सभी रंग | |
| 11. | सामग्री ढुलान ट्रैक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा | प्रति घनमीटर | 24 | इलेक्ट्रिकल सामग्री सभी प्रकार की | प्रति पीस |
| | | | 25 | कंक्रीट मिक्सचर | प्रति घंटा |

निविदाएं/कोटेशनें ग्राम पंचायत रजवाडी में 28/03/2024 को 12 बजे तक किसी कार्य दिवस में जमा की जा सकती हैं। निविदाएं/कोटेशनें बंद लिफाफे में ही स्वीकार की जाएंगी। यह निविदाएं/कोटेशनें उसी दिन दिनांक 28/03/2024 को दोपहर 2 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत रजवाडी में कमेटी के समक्ष खोली स्वीकृत की जायेगी। ग्राम पंचायत को निविदाएं/कोटेशनें को निरस्त करने का पूरा अधिकार है। निविदादाता/ आवेदनकर्ता को जीएसटी न. व पैन न. तथा एम फार्म उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। जीएसटी न. व पैन न. की प्रतिलिपि साथ में प्रेषित करना अनिवार्य है। निम्न निवेदित दर की निविदाएं/कोटेशनें ही सर्वसम्मति से पारित होंगी।

**ग्राम पंचायत रजवाडी, विकास खंड धनोटू, तहसील बल्ह, जिला मंडी, हि.प्र.**

> अंतिम सफलता के तीन तरीके हैं-पहला तरीका दयालु होना है। दूसरा तरीका दयालु होना है। तीसरा तरीका दयालु होना है। -मिस्टर रोजर्स



## संपादकीय

# 'एक देश, एक चुनाव' के लिए आम राजनीतिक सहमति जरूरी

सब ठीक रहा तो 2029 में देश में एक साथ चुनाव कराने का सपना साकार हो सकता है। लोकसभा चुनाव से पहले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर गठित उच्च स्तरीय समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। 18,626 पन्नों की रिपोर्ट हाई लेवल कमेटी ने हितधारकों, विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और 191 दिनों तक लगातार काम करने के बाद तैयार की है। दरअसल, थोड़े-थोड़े अंतराल के बाद कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं, जिससे देश पर आर्थिक बोझ पड़ता है। इस हिसाब से देखा जाए तो भारत का लोकतंत्र अब चुनावी राजनीति बनकर रह गया है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक देश, एक चुनाव' का सपना संजोया था, जो अब साकार होता नजर आ रहा है। इसका मतलब यह हुआ कि अब संसद, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव एक साथ और एक ही समय पर होंगे। वोटर एक ही दिन में सरकार या प्रशासन के तीनों स्तरों के लिए वोटिंग करेंगे। इस आइडिया से कुछ विद्वान और जानकार सहमत हैं तो कुछ असहमत। दोनों के अपने-अपने तर्क हैं। एक साथ चुनाव करवाने से राजकोष को फायदा और बचत होगी और बार-बार चुनाव करवाने पर अंकुश लगेगा। साथ ही खर्च भी कम होगा और सरकार को काफी बचत होगी। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग होने से बच जाएगा।


निश्चित रूप से विकास कार्यों में भी तेजी आएगी। चुनाव के दौरान राजनीतिक दल काले धन को खपाते हैं। अगर देश में बार-बार चुनाव होते हैं, तो एक तरह से समानांतर अर्थव्यवस्था चलती रहती है। सुचारु प्रशासन चलाने में सहायता मिलती है। स्कूल, कॉलेज और अन्य विभागों के सरकारी कर्मचारियों का समय और काम बार-बार प्रभावित नहीं होगा, जिससे सारी संस्थाएं बेहतर ढंग से काम कर सकेंगी। एक ही बार चुनाव होने से सरकारों को धर्म, जाति जैसे मुद्दों को बार-बार नहीं उठाना पड़ेगा। जनता को लुभाने के लिए स्कीमों के हथकंडे नहीं होंगे। बजट में राजनीतिक समीकरणों को तवज्जो नहीं देनी होगी। सभी चुनाव एक साथ होंगे तो वोटरों की तादाद भी ज्यादा होगी, जिससे लोकतंत्र और मजबूत होगा। भारत बहुदलीय लोकतंत्र है इसलिए राजनीति में भागीदारी करने की स्वतंत्रता के तहत क्षेत्रीय पार्टियों का अपना महत्व रहा है। दूसरी ओर, चूंकि क्षेत्रीय पार्टियां लोकल मुद्दों को तरजीह देती हैं इसलिए 'एक चुनाव' के आइडिया से छोटी क्षेत्रीय पार्टियों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो सकता है, क्योंकि इस व्यवस्था में बड़ी पार्टियां धन के बल पर मंच और संसाधन छीन लेंगी। लोकसभा और विधानसभा चुनाव अलग मुद्दों पर होते हैं इसलिए दोनों एक साथ होंगे तो विविधता और विभिन्न स्थितियों वाले देश में स्थानीय मुद्दे हाशिये पर चले जाएंगे। 'एक चुनाव' के आइडिया में तस्वीर दूर से तो अच्छी दिख सकती है, लेकिन पास से देखने पर उसमें कई कमियां दिखेंगी। चुनाव नतीजों में देर हो सकती है।

ऐसे समय में जबकि तमाम पार्टियां चुनाव पत्रों के माध्यम से चुनाव करवाए जाने की मांग करती हैं, अगर एक बार में सभी चुनाव करवाए गए तो अच्छा खासा समय चुनाव के नतीजे आने में लग जाएगा। इस समस्या से निपटने के लिए क्या विकल्प होंगे इसके लिए अलग से नीतियां बनानी होंगी। यही नहीं, इस विचार को अमल में लाने के लिए संविधान के छह अनुच्छेदों और कुछ कानूनों में संशोधन किए जाने की जरूरत भी पेश आएगी। संसाधनों की दरकार अलग से रहेगी। आबादी के लिहाज से भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है इसलिए यहां एक साथ सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के साथ ही संसद के लिए चुनाव करवाए जाने के लिए मौजूदा संसाधनों और मशीनरी से कम से कम दोगुने की जरूरत पेश आएगी। इस विचार को अमल में लाने के लिए एक आम राजनीतिक सहमति बहुत जरूरी है और जब बहस में तर्क दोनों पक्षों के ठीक लग रहे हों, तब तय यह करना होता है कि क्या कीमत चुकाने की शर्त पर आप कोई फैसला करते हैं?

# बाहरी मुसलमानों को क्यों चाहिए भारत की नागरिकता?

केंद्र की मोदी सरकार एक अच्छी मंशा से नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लेकर आई है, किंतु देश विरोधी शक्तियां इसे लेकर जनमानस के बीच जिस तरह का नैरेटिव सेट करने के प्रयास में लगी हैं, वह बहुत ही खतरनाक है। 2019 की तरह ही इस विषय पर फिर से देश में अराजकता पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। भारत के नागरिक मुसलमानों को भड़काने की कोशिशें शुरू हो गई हैं, यह कहकर कि उनके अधिकारों का हनन है। मुसलमानों में डर का माहौल यहां तक बनाया जा रहा है कि 'यह देश के 17 करोड़ मुसलमानों को संदेश है कि वे अब कागज निकालें' ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेता कह रहे है, 'आप क्रोनोलॉजी समझिए, पहले चुनाव का मौसम आएगा फिर सीएए के नियम आएंगे। सीएए विभाजनकारी है और गोडसे की सोच पर आधारित है, जो मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाना चाहता है। राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर), राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के साथ सीएए का उद्देश्य केवल मुसलमानों को टारगेट करना है, इसका कोई अन्य उद्देश्य नहीं है।'

देखा जाए तो सीएए मुद्दे पर सभी प्रधानमंत्री मोदी विरोधियों का फोकस इस बात पर है कि कैसे हम यह सिद्ध कर पाने में सफल हों कि यह कानून देश के लगभग 15 करोड़ मुसलमानों को राज्यविहीन बना देने के लिए लाया गया है। इसी सोच के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस सांसद शशि थरूर समेत इंडी के अधिकांश घटक दल आज आगे बढ़ते हुए दिख रहे हैं।



लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
हिंदुस्थान समाचार

वास्तव में जो भी राजनीतिक पार्टियां और नेता आज 'सीएए' का विरोध कर रहे हैं, उनसे यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि भारत विभाजन का सबसे बड़ा कारण कौन सा रहा? किसे चाहिए था धर्म (मजहब) के आधार पर अलग देश?

गैर मुस्लिमों के खिलाफ एक ही दिन अविभाजित भारत में 'डारेक्ट एक्शन' किसने शुरू किया था? और जब धर्म के आधार पर दो देशों के बीच मुस्लिम-गैर मुस्लिम की जनसंख्यात्मक अदला-बदली होनी चाहिए थी, आखिर वे कौन लोग (नेता-संगठन) थे, जिन्होंने ऐसा होने नहीं दिया। यदि यह कार्य उसी वक्त हो जाता, तो 1947 से लेकर अब तक स्वतंत्र भारत में जितने भी सांप्रदायिक दंगे हुए और उनमें जिन मासूमों, सामान्य जनों को अपनी जानें गंवानी पड़ी, वे नहीं जातीं और न ही भारत में हिंदू-मुस्लिम जैसी कोई समस्या दिखाई देती। इतना ही नहीं देश में पिछले 75 वर्षों के दौरान एक विशेष धर्म को मानने वाले जितने स्लीपर सेल एवं आतंकी पकड़े गए, अनेक बम ब्लास्ट हुए, वे भी नहीं होते। केंद्र और राज्य सरकारों का धन और ऊर्जा इस प्रकार के तमाम मामलों को सुलझाने में जो खर्च होती है, कहना होगा कि वह भी नहीं लगती। तब दोषी कौन हुआ? क्या जो निर्वासित हो रहे थे, वे दोषी हैं या वे जिनके साथ अमानवीय अत्याचार सिर्फ इसलिए किए गए, क्योंकि उनका धर्म अलग था? इस सब के लिए उन्हें ही दोषी माना जाए, ऐसे में साफ समझ आता है कि दोषी 1947 की तत्कालीन भारत-पाकिस्तान की सरकारें रही हैं।

यदि आज पूर्व सरकार की गलती को भारत सरकार विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुधारने का प्रयास किया है, तो खुले मन से विचार करें, इसका विरोध होना चाहिए या सर्वत्र समर्थन? जनसंख्या के आंकड़े देखिए; ह्यूमन राइट सर्वे रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में हिंदुओं की जनसंख्या 1931 में 15 प्रतिशत थी, वह विभाजन के बाद सिर्फ 1.3 फीसदी रह गई। यह आंकड़ा 1961 में 1.4 प्रतिशत, 1981 में 1.6 और अभी की स्थिति में अधिकतम बढ़कर 1.8 प्रतिशत तक ही पहुंच सका है।

यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलिजियस फ्रीडम का सार्वजनिक तौर पर डेटा मौजूद है जो यह बता रहा है कि पाकिस्तान में हिंदू-सिख एवं ईसाइयों की स्थिति बहुत दयनीय है। पाकिस्तान में हर साल एक हजार से ज्यादा हिंदू, सिख और क्रिश्चियन लड़कियों का धर्म परिवर्तन कराया जाता है। यदि इस अधिकारिक आंकड़े से अलग सामान्य धर्म परिवर्तन के मामले देखें तो अकेले अल्पसंख्यक लड़कियों के कन्वर्जन की यह संख्या एक हजार से कई गुना अधिक बढ़ जाती है।

वस्तुतः यही हाल बांग्लादेश का है। अविभाजित भारत में 1901 में हुई जनगणना में बांग्लादेश में कुल 33 फीसदी हिंदू आबादी रहती थी, लेकिन 1971 में दुनिया के नक्शे पर नए देश के रूप में आए इस बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी सतत गिरावट की ओर है। यहां अल्पसंख्यक हिंदुओं पर सुनियोजित हमले हो रहे हैं। पिछले एक दशक में वहां हिंदुओं पर लगभग पांच हजार हमले हुए हैं, जिनमें सैकड़ों जानें गईं और हजारों हिंदू घायल हुए हैं। यहां वर्ष 2021 तक महज 6.5 प्रतिशत हिंदू ही रह गए हैं, जिनकी कि 2024 में संख्या घटकर ओर कम लगभग 6.2 प्रतिशत ही रह गई है। आप स्वयं विचार करें 33 प्रतिशत का छह प्रतिशत पर सिमट जाने के मायने क्या हैं!

कुल निष्कर्ष यह है कि आज का पाकिस्तान, बांग्लादेश या अफगानिस्तान हो, इन तीनों ही देशों में गैर मुसलमानों की स्थिति दयनीय है। दूसरी ओर यह भारतीय संविधान की ताकत है, जो यहां सभी धर्मों के प्रति समान आदर भाव है। जब धर्म का आधार लेकर मुस्लिम लीग ने 'डारेक्ट एक्शन' चलाया था, तभी भारत और पाकिस्तान ये दो रेखाएं खिंची। उन्हें मुसलमानों का देश चाहिए था, वह उन्हें मिल गया। हिंदुस्तान सभी के लिए है। यहां रह रहे मुसलमान आज पाकिस्तान, बांग्लादेश या अफगानिस्तान की तुलना में बहुत बेहतर स्थिति में हैं।

दूसरी ओर इन तीनों देशों में गैर मुसलमान कितनी बदतर स्थिति में जी रहे हैं, यह आज दुनिया जानती है। इसलिए भारत सरकार यह कानून लेकर आई है। निश्चित ही यह मोदी सरकार का एक सही निर्णय है। जिनके पूर्वजों ने 'डारेक्ट एक्शन' से अखंड भारत को तोड़ने का कार्य किया है, उन्हें वहीं रहना चाहिए जहां वे अभी हैं। उन्हें भारत की नागरिकता से कोई मतलब नहीं होना चाहिए, साथ ही जो आज भारत में मुसलमानों के साथ न्याय नहीं हो रहा, जैसा राग अपाल रहे हैं, उन्हें भी इस तरह से झूठ बोलने से दूर रहना चाहिए, क्योंकि अब तक का केंद्र सरकार की योजना का डेटा यही बता रहा है कि कई योजनाओं तक में अपनी जनसंख्या में अनुपात से मुसलमानों को अधिक ही लाभ दिया जा रहा है। **( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## नजरिया: ममता के लिए कहीं नंदीग्राम न बन जाए संदेशखाली

अंग्रेजी की एक प्रसिद्ध कहावत है कि एक कील की वजह से पूरा राज्य खो जाता है। इसको स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि कील की वजह से नाल, नाल की वजह से घोड़ा, घोड़े की वजह से युद्ध और युद्ध की वजह से राज्य से हाथ धोना पड़ जाता है। यही हाल लोकतंत्र में भी होता है। कई बार बहुत मजबूत दिख रहे नेता या दल के लिए कोई घटना उसके पतन का कारण बन जाती है।

पश्चिम बंगाल इसका जीता जागता उदाहरण है। यहां 34 साल के वामपंथी शासन के लिए 14 मार्च, 2007 को नंदीग्राम में किसानों पर गोलीबारी की घटना विनाशकारी साबित हुई। कभी राज्य की 80 प्रतिशत से ज्यादा सीटें जीतने वाले वामदलों का आज यहां एक भी विधायक नहीं है। वामपंथियों को बेदखल करके यहां की सत्ता पर काबिज होने वाली ममता बनर्जी के लिए अब संदेशखाली का मामला वामपंथियों के नंदीग्राम की तरह साबित हो सकता है। इसके अलावा अब नागरिकता संशोधन कानून लागू करके केंद्र सरकार ने दीदी के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। स्वतंत्र भारत के एक राज्य में सत्ताधारी दल



लेखक : विकास सक्सेना
हिंदुस्थान समाचार

का नेता किस प्रकार महिलाओं को अपनी 'निजी संपत्ति' की तरह 'इस्तेमाल' कर रहा था, यह सुनकर सभ्य समाज के किसी भी व्यक्ति की रूह तक कांप जाए। पीड़ित महिलाओं ने स्वयं आरोप लगाए हैं कि कबीलाई संस्कृति की तरह सुंदर महिलाओं के घरों पर संदेश भेजे जाते थे कि वे रात को पार्टी कार्यालय पर आ जाएं, अन्यथा सफेद साड़ी पहनने के लिए तैयार रहें।

हालात इतने खौफनाक थे कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडे वहां के पुरुषों से सरेआम कहा करते थे कि वह महिला पत्नी भले ही तुम्हारी हो, लेकिन उस पर अधिकार 'हमारा' है। ममता बनर्जी ने संदेशखाली गांव की महिलाओं का शोषण रोकने की जगह उनकी अस्मत से खेलने वाले पार्टी कार्यकर्ता शेख शाहजहां और उसके गुर्गों को बचाने का प्रयास किया। **( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## लघुकथा

### शायर

*कभी हालात की बात करता है।*
*कभी जज्बात की बात करता है।*
*शायर तो शायर है हजूर।*
*दिन में रात की बात करता है।*
*बात वतन की जब भी कहेगा।*
*लफ्जों से उसके लहू बहेगा।*
*कलम का सिपाही कहलाता है।*
*कलम दवात की बात करता है।*
*फूलों के मन की जान लेता है।*
*पत्थरों का दर्द पहचान लेता है।*
*डूब कर गेसुओं में औरों के।*
*बस खयालात की बात करता है।*
*कोई सुने न सुने, कहे जाता है।*
*अपनी धुन में ही बहे जाता है।*
*लफ्जों को समेट कर बरकों पर।*
*पूरी कायनात की बात करता है।*
*आंधियों से आंख मिलाए।*
*तूफानों को सीने में छुपाए।*
*दिल में अमन रखता है और।*
*सकूनी बरसात की बात करता है।*
*शायर तो शायर है हजूर।*
*दिन में रात की बात करता है।*



राकेश, 'रुखसार'
केसीसी बैंक, थुरल

# समाजशास्त्र विषय का वर्तमान समय में महत्व बेहद हो जरूरी

समाजशास्त्र मानव समाज का अध्ययन है। यह सामाजिक विज्ञान की एक शाखा है, जो मानवीय सामाजिक संरचना और गतिविधियों से संबंधित जानकारी को परिष्कृत करने और उनका विकास करने के लिए, अनुभवजन्य विवेचन और समालोचनात्मक विश्लेषण की विभिन्न पद्धतियों का उपयोग करता है, अक्सर जिसका ध्येय सामाजिक कल्याण के अनुसरण में ऐसे ज्ञान को लागू करना होता है। समाजशास्त्र की विषयवस्तु के विस्तार, आमने-सामने होने वाले संपर्क के सूक्ष्म स्तर से लेकर व्यापक तौर पर समाज के बृहद स्तर तक है। समाज को समग्र रूप से समझने के लिए समाजशास्त्र का अध्ययन करना महत्वपूर्ण है। यह समझने में हमारी मदद करता है कि समाज के भीतर की सामाजिक व्यवस्थाएं आपस में कैसे जुड़ी हैं।



लेखक : रविंद्र परमार
शोधार्थी, हिप्र केंद्रीय विश्वविद्यालय

समाजशास्त्र की उत्पत्ति का अध्ययन महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे हमें यह समझने में मदद मिलती है कि यह विषय क्यों और इस विषय की उत्पत्ति कैसे हुई। समाजशास्त्र का उद्गम एवं विकास पश्चिमी यूरोप की सामाजिक परिस्थितियों की देन है। औद्योगिक क्रांति, फ्रांस की क्रांति तथा ज्ञानोदय की इसके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इनके परिणामस्वरूप न केवल पश्चिमी समाजों में एक नवीन आर्थिक क्रियाकलाप की पद्धति जिसे पूंजीवाद कहा जाता है विकसित हुई, अपितु इनसे इन देशों की सामाजिक संरचना पर भी गहरा प्रभाव पड़ा। गांव से शहरों की ओर प्रवर्जन, सामाजिक गतिशीलता, शिक्षा एवं रोजगार में वृद्धि, लौकिक दृष्टिकोण के विकास के साथ-साथ अनेक सामाजिक समस्याएं भी विकसित होने लगीं। औद्योगिक मजदूरों एवं खेतिहर मजदूरों की संख्या में वृद्धि हुई तथा उत्पादन कार्यों में इनका शोषण होने लगा। पूंजीवाद की सेवा हेतु सत्रहवीं एवं उन्नीसवीं शताब्दी में बड़ी संख्या में अफ्रीकियों को दास बनाया गया। यद्यपि उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में दास प्रथा कम होने लगी, तथापि अनेक उपनिवेशवादी देशों में यह बंधुआ मजदूरों के रूप में आज भी प्रचलित है।

इन सभी विषयों से होते हुए समाजशास्त्र आज विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहा है, आज के समय में समाज में कई सामाजिक समस्याएं पैदा हो रही हैं जिसमें भुखमरी, बेरोजगारी, विवाह विच्छेद , लिव इन रिलेशनशिप या संयुक्त परिवार से एकाकी परिवार की और देश या समाज जा रहा है। इन सभी विषयों को लेकर आज के समय में कोई बात नहीं हो रही है। आज हम देखते हैं हिमाचल प्रदेश में ये लगभग आधे से महाविद्यालय में समाजशास्त्र विषय नहीं है। इस विषय की महत्व आज के इस वर्तमान समय में बहुत ज्यादा है लेकिन सरकार की ओर से इस और कोई ध्यान नहीं है। इस विषय को हिमाचल प्रदेश के स्कूल व कॉलेजों में पढ़ाना चाहिए। आज इस विषय से संबंधित बहुत से विद्यार्थी है, जो इस विषय में अपना करियर बनाना चाहते हैं, लेकिन सरकार द्वारा बहुत ही कम सीट निकाली जाती है, जो कि निंदनीय है, सरकार को इस विषय के बारे में सोचना होगा। **( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# पाकिस्तान की स्याह सियायत का चेहरा जरदारी

आसिफ अली जरदारी करप्शन के आरोपों के सिलसिले में 11 साल जेल में रहे, पर किस्मत का खेल देखिए कि अब वह दूसरी बार पाकिस्तान के राष्ट्रपति बन गए हैं। यही पाकिस्तान की राजनीति के स्याह चेहरे का सच है। पिछले तीन दशकों से, वे जेल और सत्ता के नजदीक रहे हैं। उन्हें संभवतः पाकिस्तान का सबसे बदनाम राजनेता माना जा सकता है, जो सत्ता के सर्वोच्च पद तक पहुंचने में कामयाब रहा। व्हीलिंग और डीलिंग में माहिर रहे हैं जरदारी। वह 2007 में बेनजीर भुट्टो की हत्या के बाद देश की राजनीति में आए थे। उसके बाद जरदारी अपने देश के राष्ट्रपति बन गए। बेशक, जरदारी से बेहतर सत्ता की राजनीति कोई नहीं कर सकता। एक दशक से अधिक समय तक जेल में रहने और लगातार विवादों में घिरे रहने के बाद, वह पाकिस्तानी राजनीति में अछूत से लेकर निर्विवाद किंगमेकर बन गए। जरदारी एक चतुर और चालाक राजनीतिज्ञ साबित हुए हैं। उन्होंने दिसंबर 2007 में पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) नेतृत्व की कमान संभाली। उन्होंने 2008 के संसदीय चुनाव में पीपीपी को जीत दिलाई और सैन्य नेता जनरल परवेज मुशर्रफ को पद छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

बेनजीर भुट्टो के पहले कार्यकाल के दौरान, जरदारी पर संपत्ति हड़पने के लिए अपनी पत्नी के पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगे। विपक्ष ने आरोप लगाया कि जरदारी ने हर सरकारी परियोजना पर कमीशन लिया और उन्हें 'मिस्टर टेन परसेंट' का लेबल दिया। उन्हें अपनी पत्नी की पहली सरकार के पतन के लिए भी दोषी ठहराया गया। उन्हें पहली बार 1990 में गिरफ्तार किया गया। जरदारी ने ऐसे समय में राजनीतिक मैदान में उतरने का फैसला किया, जब सब कुछ उनके खिलाफ होता दिख रहा था। उन्होंने 1990 में अपने गृह नगर सिंध के नवाबशाह से नेशनल असेंबली सीट के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया था। कुछ हफ्ते बाद, उन्हें कई आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया। वह चुनाव भी हार गए, लेकिन वे 1993 में नेशनल असेंबली के लिए चुने गए। जब उनकी बेगम बेनजीर भुट्टो प्रधानमंत्री थीं, तब जरदारी पर्दे के पीछे से खेल खेलते थे और उन्होंने खुद को देश का सुपर प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित कर लिया था। जरदारी ने 200 से अधिक आरोपों में विशेष अदालतों में मुकदमे का सामना किया, जिसमें फिरौती के लिए अपहरण से लेकर बैंकों को धोखा देने से लेकर राजनीतिक विरोधियों की हत्या की साजिश रचने तक के केस शामिल थे, लेकिन उन पर लगे कोई भी आरोप साबित नहीं हुए।



लेखक : आरके सिन्हा
वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद

1992 में जमानत पर रिहा होने के बाद जरदारी का सितारा फिर चमक उठा। यह पाकिस्तान के राजनीतिक इतिहास में एक अविस्मरणीय क्षण था, जब जरदारी को जेल से रिहा किया गया और 1993 में नवाज शरीफ की पहली संघीय सरकार को हटाने के बाद बनी अंतरिम सरकार में उन्होंने संघीय मंत्री के रूप में शपथ ली। विडंबना यह है कि शपथ राष्ट्रपति गुलाम इशाक खान ने दिलाई। उन्होंने ही जरदारी को जेल भेजने का रास्ता साफ किया था। दरअसल 1993 के चुनावों में पीपीपी की जीत के बाद, जरदारी उन सभी विवादों के साथ सत्ता में वापस आ गए, जिनके चलते बेनजीर भुट्टो सरकार गिरी थी। अब संघीय मंत्री जरदारी पर एक बार फिर भ्रष्टाचार और राजनीतिक हेराफेरी के आरोप लगने लगे। हालांकि जरदारी को अतीत में कभी भी निर्णायक रूप से दोषी नहीं ठहराया गया, लेकिन पाकिस्तान की अवाम को जन्नत की हकीकत पता है।

उनकी बहनों सहित उनके परिवार के कुछ सदस्य भी भ्रष्टाचार में कथित रूप से अकंठ डूबे हुए थे। इमरान खान के पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने के बाद लग रहा था कि अब आसिफ अली जरदारी की पारी का अंत हो गया, पर आपको याद होगा कि जरदारी की पार्टी ने अप्रैल 2022 में अविश्वास मत के माध्यम से इमरान खान की सरकार को हटाने के लिए मुस्लिम लीग (नवाज) और अन्य विपक्षी दलों के साथ हाथ मिला लिया था। तब इमरान खान की सरकार गिर गई थी और उसके बाद देश में गठबंधन सरकार बनी। जिसके प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ बने और विदेश मंत्री जरदारी के पुत्र बिलावल भुट्टो जरदारी।


जब जरदारी की पत्नी बेनजीर भुट्टो की निर्मम हत्या हुई थी, तब जूनागढ़ में भी शोक की लहर दौड़ गई थी। यहां के बाशिंदे बेनजीर भुट्टो को कहीं न कहीं अपना ही मानते थे। जूनागढ़ शहर की जामा मस्जिद में इमाम मौलाना हाफिज मोहम्मद फारूक की अगुआई में उनकी आत्मा की शांति के लिए नमाज भी अदा की गई थी। उनके ससुर का मुंबई से गहरा नाता रहा।

हालांकि जरदारी उस अखबार के कार्यक्रम में शिरकत तो नहीं कर पाए थे, पर सेटेलाइट लिंक के माध्यम से उन्होंने सम्मेलन को संबोधित किया था। उन्होंने सात-आठ सवालों के उत्तर भी दिए थे। भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर पूछे गए चुभने वाले सवालों के सुलझे हुए जवाबों ने उनके पक्ष में माहौल भी बनाया था। जरदारी का भाषण समाप्त होने के बाद उनसे एक सवाल यह भी किया गया ' क्या आपको लगता है कि कभी भारत-पाकिस्तान दोनों के रिश्तों में मिठास आएगी ? कुछ पल ठहरने के बाद उनका जवाब आया। उन्होंने कहा था 'मुझे तो यकीन है कि भारत-पाकिस्तान अपने तमाम आपसी मसले हल कर लेंगे।' **( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# दरकती पहाड़ियों के आगोश में समाता जीवन

भौगोलिक दृष्टि में पहाड़ी राज्य होने के कारण हिमाचल प्रदेश में सीधे संकरे पहाड़ों के बीच में से जनजीवन को गति देने के उद्देश्य से सड़कें निकालना चुनौतीपूर्ण कार्य है। समतल राज्यों की अपेक्षा इन पहाड़ों में सड़क निर्माण में खरबों रुपए खर्च होते है। पहाड़ों का सीना काटकर, नालों के इर्द-गिर्द डंगा लगाकर, पत्थरों से चिनाई कर स्पोर्ट के रूप में सड़कों को बरकरार रखा जाता है। उन्नति के शिखर पर भी पहुंचना जरूरी है, लेकिन प्रकृति के साथ छेड़खानी कर हम इसे और उग्र बना देते है।

गत दिनों पूर्व मंडी के नजदीक चलती कार के सामने बीस पच्चीस किलो का पत्थर पहाड़ी से गिरकर कार के सामने वाले शीशे को चीरता हुआ जा गिरा, जिस कारण महिला सवार की मौके पर ही मौत हो गई थी। अभी कुछ दिन पहले ही छह मील के पास जेसीबी के ऊपर पहाड़ी दरकने के कारण जेसीबी ऑपरेटर के दब जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मंडी से औट थलोट तक का रास्ता बहुत ही खतरनाक है। भले ही फोरलेन निकल जाने से इस सड़क पर आवाजाही कम हुई है, लेकिन उसके बावजूद इस रास्ते पर सफर करना मृत्यु को न्योता देने से कम नहीं है। पहाड़ियों से लुढ़कते पत्थर व इंसानों की जान को लीलता यह कृत्य सोचनीय विषय है। मंडी के पुलघराट पर सड़क निर्माता कंपनी के निरक्षकों की चूक से सड़क पर गिरे मलबे के कारण दोनों ओर सड़क बाधित होने पर रात्रि के समय दो बाइक सवार युवाओं की महज छोटी सी उम्र में ही घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई थी।



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

कितना वीभत्स व हृदयविदारक दृश्य हम आए दिन देखते व महसूस करते हैं। प्राकृतिक आपदा बाढ़, बिजली गिरना, बादल का फटना, भारी मात्रा में बारिश इत्यादि में हम इंसानों का वश नहीं चलता, लेकिन सड़क सुरक्षा, आग लगाना, मलबा नहीं हटाना, पहाड़ों की खुदाई करते वक्त एहतियातन कदम व सुरक्षा नही बरतना कहीं न कहीं मानवीय चूक ही कहलाती है। लुढ़कते, दरकते पहाड़ों पर बिना सोचे-समझे आगे बढ़ते रहना असवेंदनशीलता ही है। विदेशों में ऐसी मानवीकृत दुर्घटनाएं होती हैं, लेकिन वहां मानवीय जीवन हताहत नहीं होता। कम मानवीय क्षति होती है। वहां, ऐसे स्पॉट्स पर सुरक्षा की दृष्टि से



चेतावनियां, लाल खतरे के निशान, बोर्ड व सुरक्षा कार्मिकों सहित चेतवानी देते हुए नजर आते है। गत वर्षों में इसी सड़क पर थलौट के पास दो दर्जन से अधिक हैदराबाद अभियांत्रिकी महाविद्यालय के छात्र घूमने आए थे व इस स्थान पर चेतावनी निर्देश बोर्ड न लगा देख नदी में सीधे उतर कर अठखेलियां लेने में मस्त थे। पानी छोड़े जाने पर यह सभी छात्र चींटियों की भांति बह गए। एक महीने तक खोज सर्च अभियान चलाकर इनके शवों को परिजनों के सुपुर्द किया गया था। हिमाचल का शासन व प्रशासन पूरे हिंदुस्तान स्तर पर ऐसी मानवीय चूक के लिए भर्त्सना को प्राप्त हुआ था। घटनाएं घट जाती हैं, बाद में उक्त स्थानों को हम चिन्हित कर बड़े-बड़े चेतावनी बोर्डों को लगाकर सुसज्जित करते हैं। क्या इससे पहले यानी घटनाओं के घटित होने से पूर्व हम सजग होकर चिन्हित स्थानों पर सुरक्षित कदम नहीं उठा सकते। इस बात का सरोकार तभी सफल होगा, जब हम किसी भी इंसान की जान की कीमत को अच्छे से समझेंगे व उसे बचा सकेंगे। अन्यथा ऐसी भूल और चूकों से मौत के आगोश में जीवन को समाने के बाद, उस पर केस अध्ययन कर हमेशा नासमझ नलायक ही कहलाएंगे, चाहे हमने कितनी ऊंची पदवी व औहदा ही हासिल क्यों न किया हो। **( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**देशभर** में आवारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके हर जगह घूमने से आम जन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। कई बार इनकी चपेट में आकर नागरिकों की मौत भी हो चुकी है। सांडों की लड़ाई में आज तक पता नहीं कितने लोगों की जान जा चुकी है। हर जगह लावारिस मवेशी घूमते हुए नजर आते हैं। इस के लिए लोग स्वयं जिम्मेदार हैं। लोग भी मवेशियों को उपयोग के बाद खुले में छोड़ देते हैं जिनको पूछने वाला कोई नहीं है। गर्मी और बारिश में तो जैसे-तैसे करके किसान रात में खेत की निगरानी कर आवारा मवेशियों से अपनी फसलों को बचाते आए हैं, लेकिन कड़ाके की ठंड में रात के समय खेतों की रखवाली मुश्किल हो जाता है। गोमाता जब हर घर में पलेगी और गोमाता को वर्तमान में धार्मिक की बजाय उससे मिलने वाले अमूल्य गो उत्पाद उपहारों के मार्केटिंग और गोवंश के शारीरिक श्रम के उपयोगिता बढ़ेगी, तब समस्या का सही समाधान हो सकेगा।

**-अनन्या, टांडा**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### तुन्नूहट्टी के पास एचआरटीसी की बस खराब

**डलहौजी।** एनएच 154 ए पर तुन्नूहट्टी के पास हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की मंडी से चंबा आ रही बस खराब हो जाने के कारण उसमें बैठे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस एचपी28ए-1517 में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण बस आगे नहीं बढ़ पाई। इस कारण उसमें बैठी सवारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि खराब मौसम की वजह से भारी ठंड के बीच सवारिया अन्य बस का इंतजार करती नजर आई। इस बारे में जब बस चालक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बस का पंप खराब हो गया है। इस कारण बस का आगे बढ़ पाना मुश्किल है। बताते चलें कि हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में सफर करना दिन प्रतिदिन रिस्की होता जा रहा है न जाने कौन सी बस कहां खराब हो जाए जिससे परेशानी का सामना करना पड़ जाए।

### चैत्र संक्रांति पर भव्य भंडारा लगाया



**डलहौजी।** पुलिस थाना डलहौजी के शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर को लेकर वीरवार को चैत्र संक्रांति पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की जनता ने बढ़-चढ़कर थाना शिव मंदिर में शीश नवाकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त कर लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। बताते चलें कि पुलिस थाना शिव मंदिर में हर साल पुलिस अधिकारी व कर्मचारी परस्पर सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन करवाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के दिन हवन पूजा पाठ के अतिरिक्त रात को भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया था तो वहीं महाशिवरात्रि को लेकर चैत्र संक्रांति पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

### अध्यापकों के खाली पद भरने की मांग

**भरमौर।** पांगी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय चस्क व राजकीय माध्यमिक विद्यालय उडान में पिछले पांच छह सालों से टीजीटी नान मेडिकल के पद खाली पड़े हुए हैं। स्कूलों में खाली चल रहे पद के कारण यहां पर शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की शिक्षा पर विपरीत असर पड़ रहा है। अध्यापकों के खाली चल रहे पदों के कारण यहां के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बिना गणित और विज्ञान के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। आदिवासी कांग्रेस की प्रदेश सोशल मीडिया को-ऑर्डिनेटर रजनी पठानिया ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मांग की है कि जल्द यहां पर अध्यापकों की नियुक्ति की जाए। उन्होंने कहा कि लिहाजा अति दुर्गम क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर अध्यापक भेजे जाएं ताकि यहां के बच्चों की पढ़ाई पर विपरीत असर न पड़े। उन्होंने शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा एवं शिक्षा निदेशक प्रारंभिक से भी मांग की है कि यहां पर प्राथमिकता के आधार पर अध्यापकों को जल्द से जल्द नियुक्त किया जाए।

### छात्रों को मतदान की शपथ दिलाई

**चंबा।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता अभियान स्वीप के अंतर्गत शकुंतला मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विद्यार्थियों व अध्यापकों के लिए मतदान जागरूकता, हस्ताक्षर अभियान व मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। विधानसभा सेक्शन चंबा के स्वीप के नोडल अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के तहत देश के भावी कर्णधारों एवम युवाओं को मतदान संबंधी जागरूक किया गया। इसके दौरान व्यापक मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या अंजु ठाकुर ने सभी का स्वागत किया व जागरूकता कार्यक्रम की रूपरेखा से सभी प्रशिक्षुओं को जानकारी दी। तदोपरान्त स्वीप टीम के सदस्य दीपक कुमार ने नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों व अध्यापकों को ईवीएम व वी वी पैट की कार्यप्रणाली भी विस्तारपूर्वक बताई। विद्यार्थियों को निष्पक्ष एवं निर्भय मतदान करने की शपथ भी दिलवाई गई।

### स्ट्रांग रूम में समय पर लगवाएं कैमरा

**भरमौर।** लोक सभा चुनाव को लेकर विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत मतदान के लिए की जाने वाली महत्त्वपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए वीरवार को लघु सचिवालय पट्टी में जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से संबंधित महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं में चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित बनाने को कहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम पर समयबद्ध सीमा के भीतर सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित बनाने के लिए नोडल अधिकारियों से गंभीरता और तत्परता के साथ कार्य करने को कहा।

### गृह रक्षकों के लिए नीति बनाए सरकार

**डलहौजी।** मंत्रिमंडल के फैसले में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग को सुचारू संचालन के लिए चालकों के 113 पद भरने की स्वीकृति प्रदान की गई है। बेशक इस में स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह पद नियमित होंगे अथवा होमगार्ड स्वयं सेवक चालक होंगे। हिमाचल प्रदेश राज्य गृह रक्षक कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय गृह रक्षक कल्याण संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह चौहडिया के अनुसार यह पद गृह रक्षक स्वयंसेवक के है क्योंकि होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा में नियमित चालकों के इतने पद रिक्त नहीं है अथवा स्वीकृत नहीं है और इस निर्णय में फायर सर्विस का नाम नहीं है। हिमाचल होमगार्ड में चालक गृह रक्षकों के सैंकड़ों पद बढ़ाई गई थी लेकिन भर्ती नहीं हो पाया था। उन्होंने सरकार से मांग की है कि गृह रक्षक स्वयंसेवक चालकों व गृह रक्षक स्वयंसेवक की भर्ती से पूर्व नीति बनाए और एक निश्चित अवधि के बाद नियमित सरकारी कर्मचारी बनाया जाए ताकि होमगार्ड का भविष्य भी सुरक्षित हो सके।

# भरमौर-पठानकोट हाई-वे पर छह घंटे थमी वाहनों की रफ्तार

## बत्ती दी हट्टी के पास ट्राले में तकनीकी खराबी आने से बंद हुआ मार्ग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

भरमौर-पठानकोट हाई-वे पर छह घंटे तक वाहनों की रफ्तार थमी रही। बुधवार मध्यरात्रि बत्ती दी हट्टी के पास एक ट्राले में तकनीकी खराबी आने से हाई-वे पर वाहनों की रफ्तार थम गई। ट्राले के हाई-वे के बीचोबीच खड़े होने से चंबा और भरमौर की ओर से छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना मिलने के बाद निजी कंपनी की मशीनरी मौके पर पहुंची और मशीनरी के जरिये ट्राले को हाई-वे से किनारे किया गया। वीरवार सुबह 7 बजे हाई-वे वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हो सका। मार्ग बहाल हो जाने पर हाई-वे पर सफर करने वाले राहगीरों ने राहत की सांस ली है। राहगीर बचन सिंह, दिलीप कुमार, राकेश कुमार, अमित कुमार, संजीव कुमार, हाकम चंद, योगराज आदि ने बताया कि हाई-वे पर बुधवार रात 1 बजे के करीब बत्ती दी हट्टी में ट्राले में तकनीकी खराबी आने से हाई-वे पर रफ्तार थम गई। सुबह तक हाई-वे वाहनों के लिए बहाल न हो पाने पर आखिरकार सुबह सात बजे के करीब निजी कंपनी की मशीनरी ने मौके पर पहुंच कर ट्राले को हाई-वे से किनारे कर वाहनों की आवाजाही को बहाल करवाया। हाई-वे प्रबंधन के सहायक अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि हाई-वे पर ट्राले में तकनीकी खराबी आने से इस प्रकार की नौबत पेश आई। बहरहाल, सुबह के समय हाई-वे को सुचारु करवाकर राहगीरों को राहत प्रदान करवाई गई।

### चट्टान गिरने से चंबा-तीसा मुख्य मार्ग अवरुद्ध



**तीसा।** चंबा-तीसा मुख्य मार्ग काफाड़ी के समीप वीरवार करीब 11 बजे पहाड़ी से भारी भरकम चट्टान सड़क पर आ गई। चट्टान गिरने से मार्ग अवरुद्ध हो गया। गनीमत यह रही कि जब घटना हुई उस दौरान वहां से आवाजाही बंद थी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों ने लोक निर्माण विभाग को इसकी सूचना दी। चंबा-तीसा मुख्य मार्ग पहाड़ी दरकने की वजह से कुछ देर के लिए काफाड़ी में बंद रहा। अधिशषी अभियंता जोगिंद्र शर्मा ने बताया कि तुरंत मशीन को भेज कर यातायात सुचारु कर दिया गया है।

# छतरुई स्कूल में जल्द की जाए शिक्षकों की नियुक्ति



एडीएम चंबा को ज्ञापन सौंपता छतरुई का प्रतिनिधिमंडल।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला छतरुई में शिक्षकों के अभाव को लेकर स्थानीय लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम चंबा राहुल चौहान को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला छतरुई में पहले दो अध्यापक कार्यरत थे। जिसमें 12 अक्तूबर 2022 को एक अध्यापक का तबादला हो गया। उसके बाद एक ही अध्यापक के सहारे स्कूल चल रहा था परंतु उसका भी तबादला आठ अक्तूबर 2023 को हो चुका है। उन्होंने कहा कि नियमित शिक्षक के स्थान पर अभी डेपुटेशन पर स्कूल चल रहा है। राजकीय प्राथमिक पाठशाला छतरुई में अध्यापक की स्थायी नियुक्ति की जाए।

उन्होंने सुझाव दिया है कि स्थानातंरण हुए राजकीय प्राथमिक पाठशाला तलाई से संजीव कुमार को छतराई स्कूल में नियुक्त किया जाए। इस मौके पर पंचायत छतरुई के स्थानीय लोगों में लक्ष्मण सिंह, जय करण, रणजीत सिंह, तेजिंद्र, मदन, सुनील कुमार, अश्विनी, रतनी देवी सहित कई लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था ने चिकित्सा अधीक्षक से की भेंट



चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपन ठाकुर से शिष्टाचार भेंट करते प्रेरणा संस्था के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा के सदस्यों ने संस्था संचालक दीपक भाटिया की अगुआई में मेडिकल कॉलेज चंबा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपन ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के सदस्यों की ओर से संस्था संचालक दीपक भाटिया ने स्वास्थ्य विभाग व मेडिकल कॉलेज से जुड़े कई विषयों को चिकित्सा अधीक्षक के समक्ष रखा। जिनके विभाग के साथ मिलकर समाधान निकालने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपन ठाकुर ने बताया कि विभाग द्वारा रोगियों की सुविधा अनुरूप कई कार्य किए गए हैं। वहीं किसी भी आपातकालीन परिस्थिति व अन्य कार्यों के सहयोग के लिए प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा के सदस्यों की आवश्यकता पड़ती है तो संपर्क किया जाएगा। इस मोके पर प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था से भुवनेश पूरी, मृणाल महाजन, रितेश चंद्रा, बानी भूषण, दीपक चौहान, हर्षित ठाकुर, अविनाश शर्मा, हिमांशु ठाकुर, हितेन रैना, रवि, मुकेश शर्मा , हेम ठाकुर, निशांत मांडला, अभी महाजन मौजूद रहे।

### विस अध्यक्ष का आभार जताया

**चुवाड़ी।** भटियात विस क्षेत्र में लोगों द्वारा काफी समय से डीएसपी कार्यालय चुवाड़ी, पुलिस थाना सिहुंता व पुलिस चौकी हटली की मांग उठाई जा रही थी, लेकिन पूर्व विधायक ने इस मांग की ओर गौर नहीं फरमाया। विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने 14 माह के कार्यकाल में ही जनता की मांग को पूर्ण करवाते हुए तीनों ही पुलिस कार्यालयों को खोल जनता को समर्पित किया है। इसके लिए समस्त जनता ने उनका आभार व्यक्त किया है। भटियात विस क्षेत्र के स्थानीय लोगों में महेंद्र सिंह, योगराज, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, अजय, देसराज, विशाल, अशोक कुमार, सुमित कुमार, कपिल, पुनीत व रोहित आदि का कहना है कि डीएसपी कार्यालय चुवाड़ी, पुलिस थाना सिहुंता व पुलिस चौकी हटली की मांग पर पूर्व सरकार के कार्यकाल में केवल आश्वासनों से अधिक कुछ नहीं मिला, लेकिन विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इस मांग को पूरा किया है।

# पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154ए का निरीक्षण किया

## डीसी चंबा ने अधिकारियों के साथ लिया नुकसान का जायजा

**ओपी शर्मा, भरमौर**

उपायुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल और पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154ए के अधिशाषी अभियंता राजीव शर्मा की टीम ने पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उपायुक्त चंबा ने बग्गा से लेकर भरमौर तक क्षतिग्रस्त मार्ग का जायजा लिया।

खस्ता हालत जगहों में बग्गा नाला, चूड़ी, धरवाला और लोथल में हाल के दिनों में हुई भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण किया। गौरतलब है पिछले कई दिनों से क्षतिग्रस्त मार्ग को लेकर अक्सर यहां पर लोगों की शिकायत प्रशासन के पास पहुंच रही है। लैंडस्लाइड के चलते यहां पर आए दिन वहां बीच रास्ते में फंस रहे हैं। जिसके कारण यात्रियों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर हर रोज दर्जनों भारी भरकम वाहन एक जगह से दूसरी जगह पर जा रहे हैं। इस बारे में अधिशाषी अभियंता राजीव शर्मा ने कहा कि वीरवार को उपायुक्त चंबा ने इस सड़क का निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा है राज्य आपदा प्रबंधन को इस नुकसान की पूरी रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। उम्मीद करते हैं उसके बाद बजट स्वीकृत होने के बाद लैंडस्लाइड व जमीन धंसने वाली जगह को चिन्हित करके नए तरीके से निर्माण किया जाएगा ताकि आने वाले दिनों में वाहनों के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिशाषी अभियंता ने कहा कि इन सभी खस्ता हालत जगहों के लिए लगभग 30 करोड़ के आस पास धनराशि की मंजूरी मिलने वाली है। जल्द ही इन सभी खस्ताहालत जगहों को सुधारा जाएगा। (अनंत ज्ञान)



पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च 154ए का निरीक्षण करते उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल।

### तीसा में जाम से हो रही परेशानी

**तीसा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र में 150 लाख आबादी वाले एकमात्र नागरिक अस्पताल तीसा में पार्किंग न होने की वजह से आए दिन लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन नागरिक अस्पताल तीसा के पास आए लोग अपनी गाड़ियां जहां मर्जी वही साइड में लगाकर चले जाते है जिस वजह से लोगों को परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। कभी कभी तो आलम ऐसा हो जाता है की मरीज को लेकर आई एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है। स्थानीय लोगों में शुक्रदीन, अशरफ, योगराज, दिनेश का कहना है की यहां पर इस समस्या का हल निकाला जाए।

# स्वास्थ्य निदेशालय हर माह तलब करेगा मासिक कार्यप्रणाली रिपोर्ट

**आरके रांगड़ा, चंबा**

जिला चंबा में आरंभ हो चुके जवाहर लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज से जुड़ी औपचारिकताओं को पूर्ण करने सहित स्वास्थ्य केंद्रों में भी सुधार किए जाने की प्रक्रिया शुरू होती नजर आ रही है। जिसके चलते जिला के खंड स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता लाने के चलते सरकार व स्वास्थ्य विभाग ने जिला व खंड स्तरीय विभागों की भागेदारी सुनिश्चित कर दी है। जिसमें खंड स्वास्थ्य केंद्रों से जिला विभाग व जिला विभाग से स्वास्थ्य निदेशालय मासिक कार्य प्रणाली रिपोर्ट तलब करेगा ताकि केंद्रीय व राज्य जनहित स्वास्थ्य योजनाओं को पूर्ण रूप से सुदृढ़ बनाया जा सके। गौर हो कि मेडिकल काउंसलर दिल्ली निरीक्षण दल द्वारा मेडिकल कॉलेज अभी और सुधारात्मक कदम उठाने सहित

### बीएमओ को किया सूचित : डॉ. भारद्वाज



डॉ. जालम सिंह भारद्वाज जिला स्वास्थ्य अधिकारी चंबा का कहना है कि इस दिशा में सभी बीएमओ को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का रिकॉर्ड व कार्यों की प्रगति का लेखा-जोखा तैयार कर मास दर मास रिपोर्ट भेजने के लिए सूचित कर दिया है। जिसके लिए बकायदा विभागीय बैठक में खंड अधिकारियों का मार्गदर्शन भी किया है। जिसके चलते इस दिशा में जिला में कार्य प्रगति में है।

### बीएमओ को हर रोज दर्ज करना होगा लेखा-जोखा

मेडिकल कॉलेज के दायरे में आने वाले तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में सुधार लाने के लिए विभाग को दिशा-निर्देश दिए है। इस दिशा में स्वास्थ्य निदेशालय ने पग उठाते हुए अब खंड चिकित्सा अधिकारियों को हर रोज का स्वास्थ्य केंद्रों के कार्यों के रिकॉर्ड का लेखा-जोखा दर्ज करने के फरमान जारी कर दिए है। जिसकी खंड अधिकारी कार्यालयों को मासिक रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को भेजनी होगी ताकि विभाग जिलाभर के कार्यों की समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर निदेशालय शिमला को प्रेषित कर सके। स्वास्थ्य योजना में रफ्तार प्रदान करने जिला व खंड स्वास्थ्य अधिकारियों को हर स्वास्थ्य कार्य में जिम्मेदारी सुनिश्चित करने से कई अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। नए निर्देशों के तहत खंड चिकित्सा अधिकारियों को हर रोज का रिकॉर्ड तैयार करने के लिए तिथि क्रमांक अनुसार एक अलग रजिस्टर लगाना होगा। (अनंत ज्ञान)

# सलूणी कॉलेज में प्राची राणा ने लिखा सबसे बेहतरीन निबंध




रेड रिबन क्लब की ओर से आयोजित प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय सलूणी में रेड रिबन क्लब के अंतर्गत विद्यार्थियों एचआईवी एड्स रोकथाम एवं बचाव विषय पर जागरूक करने के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. सौरभ मिश्रा तथा सहायक प्रोफेसर पिंकी देवी ने किया। रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में सहायक प्रोफेसर गुरदेव सिंह और सहायक प्रोफेसर पिंकी देवी और डॉक्टर सौरव मिश्रा तथा तेजेंद्र नेगी शामिल रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्राची राणा प्रथम सपना ठाकुर दूसरे और तीसरे स्थान पर अजय कुमार और कनिका शर्मा रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहिंद्र कुमार सलारिया ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य, बेहतर और स्वस्थ जीवन जीने के लिए युवाओं में जीवन कौशल विकास करना है। डॉक्टर सौरव मिश्रा ने छात्रों की ब्रेन स्टोरमिंग सेशन से शुरूआत की। बेसिक प्रश्नों के साथ उन्होंने सभी उपस्थित स्वयंसेवकों और महाविद्यालय के छात्रों को एचआईवी एड्स से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### सूडोकु 0003 (कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0002 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

15 मार्च, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि :** षष्ठी (10:11): **नक्षत्र :** कृत्तिका (04:08), **पक्ष :** शुक्ल, योग विष्कुंभ (07:44) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:06-12:54), राहुकाल 11:00 - 12:30।

**विशेष दिन**

16 मार्च 2012 में सचिन तेंदुलकर ने एशिया कप के एक मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ खेलते हुए मीरपुर स्थित शेर-ए-बांगल स्टेडियम में शतक लगाकर रिकॉर्ड अपने नाम किया था।

**मेष :** वाणी पर संयम रखें। निजी कार्यों से भागदौड़ अधिक होगी। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा हो सकती है। घर की चिंता से तनाव रहेगा।

**वृषभः** समय की अनुकूलता का आभास होगा। बड़े सौदों के लिए समय शुभ है। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुनः** आज पसंदीदा भोजन का आनंद मिलेगा। दोस्तों के साथ यात्रा होगी। नौकरी में परिश्रम निरर्थक होगा। विवाह प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क :** दिन की शुरूआत में आलस की अधिकता रहेगी। करियर के प्रति निर्णय लेने में संकोच रहेगा। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**सिंह :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यस्थल परिश्रम अधिक होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कन्या :** नई व्यापारिक योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। तनावों से बचें। सहयोग मिलेगा।

**तुला :** जिम्मेदारी के प्रति गंभीर रहें। परिवार में शांति रहेगी। कहीं से आज धन की प्राप्ति होगी। कारोबार में सफलता का योग है।

**वृश्चिकः** अपनी बातों से लोगों का दिल जीत लेंगे। संतान के लिए समय अनुकूल है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**धनु :** आज का दिन प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। आज की गई यात्रा-निवेश सफल रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी, जोखिम न लें।

**मकर :** फालतू खर्च बढ़ेगा। मामूली चोट, विवाद आदि से हानि संभव है। कुसंगति कष्टकारक रहेगी, जोखिम न लें।

**कुंभ :** आज किया निवेश शुभ रहेगा। स्वजनों के साथ पार्टी-पिकनिक का आनंद मिलेगा। काम की अधिकता रहेगी।

**मीन :** बोलने से पहले सोचें। आज अप्रिय सूचना से मन दुखी होगा। कारोबार में विवेक से कार्य करें। लाभ होगा।

**पत्रकार वार्ता**

## चंबा सदर के पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री सुक्खू के खिलाफ खोला मोर्चा

# सीएम ने चंबा में की मात्र कोरी घोषणाएं: पवन

**एमएम डैनियल, चंबा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जिला चंबा का दो दिवसीय दौरा चुनावी एवं कौरी घोषणाओं भरा रहा है। बिना धन के मुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपए की घोषणाएं जहां की, वहीं उन्होंने कई स्वीकृत विकास कार्यों की दोबारा घोषणाएं करने सहित अधूरे मापदंडों तक कार्यों को करवाने के लिए करोड़ों रुपए की स्वीकृति दी।

जबकि डिनोटीफाइड जल शक्ति विभाग सब डिवीजन मरेड़ी व उपतहसील साहो को पुन खोलने की मांग दरकिनार किया। ये बातें परिधि गृह चंबा में पत्रकारवार्ता के दौरान चंबा सदर के पूर्व विधायक पवन नैय्यर ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कही। पवन नैय्यर ने कहा कि जिला चंबा के लोगों की वर्षों पुरानी राज्यसभा या लोकसभा में चंबा से कोई प्रत्याशी हो, इस मांग को भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने मंजूर करते हुए हर्ष महाजन को अवसर दिया। जिन्होंने अपने कद की पहचान को बरकरार रखते हुए राज्यसभा सीट पर जीत ही नहीं हासिल की बल्कि प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार को हिला कर रख दिया है।

उन्होंने कहा कि राज्यसभा सीट पर जीत के पश्चात उन्होंने चंबा की जनता के साथ वादा किया है कि मंगला-जोत व पांगी सुरंग निर्माण उनके प्राथमिक कार्यों की सूची में शामिल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री दूसरी बार चंबा प्रवास पर आए, लेकिन खेद का विषय है कि इस बार भी वह जनता से दूरियां बनाते ही नजर आए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई तमाम घोषणाएं जनता को गुमराह करने से अधिक नहीं है। उन्होंने कहा कि पुराने बस अड्डे पर पार्किंग निर्माण कार्य में सदर विधायक ने उन्हें गुमराह करते हुए कहा कि भूमि स्थानातंरण हो गई है। जबकि वह भूमि अभी भी एचआरटीसी के नाम पर है। जहां पार्किंग निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने पांच करोड़ देने की घोषणा की। मिनी सचिवालय कार्य में भी पांच करोड़ देने की घोषणा भी हवा में है। (अनंत ज्ञान)




पत्रकारों से बातचीत करते चंबा सदर के पूर्व विधायक पवन नैयर, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सीएल ठाकुर व भाजपा मंडलाध्यक्ष महाराज सिंह बडियाल।

### निराशाजनक रहा दौरा

अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष चंबा सीएल ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री का चंबा दौरा निराशाजनक रहा है। वह पिछली सरकार को ही कोसते रहे कि पिछली सरकार लोन लेती रही। जबकि 14 महीने में प्रदेश की कांग्रेस सरकार 15 हजार करोड़ का ऋण ले चुकी है।

### हितों की अनदेखी

भाजपा मंडलाध्यक्ष चंबा महाराज सिंह बडियाल ने केंद्र सरकार का गुणगान करने सहित राज्य सरकार व स्थानीय विधायक को विकास कार्यों पर जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बिना धन के घोषणाएं कर रहे है। जबकि सदर विधायक चंबा के हितों की अनदेखी कर रहे है। उन्होंने कहा कि उद्यान व कृषि विभाग चंबा में कई पद खाली चल रहे है। जिन्हें भरने की कोई प्रक्रिया अमल नहीं लाई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### हैल्थ कैंप में 60 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**कुल्लू।** द हंस फाऊंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट-4 के द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सेऊबाग के साथ मिलकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य निरीक्षण किया गया। इस हेल्थ कैंप का आयोजन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सेऊबाग में किया गया। शिविर में एएनएम नीलम पंडित, आशा कार्यकर्ता किरन अरोड़ा के सफल योगदान से संपूर्ण हुआ। शिविर में लाभार्थियों के स्वास्थ्य जांच के साथ सभी को निशुल्क औषधियां भी वितरित की गई। इस स्वास्थ्य शिविर में सभी उपस्थित लाभार्थियों को निशुल्क लैब टेस्ट की सुविधा भी प्रदान की गई। सेऊबाग गांव के रेगुलर ओपीडी के साथ साथ हैल्थ कैंप में 60 से अधिक लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। इस दौरान लाभार्थियों को निशुल्क औषधियां भी वितरित करवाई गई। साथ ही लैब टेस्ट की सुविधा प्रदान कर टेस्ट भी किए गए। हेल्थ कैंप के दौरान मेडिकल ऑफिसर डॉ. अश्मिता शर्मा ने सभी लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच की।

### देहुरी में गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

**बंजार।** मंडी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र बंजार बूथ नंबर-64 देहुरी में ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बंजार भाजपा मंडल के महासचिव योगराज भंडारी, कोषाध्यक्ष डूंर सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा सचिव किशोरी लाल चौहान, बूथ अध्यक्ष पितांबर देव, ग्राम केंद्र अध्यक्ष गुरध्यान सिंह, वीएलए नारायण सिंह चौहान पूर्व शक्ति केंद्र अध्यक्ष कुलदीप राणा हाजिर रहे। जिसमें मोदी सरकार की गारंटी सेवा, सुशासन, महिला, युवा, किसान और गरीब कल्याण योजना के बारे जनता को अवगत कराया और चारों ओर यही पुकार, 2024 में फिर मोदी सरकार का नारा देकर तीन बार भारत माता की जय और वंदे मातरम् के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### गगरेट पुलिस ने घनारी गांव में पकड़ा चूरा-पोस्त

**गगरेट।** मादक द्रव्य पदार्थों के विरुद्ध गगरेट पुलिस द्वारा छेड़े गए अभियान के तहत गगरेट पुलिस ने घनारी गांव में एक घर में दबिश देकर 386 ग्राम चूरा पोस्त बरामद की है। गगरेट पुलिस ने इस बावत एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कारवाई शुरू कर दी है। गगरेट पुलिस को सूचना मिली थी कि घनारी गांव की एक महिला चूरा पोस्त बेचने का काम करती है। जिस पर पुलिस ने जब उक्त घर में दबिश दी तो वहां पर 386 ग्राम चूरा पोस्त बरामद की। पुलिस ने इस संबंध में महिला के विरुद्ध मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी वसुधा सूद ने इसकी पुष्टि की है।

### अमर चंद को दिया दो लाख का चेक

**आनी।** पंजाब नेशनल बैंक शाखा आनी ने बैंक के एक खाताधारक को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा के तहत प्राकृतिक मृत्यु पर दो लाख रु की बीमा राशि का चेक नामांकित अमर चन्द को प्रदान किया। बैंक के प्रबन्धक रमेश सागर तथा ऋण अधिकारी शुभम नाटियाल ने बताया कि बीमा राशि का यह चेक नामित व्यक्ति को पिछले तीन माह पहले खाताधारक की प्राकृतिक मृत्यु होने के बाद क्लेम सेटल होने पर दिया गया। बैंक प्रबंधक ने बताया कि आनी खंड की खुन्न पंचायत के शगागी गाँव निवासी गीता देवी खाता धारक की आकस्मिक मृत्यु के बाद नामित उनके पति अमरचंद को दो लाख का क्लेम चेक प्रदान किया गया। बैंक प्रबन्धक रमेश सागर ने बताया कि आनी खंड की खुन्न पंचायत के शगागी गाँव निवासी गीता देवी ने उनके बैंक में कुछ समय पहले ही खोले बचत खाते के तहत 436 रू वार्षिक प्रीमियम का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और 20 रु वार्षिक प्रीमियम का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा ले रखा था। वहीं शाखा प्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ सभी ले सकतें है। । जिसके के लिए सभी आनी की शाखा पंजाब बैंक में सम्पर्क कर सकते हैं। और इस योजना का लाभ पा सकते हैं।

# धूप खिलते ही चांदी सी चमकी बर्फीली चोटियां

## सोलंगनाला में उमड़े पर्यटक, बर्फ में की मस्ती, आधा फुट ताजा बर्फबारी से बढ़ी रौनक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग/ कुल्लू**

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में वीरवार को मौसम साफ रहा और पूरा दिन धूप खिली रही। वहीं, धूप खिलते ही दोनों जिला के पहाड़ बर्फ की चांदी से चमक उठे। उधर, पर्यटन स्थल सोलंगनाला में आधा फुट बर्फबारी हुई है। इसके चलते हालांकि सुबह के समय तो पर्यटकों को नेहरुकुंड में रोका लेकिन हालात सामान्य होने पर पर्यटकों के लिए सोलंगनाला बहाल कर दिया।

दोपहर को सोलंगनाला में पर्यटकों का मेला लग गया। पर्यटकों ने खिली धूप में स्नो स्कूटर का सुहाना सफर पर्यटकों की पहली पसंद बन गया।

हालांकि बार बार खराब हो रहे मौसम से लोगों की दिक्कत बढ़ी है लेकिन पर्यटकों के लिए यह मौसम सुहाना हो गया हैं। पर्यटन स्थलों में हर रोज पर्यटक बर्फ के फाहों से रुबरु हो रहे हैं। वीरवार को पर्यटकों ने सोलंगनाला मैदान सहित अंजनी महादेव, फातरु व हामटा में बर्फ का आनंद उठाया। महिला





लाहौल घाटी में धूप खिलते ही चमकी बर्फ की सफेद चांदी तथा (दाएं) बर्फ से ढकी बसें।

पर्यटन कारोबारियों ने बताया कि दोपहर बाद सोलंगनाला में पर्यटकों का मेला लग गया। उन्होंने बताया कि पर्यटकों ने खिली धूप के बीच बर्फ की वादियों में घूमने का आनंद लिया और इन लम्हों को कैमरे में कैद किया। उन्होंने बताया कि ताजा हिमपात से सोलंगनाला, फातरु व अंजनी महादेव पर्यटन स्थल निखर उठे हैं।

उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पर्यटकों को सोलंगनाला तक जाने की अनुमति दी गई। इसके चलते उन्होंने बर्फ के बीच आनंद लिया। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि सोलंगनाला से आगे सिर्फ फोर बाई फोर वाहन को जाने की अनुमति दी जा रही है। लेकिन सामान्य वाहनों को आने जाने में अभी वक्त लगेगा।

## आनी अस्पताल में खुलेगा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र

**आनी।** एसडीएम सभागार आनी में रोगी कल्याण समिति की विशेष बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रोगी कल्याण समिति के चैयरमैन एवं एसडीएम नरेश वर्मा ने की, जबकि बैठक में बीएमओ आनी डॉ. भागवत मेहता विशेष रूप से मौजूद रहे। कमेटी के सदस्य सचिव डॉ. राजेश राणा ने विभिन्न समस्याओं को बैठक में रखा। सर्वसम्मति से चर्चा कर निर्णय लिया गया कि अस्पताल के अंदर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोला जाएगा। जिससे मरीजों को योजना के तहत सस्ती दवाओं का लाभ मिल सकेगा। जिसके लिए अस्पताल के भीतर साइट चिन्हित बारे चर्चा हुई। प्रशासन द्वारा इसके लिए जल्द जगह उपलब्ध करवाएंगी।जिसके पश्चात नियमों के तहत इच्छुक इसके लिए आवेदन कर सकेंगे।

इसके अलावा बैठक में खराब डेंटल कंप्रेसर मशीन की जगह नई मशीन को खरीदा जाएगा। वहीं मरीजों की सुविधा के लिए ईसीजी मशीन को भी खरीदा जाएगा। इसके अलावा अस्पताल में पानी के सोक पिट बनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। एसडीएम नरेश वर्मा ने बताया कि जल्द निर्धारित तिथि के अंदर आगामी रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें तमाम बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में एसडीएम नरेश वर्मा. बीएमओ डॉ. भागवत प्रकाश मेहता, आरकेएस सदस्य सचिव डॉ. राजेश राणा तथा सीडीपीओ इंद्र सिंह गर्ग सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# गुणवत्ता के आधार पर ऋण प्रदान करें बैंकः शशिपाल

## जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति (बैंकर्स ) की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

दिसम्बर 2023 तिमाही की जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति (बैंकर्स) की बैठक सहायक आयुक्त कुल्लू शशि पाल नेगी की अध्यक्षता एवं पीडी शर्मा मुख्य प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, मंडी की सह अध्यक्षता में जिला परिषद भवन कुल्लू के सभा कक्ष में आयोजित की गई।

शशि पाल ने भविष्य में बैंकों से गुणवत्ता के आधार पर अधिक से अधिक ऋण प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने ने सभी बैंकों को ऋण जमा अनुपात में उत्तरोत्तर वृद्धि करने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंकों में बढ़ते अनर्जक आस्तियों पर चिंता व्यक्त की तथा वसूली में प्रशासन द्वारा सहयोग की बात की गई। उन्होंने बताया कि जिले में बेंकों द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना में अब तक प्रधानमंत्री जीवन



बैठक की अध्यक्षता करते सहायक आयुक्त कुल्लू शशिपाल नेगी।

ज्योति भीमा योजना के अंतर्गत कुल 56619 और प्रधानमंत्री सुरक्षा भीमा के अंतर्गत 165012 और अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 25611 खाता धारकों को पंजीकृत किया गया है। पीडी शर्मा ने सभी बैंकों एवं विभागों के पदाधिकारियों को आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करते हुए एनुअल क्रेडिट प्लान के दिसम्बर तिमाही लक्ष्य को प्राप्त करने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि ज़िले की 31.12.2023 को बैंको में कुल जमाराशि 9953.94 करोड़ एवं कुल ऋण 4241.29 करोड़ है। जिले की ऋण जमा अनुपात 42.61 फीसद है।

अग्रणी जिला प्रबंधक सुरेश कुमार बोध ने दिसंबर तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में पहली अप्रैल 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक जिले में कुल 1940.56 करोड़ के ऋण वितरित किए गए हैं जो दिसंबर तिमाही लक्ष्य 1528.69 करोड़ रुपए का 126.94 फीसद है। बैंकों द्वारा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के अंतर्गत प्रायोजित ऋण का वार्षिक लक्ष्य जो कि 150 था इसमें से अब तक 248 ऋण आवेदन स्वीकृत कर चुके हैं जोकि लक्ष्य का 165.33 फीसद है। बैंकों द्वारा एनआरएलएम के अंतर्गत 143 लाभार्थियों को 4.42 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए है।

इस मौके में एलडीओ एसबीआई शिमला शुभम द्विवेदी, डीडीएम नाबार्ड ऋषब ठाकुर, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री सुरेश कुमार बोध, सरकारी विभागों के प्रमुख, सभी बैंकों के डीसीओ एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# जिला स्तरीय सघन दस्त एवं निमोनिया नियंत्रण पखवाड़ा शुरू

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में वीरवार को जिला स्तरीय सघन दस्त एवं निमोनिया नियंत्रण पखवाडे का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जिला चिकित्सा अधिकारी कुल्लू डॉ. नागराज पवार ने किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित बच्चों और माताओं को ओआरएस की 2 पैकेट और जिंक की 14 गोलियां वितरित की साथ ही दस्त और निमोनिया से संबंधित जरूरी जानकारी भी सांझा की।

सीएमओ ने बताया कि ये मुहिम आज से 27 मार्च तक चलेगी और इस मुहिम को चलाने का मकसद जिले से सभी 0 से 5 साल तक के बच्चों में दस्त ओर निमोनिया से होने वाली मृत्यु दर को कम करना है।

इसके तहत आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को ओआरएस की दो पैकेट और जिंक की 14 गोलियों को वितरित किया जाएगा। इस मौके पर मातृ शिशु खंड में उपस्थित आशा कार्यकर्ता ज्योति ठाकुर, हर्षा शर्मा, लीना और डिंपल महंत ने बच्चों की माताओं को इस बारे जागरूक भी किया।



पखवाड़े में मौजूद आशा कार्यकता व अन्य।

# डीसी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने वीरवार को मतदान केंद्र, स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। राहुल कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केंद्र के साथ मतगणना राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल केलांग में बनाया जाएगा।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव की तैयारियां देश भर में चल रही है, जिसके चलते मतदान करने से लेकर मतपेटियों को रखने के लिए भी स्ट्रांग रूम तैयार किए जा रहे हैं, जिसके चलते लाहुल में भी स्ट्रांग रूम बनाया गया है।



डीसी लाहुल स्पीति स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए

## 132 केवी डबल सर्किट लारजी बजौरा ट्रांसमिशन लाइन पर शटडाउन


**कुल्लू।** अधीक्षण अभियंता कुल्लू ने कहा कि 132 किलो वोल्ट ट्रांसमिसन लारजी बजौरा लाइन के क्षतिग्रस्त टावर की मुरम्मत कार्य के लिए आपातकालीन बहाली प्रणाली स्थापित करने के लिए 132 किलो वोल्ट लाइन पर दिनांक 15 मार्च 2024 से 17 मार्च 2024 तक सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति वाधित रहेगी।

इस दौरान विद्युत मंडल थलौट, विद्युत मंडल कुल्लू व विद्युत मंडल मनाली की विद्युत आपूर्ति दूसरी वैकल्पिक व्यवस्था से की जाएगी, जिस कारण इन क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी

# नमो एप से माइक्रो डोनेशन करवाएगा युवा मोर्चा : तिलक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्ल**

भारतीय जनता युवा मोर्चा हिमाचल प्रदेश समूचे प्रदेश भर में 17 मार्च को सभी मंडलों में 500 से अधिक स्थानों पर नमो टी स्टॉल लगाएगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की हर विधानसभा क्षेत्र के महाविद्यालय परिसरों के बाहर, चौक-चौराहों पर और अधिक भीड़-भाड़ अथवा बड़े बाजार वाले क्षेत्र में युवा मोर्चा की टीमें लोगों को चाय पिलाने के साथ साथ देश भर में भाजपा द्वारा चल रहे माइक्रो डोनेशन अभियान में नमो टी स्टॉल के माध्यम से नमो ऐप डाउनलोड करवा कर माइक्रो डोनेशन करवाएगा। माइक्रो डोनेशन 5 रुपए से लेकर 2000 रुपए तक पार्टी ने तय की है। सभी अपनी क्षमता अनुसार इसमें सहयोग कर सकते हैं।



उन्होंने कहा कि नमो टी स्टॉल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 10 साल की उपलब्धियां लोगों को बताने का काम किया जाएगा। हर विधानसभा क्षेत्र में यह कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें हर कार्यक्रम के संयोजक व सह-संयोजक तय कर दिए गए हैं और जिन स्थानों पर कार्यक्रम करना है वह भी तय कर दिए हैं। आजकल प्रदेश भर में युवा मोर्चा गांव-गांव जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों से युवाओं को अवगत करवाने का काम युवा चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से कर रहा है।

शर्मा ने कहा की आज भारत का हर नागरिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित है और लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री देखने के लिए आतुर हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा की टीम हिमाचल की लोकसभा की चारों की चारों सीटों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालने के लिए तैयार हैं और उसके लिए डट कर मेहनत कर रहा है।

# बरिष्ठ पत्रकार दौलत भारती का निधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/बंजार**

वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी दौलत भारती का निधन हो गया है। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और चंडीगढ़ में उपचाराधीन भी रहे। भारती एक निडर पत्रकार थे और समाजसेवा में हमेशा आगे रहते थे। उनके निधन पर जिला प्रेस क्लब कुल्लू, प्रेस क्लब बंजार, प्रेस क्लब सैंज ने गहरा शोक प्रकट किया है।



प्रेस क्लब जिला कुल्लू के प्रधान धनेश गौतम ने कहा है कि हमने पत्रकारिता जगत का एक अनमोल हीरा खोया है। जिसकी क्षतिपूर्ति असंभव है। उन्होंने कहा कि दौलत भारती पत्रकारिता के साथ-साथ एक अच्छे समीक्षक व विश्लेषक भी रहे हैं।

पत्रकारिता के साथ-साथ वे विभन्न कलाओं के विद्वान भी थे। चित्रकला में भी उनकी वेहद रुचि थी। भारती मीडिया जगत के लिए एक प्रेरणास्रोत रहे हैं। उनमें पत्रकारिता का ऐसा जज्बा था कि सरकारी नोकरी छोड़कर भी उन्होंने पत्रकारिता की है। दौलत भारती कई दैनिक समाचार पत्रों के पत्रकार रहे। चंडीगढ़ जाने से पहले दौलत भारती ने लिखा था कि पीजीआई की मशीन मेरा मर्ज बताएगी। यह उनके जीवन की अंतिम पंक्तियां स्मरण रहेगी। कुल्लू की बंजार घाटी के तीर्थन घाटी के रहेने वाले दौलत भारती के निधन पर बंजार व तीर्थन घाटी में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। इन्होंने 58 वर्ष की आयु के पड़ाव में जीवन की अंतिम सांस ली है।

यह कुछ महीनों से काफी बीमार चल रहे थे और पीजीआई चंडीगढ़ से इनका इलाज चला था। सोशल मीडिया पर बहुत दौलत भारती के निधन की सूचना मिलते ही सामाजिक राजनीतिक और बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। वरिष्ठ पत्रकार दौलत भारती के निधन पर प्रेस क्लब कुल्लू द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# डॉक्टरों की पेन डाउन स्ट्राइक समाप्त, मरीजों को मिली राहत

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

प्रदेश सहित पूरे कुल्लू जिले में अब मरीजों को इलाज के लिए अनावश्यक अढाई घंटे का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जिला चिकित्सा संघ के अध्यक्ष डॉ. कल्याण ठाकुर ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल और प्रदेश चिकित्सा संघ के बीच हुई बैठक में मंत्री ने चिकित्सकों की मांगों को ध्यान से सुना और सभी मांगों को पूरा करने का निर्णय भी लिया, जिसके बाद प्रदेश चिकित्सा संघ के पूरी तरह से आश्वस्त होने के बाद संघ के निर्देशानुसार अब सभी चिकित्सक बिना किसी देरी के पेन डाउन स्ट्राइक को समाप्त कर नियमित रूप से ओपीडी में अपनी सेवाएं रखेंगे। इस निर्णय से मरीजों को हो रही परेशानी राहत मिलेगी।



पैन डाउन स्ट्राइक खत्म होने के बाद ओपीडी के आगे लगा मरीजों का तांता।

क्षेत्रीय अस्पताल में आए मरीजों में खराहल वैली से आए जीत राम, मनीकर्ण से आए सुशील ठाकुर, लोरन से आए बिशन और राम लाल, अखाड़ा बाजार से आए प्रवीण और सिमरन आदि मरीजों ने सरकार के इस कदम की सराहना करते हुए कि सरकार ने देर से ही सही मगर मरीजों को राहत देने का काम तो किया है, हांलाकि बहुतों का मानना है कि ये निर्णय थोड़ा पहले ले लिया होता तो शायद मरीजों को इतने दिनों तक परेशान न होना पड़ता।

डॉ. कल्याण ने इसके लिए मुख्यमंत्री सुक्खू और स्वास्थ्य मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इस निर्णय से जहां चिकित्सकों का मनोबल बढ़ेगा, वहीं पिछले 24 दिनों से लगातार चल रहे पेन डाउन स्ट्राइक के समाप्त होने से मरीजों को भी राहत मिलेगी। उन्होंने जल्द मांगें पूरी होने की उम्मीद जताई है। बहरहाल प्रदेश सरकार के इस निर्णय से जहां सभी चिकित्सक गदगद हैं वहीं मरीजों में भी खुशी के लहर दौड़ चुकी है।

**मीटिंग** द कुल्लू डिस्ट्रिक्ट वाटर स्पोर्ट्स एंड एलाइड एक्टिविटीज सोसायटी लारजी की बैठक

# लारजी बांध में जल्द शुरू होगी जलक्रीड़ा : तोरुल एस रवीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उपायुक्त कुल्लू एवं चेयरमैन दा कुल्लू डिस्ट्रिक्ट वाटर स्पोर्ट्स एंड एलाइड एक्टिविटीज सोसायटी, लारजी तोरूल एस रवीश की अध्यक्षता में वीरवार को सोसायटी की एक बैठक सम्पन्न हुई। उपायुक्त ने बताया कि कुल्लू जिले के लारजी बांध में जल क्रीड़ा शुरू होने वाली है। यहां वाटर स्कूटर, छोटी नाव, और स्टीमर की सवारी की जा सकेगी, जिसके लिए पर्यटन विभाग को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि लारजी झील में जल क्रीड़ा को बढ़ावा मिलने से यह जिले का एक महत्त्वपूर्ण स्थान बन जाएगा तथा लारजी बांध क्षेत्र में जल क्रीड़ा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि लारजी डैम को पर्यटन की दृष्टि से जल क्रीडा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां वाटर स्पोर्ट्स का मजा लेकर पर्यटक बंजार के जीभी, तीर्थन घाटी, जलोड़ी जोत, सरयोलसर झील तथा सैंज के देहूरी, शांघड, आदि का रुख कर मनमोहक नजारों को निहार सकेंगे। शिमला जिला के तत्तापानी में जलक्रीडा केंद्र शुरू होने के बाद कुल्लू के लारजी डैम में भी पर्यटक वाटर स्कूटर, छोटी वोट व स्टीमर की सवारी कर सकेंगे। लारजी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स और कैफेटेरिया बिल्डिंग को निविदा के आधार पर तीन साल के लिए लीज पर दिए जाने का विचार किया गया, जिसके लिए निर्धारित मापदंड रखने वाले ऑपरेटर से उपायुक्त ने बताया कि जल क्रीड़ा के संचालन का काम को सुचारू एवं पेशेवर रूप से चला न के लिए निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। इच्छुक आवेदनकर्ता जिला कुल्लू प्रशासन की वैबसाइट https://hpkullu.nic.in पर जा करके पूरी जानकारी प्राप्त करके ऑफलाइन मोड में अपनी निविदा जिला पर्यटन एवं विकास अधिकारी, कुल्लू कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।



बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करतीं डीसी कुल्लू।

बैठक की कार्यवाही का संचालन सदस्य सचिव एवं जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुनयना शर्मा ने किया। बैठक में एसडीएम बंजार पंकज शर्मा, निदेशक पर्वतारोहण संस्थान मनाली अविनाश नेगी, सहायक आयुक्त वित्त प्यार चंद , सहित सोसाइटी के सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्य उपस्थित थे।

# बंजार व निरमंड में प्लास्टिक कचरा निष्पादन के लिए लगेंगे तीन संयंत्र

**शीला कौल, बंजार**

पंचायतों से निकलने वाले कचरे के उचित निपटारे के लिए जिले में तीन नए प्लास्टिक कचरा निपटान संयंत्र लगाए जाएंगे। प्लास्टिक कचरा निपटान संयंत्र के लिए ग्रामीण विकास विभाग की ओर से केस मंजूरी के लिए भेजा गया है। बंजार में एक और निरमंड में दो प्लास्टिक कचरा संयंत्र स्थापित होने से पंचायतों को कूड़े का निष्पादन करना आसान हो जाएगा।

गौरतलब है कि बंजार में अभी तक एक भी कूड़ा संयंत्र नहीं है। इसके चलते यहां पर नगर पंचायत बंजार और पंचायतों को कचरे का निष्पादन करने में दिक्कत होती है लेकिन प्लास्टिक कचरा निपटान संयंत्र लगने से यहां पर काफी हद तक कचरे के निष्पादन की समस्या दूर हो जाएगी। वहीं निरमंड खंड में दो जगह प्लास्टिक कचरा निपटान संयंत्र की स्वीकृति मिलने का इंतजार है। नगर पंचायत भुंतर के पास भी अपनी डपिंग साइट नहीं है। नगर पंचायत भुंतर का सारा कचरा भी मनाली के रांगड़ी कूड़ा संयंत्र में जा रहा है। मणिकर्ण घाटी में अभी तक एक भी कूड़ा संयंत्र नहीं है। मणिकर्ण घाटी के तहत आने वाली ग्राम पंचायत मणिकर्ण में गारबेज ट्रीटमेंट प्लांट भी प्रस्तावित है। इसके लिए सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने प्रक्रिया तेज करने के लिए कहा है। बहरहाल यह देखने वाली बात होगी कि कब तक इन्हें स्वीकृति मिलती है। जिले में नग्गर खंड के तहत आने वाले कटराईं व आनी विकास खंड के दलाश में पंचायतों से निकलने वाले प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए प्लास्टिक कचरा निपटान संयंत्र स्वीकृत हो चुके हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ये संयंत्र लगेंगे। (अनंत ज्ञान)

> पंचायतों के पास प्लास्टिक कचरे का निष्पादन करने के लिए संयंत्र नहीं है। विभाग की ओर से केस बनाकर मंजूरी के लिए भेजा गया है। प्लास्टिक कचरा निपटान संयंत्र को स्वीकृति मिलने से लोगों को सुविधा मिलेगी।
> **-जयवंती ठाकुर, उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण**

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम राजनीतिक दरबारियों से घिरे : भाजपा

**बिलासपुर।** भाजपा ने हिमाचल में राजनीतिक हालातों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर पलटवार किया है। भाजपा का कहना है कि मुख्यमंत्री शुरू से ही अपने राजनीतिक दरबारियों से घिरे रहते हैं। उनके कहने पर वह कांग्रेस संगठन के साथ ही अपने मंत्रियों और विधायकों की हर बात को नजरअंदाज करते रहे। प्रदेश में राजनीतिक उथल-पुथल के लिए मुख्यमंत्री खुद कसूरवार हैं, जो हिटलर बन बैठे हैं। अपनी राजनीतिक नाकामी के लिए भाजपा को दोषी बताकर वह जनता की सहानुभूति हासिल करना चाहते हैं, लेकिन लोग उनकी असलियत जान चुके हैं। भाजपा ने अफसरशाही को भी सलाह दी है कि वह लक्ष्मण रेखा न लांघे। इस सरकार के भविष्य के साथ अपना भविष्य जोड़ना उनके लिए ठीक नहीं है। नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा और बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से हर काम राजनीतिक द्वेष भावना से हो रहा है। मुख्यमंत्री अपने लोगों को भी कदम-कदम पर अपमान के कड़वे घूंट पीने पर मजबूर करते रहे। इससे आहत होकर एक मंत्री ने इस्तीफा दे दिया, जबकि एक मंत्री कैबिनेट की बैठक से रोते हुए बाहर निकले।

### बच्चों के साथ दोस्त की तरह रहना होगा : महेंद्र



**डंगार चौक।** चिट्टे का कारोबार करने वालो के लिए सख्त कानून बनाए सरकार और एक बार चिट्टे के पकड़े जाने पर उसके पास चाहे कम ही मात्रा क्यों न हो उसे जेल होनी चाहिए। यह बात संस्कार संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने पंचायत घंडालवीं के गांव कांबली में पंचायत प्रतिनिधियों और महिला मंडल व स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा। घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के तहत संस्था घुमारवीं की हर पंचायत और शिक्षण संस्थानों में जाकर नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक कर रही है। हमें आने वाली पीढ़ी को चिट्टे के नशे से बचाना होगा, ताकि युवा पीढ़ी का भविष्य ठीक रहे। हमें बच्चों के साथ दोस्त की तरह रहना होगा, ताकि वो जब स्कूल, कॉलेज से घर आए, तो अपने माता-पिता के साथ बीते दिन हर बात को साझा करें और वह दिन में किस-किस से मिलता है ये सब बताएं। उन्होंने गांव के बड़े बजुर्गों से निवेदन किया कि अगर कोई गांव अनजान व्यक्ति आता है, तो उससे पूछताछ जरूर करे।

### मिनर्वा के 28 स्टूडेंट्स का सैनिक स्कूल में प्रवेश

**घुमारवीं।** वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा 28 जनवरी को देश भर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिनर्वा कोचिंग संस्थान घुमारवीं के मेधावियों ने इस बहुप्रतिष्ठित परीक्षा में अपना परचम लहराया है। मिनर्वा स्टडी सर्कल से कोचिंग प्राप्त कर संस्थान के कुल 28 विद्यार्थियों 22 कक्षा छठीं तथा छह कक्षा नवमीं ने इस प्रतियोगी परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपने उज्ज्वल भविष्य को इंगित किया है। मिनर्वा संस्थान से कोचिंग प्राप्त कर सैनिक स्कूल की कक्षा छठी के लिए 22 उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से सार्थक शर्मा ने सबसे अधिक 263 अंक अर्जित कर सबको गौरवांवित किया है। वैसे ही कक्षा नवमीं के लिए छह उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से आदर्श चंदेल ने सर्वाधिक 344 अंक हासिल कर अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी है।

### विवेक मिस्टर व पायल मिस बनी फेयरवेल

**बिलासपुर।** बिलासपुर कॉलेज में वीरवार को विदाई पार्टी समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बीए हिंदी विभाग के प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस आयोजन में कॉलेज के प्राचार्य नीना वासुदेवा और उपप्राचार्य प्रो. कटवाल ने बतौर मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित के साथ की गई। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग आयोजन भी किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने गीत-संगीत और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए। इस आयोजन में विवेक कुमार को मिस्टर और पायल को मिस फेयरवेल चुना गया।

# घुमारवीं में दिनदिहाड़े हो रहा अवैध खनन, प्रशासन बेखबर

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

प्रतिबंध के बावजूद सीर खड्ड में अवैध खनन जारी है। अवैध खनन से घुमारवीं उपमंडल में बहने वाली वाली सीर व शुक्र सहित अन्य खड्डों का सीना छलनी हो रहा है। इन खड्डों में कई स्थानों पर अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है। अवैध रूप से खड्डों से खनन सामग्री उठाई जा रही है।

इससे न केवल प्रदेश सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का चूना लग रहा है, बल्कि अवैज्ञानिक तरीके से खड्डों से उठाई जा रही सामग्री के चलते बाढ़ और भूमि कटाव का खतरा भी पैदा हो रहा है। अवैध खनन से पर्यावरण प्रभावित हो रहा है। अवैध खनन से खड्डों का जल स्तर नीचे गिर रहा है। अवैज्ञानिक ढंग से खड्डों से उठाया जा रहे रेत, बजरी के कारण बरसात के मौसम में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। अवैध खनन के कारण खड्डों में बह रहे पानी के बहाव में बदलाव हो रहा है। इससे खड्डों के आसपास भूमि कटाव हो रहा है। प्रदेश सरकार अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लाख दावे कर ले, लेकिन वास्तव में अवैध रूप से चल रहे खनन के व्यवसाय में कमी नहीं आ रही है। घुमारवीं उपमंडल में खड्डों में अभी भी अवैध खनन का कार्य जारी है, जिस पर खनन विभाग, पुलिस व वन विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। हालांकि अवैध खनन को रोकने के लिए सरकार ने नौ विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को चालान की शक्तियां दी हैं। (अनंत ज्ञान)



घुमारवीं में दिनदिहाड़े अवैध खनन करते हुए।

### पुलिस के अलावा कोई नहीं कर रहा कार्रवाई

इनमें बीडीओ, वन विभाग, जलशक्ति, लोनिवि, प्रशासनिक अधिकारी, खनन विभाग आदि शामिल हैं, लेकिन खनन व पुलिस विभाग के अलावा कोई विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है। घुमारवीं उपमंडल में बहने वाली सीर खड्ड कुछ साल पहले बरसात में अपना रौद्र रूप दिखा चुकी है। भयंकर बाढ़ ने काफी तबाही मचाई थी। पानी के बदले बहाव के कारण किसानों की सैकड़ों बीघा उपजाऊ भूमि बह गई थी। सीर खड्ड में आई बाढ़ के लिए अवैध खनन को ही जिम्मेदार माना गया था।

# राजेश धर्माणी सरकारी भूमि का कर रहे दुरुपयोग : गर्ग



पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग घुमारवीं में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी अपने चेहतों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी भूमि का दुरुपयोग कर रहे हैं और कांग्रेस कार्यकर्ता अधिकारियों के साथ मारपीट कर रहे हैं। यह बात भाजपा अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं में आयोजित प्रेस वार्ता में कही।

गर्ग ने कहा कांग्रेस पार्टी के दो ठेकेदार जिन्होंने आईपीएच विभाग के पास जमीन खरीदी, लेकिन उस जमीन के लिए गाड़ी योग्य रास्ता नहीं था। मंत्री राजेश धर्माणी ने आईपीएच विभाग पर दबाव बनाया, जिसके बाद आईपीएच विभाग ने अपनी दीवार को तोड़ कर पीछे हटाया और मंत्री के करीबी ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी भूमि से संपर्क मार्ग बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि इसकी जांच की जाए कि किस आधार पर विभाग की भूमि बनाने का काम हुआ।

उन्होंने कहा कांग्रेस के ठेकेदार अधिकारियों पर दबाव बना रहे कि नियमों को दरकिनार करके उन्हें काम करवाएं और अधिकारी नहीं माने तो अधिकारियों के साथ मारपीट की जा रही है। हाल ही में घुमारवीं के साथ लगते गांव में वन विभाग में कार्यरत बीओ के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मारपीट की और बीओ की पुलिस थाना में शिकायत भी दर्ज नहीं की गई। मंत्री राजेश धर्माणी ने दबाव बनाकर समझौता करवाया। गर्ग के कहा कि राजेश धर्माणी अधिकारियों पर दबाव बनाने का कार्य कर रहे हैं।

# दस माह बाद बिलासपुर में डॉ. ने एमएस का संभाला पदभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में लंबे समय के बाद चिकित्सा अधीक्षक के पद पर तैनाती हुई है। लंबे समय से एडिशनल चार्ज पर चल रहे इस पद के लिए कई अधिकारियों के ऑर्डर हुए, परंतु यहां पर कोई ज्वाइन नहीं कर रहा था।



ऐसे में अंततः अब बिलासपुर में डॉ. एके भारद्वाज ने पदभार संभाला लिया है। वीरवार को एमएस ने अस्पताल का दौरा भी किया और यहां पर ऑपरेशन थियेटर से लेकर ओपीडी का निरीक्षण किया। क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में डॉ. संजीव वर्मा बतौर चिकित्सा अधीक्षक तैनात थे। उनका तबादला ऊना में बतौर सीएमओ हुआ। हालांकि उनके तबादले के बाद क्षेत्रीय अस्पताल

### एमएस ने ज्वाइनिंग के दौरान बताई अपनी प्राथकिताएं

बिलासपुर के लिए चिकित्सा अधीक्षक के ऑर्डर हुए थे, लेकिन किंहीं कारणों के चलते ज्वाइन नहीं किया। वहीं, लगातार लंबे समय से यह पद खाली चल रहा था। अब क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में डॉ. एके सिंह ने ज्वाइन कर लिया है। डॉ. एके सिंह इससे पहले घुमारवीं, मारकंड, झंडूता के अलावा सोलन, शिमला में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वहीं, अब उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में चिकित्सा अधीक्षक की जिम्मेदारी मिली है। क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। उन्होंने अस्पताल का भी निरीक्षण किया और कहा कि कुछ समस्याएं सामने आई हैं।

### भाजपा चाहती सरकारें धन-बल से बनें : संदीप

**बिलासपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि सत्ता से बाहर बैठी भाजपा सत्ता में आने के लिए दिन-रात साजिशों को अमलीजामा पहनाने में लगी हुई है। कांग्रेस से निष्कासित छह विधायकों को पहले चंडीगढ़ के निजी होटल में रखा जाता है फिर उन्हें वहां से उत्तराखंड के ऋषिकेश ले जाया जाता है तदुपरांत अब उनको दिल्ली ले जाया जाता है यह सारा प्रकरण बताता है। भाजपा की नीयत और नीति यही बन चुकी है कि जहां पर उनकी सरकारें जनमत से नहीं बन पाती हैं, वहां धन-बल और छल-बल से सरकारों को गिराओ और अपनी सत्ता की लोलुपता को पूरा करो। संदीप सांख्यान ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार एक स्थिर सरकार थी और पांच वर्ष तक अपना पूरा कार्यकाल भी करेगी।

# नलवाड़ी मेले में कैलाश खैर व गुरनाम होंगे सांस्कृतिक संध्याओं के स्टार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर के राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में पद्मश्री आवार्डी गायक कैलाश खैर व पंजाबी सुप्रसिद्ध गायक गुरनाम भुल्लर धमाल मचाएंगे।

17 से शुरू होने जा रहे नलवाड़ी मेले को लेकर प्रशासन की तैयारियां पूरी हो गई हैं और मेले के शुभारंभ को लेकर अन्य तैयारियां की जा रही हैं। वीरवार को उपायुक्त कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए डीसी आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि 17 को कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी मेले का शुभारंभ करेंगे। मेले में नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर से शोभायात्रा मेले स्थल लुहणू मैदान तक निकाली जाएगी। मेले में इस बार कुछ नया और अलग करने का प्रयास किया जा रहा है। मेले में पहली बार लाइट एंड साउंड शो का आयोजन किया जाएगा, जिसमें



रात्रि के समय नलवाड़ी मेले के इतिहास के बारे में बताया जाएगा। इसी के साथ मेले में फायर वर्कर्स, ग्रीन क्रैकर का भी आयोजन किया जाएगा। इस तरह का पहली बार मेले में आयोजन होने जा रहा है। नलवाड़ी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में 20 मार्च को पुलिस बैंड स्टार नाइट होगा। उसके बाद 21 मार्च को सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खैर शाम आठ से लेकर 10 बजे तक धमाल मचाएंगे। उसके बाद 22 को हिमाचली नाइट रखी गई है, जिसमें पूरी तरह से हिमाचली कलाकार अपने प्रफोम करेंगे।

### अभी तक 120 प्लाटों का हुआ आवंटन

**बिलासपुर।** बिलासपुर के राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में अभी तक 120 प्लाटों का आवंटन हो चुका है। खबर की पुष्टि करते हुए सदर एसडीएम अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि लुहणू मैदान में आयोजित किए जाने वाले इस मेला को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए इस में विभिन्न प्रकार की दुकानें, झूले तथा डोम स्थापित करने के लिए प्रशासन की ओर से लुहणू ग्राउंड को एक मुक्त किराये पर प्रीतम सिंह एंड संस गुरु गोबिंद सिंह नगर अमृतसर को दिया गया। लुहणू ग्राउंड में प्लॉटों का आवंटन प्रीतम सिंह एंड सन्स फर्म द्वारा बिना किसी भेदभाव के पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। अभी तक उपरोक्त फर्म द्वारा 120 प्लाटों का आवंटन किया जा चुका है।

# आज नशा मुक्त सुरक्षा युक्त अभियान में भाग लेंगे अनुराग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर 15 मार्च को घुमारवीं में नशे के खिलाफ अलख जगाएंगे। केंद्रीय मंत्री शाम चार बजे घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में नशा मुक्त-सुरक्षा युक्त अभियान में भाग लेंगे।

इस अभियान के अंतर्गत युवाओं को ट्रैफिक नियमों के बारे में अवगत करवाया जाएगा तथा नशे से दूर रहने की प्रेरणा भी दी जाएगी। नशा मुक्त-सुरक्षा युक्त अभियान के तहत केंद्रीय मंत्री के साथ पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए घुमारवीं भाजपा मंडल ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। जानकारी देते हुए भाजपा मंडल महामंत्री जोरावर पटियाल व मीडिया प्रभारी महेंद्र पाल रतवान ने बताया कि नशा मुक्त-सुरक्षा युक्त अभियान के तहत सड़क सुरक्षा के

### सड़क सुरक्षा के लिए पंजीकृत लोगों को दिए जाएंगे हेल्मेट

लिए पंजीकृत लोगों को हेल्मेट भी प्रदान किए जाएंगे। इसके तहत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस घुमारवीं से लेकर सिल्ह तक रैली निकाली जाएगी। रैली में शामिल होने वाले लोगों को ही हेल्मेट दिया जाएगा। गर्ग ने बताया कि सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए नशा मुक्त-सुरक्षा युक्त अभियान चला रखा है, जिसके तहत अनुराग 15 मार्च को सायं चार बजे घुमारवीं में इस अभियान में भाग लेंगे। देश के विकास में युवाओं की भागीदारी सबसे अहम है, मगर ऐसा देखा जा रहा है कि कुछ युवा साथी नशे की चपेट में आकर अपना भविष्य तो खराब कर रहे हैं, देश के विकास में भी अपना कोई योगदान नहीं दे पा रहे हैं।

# शिस्टा राफ्टिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राफ्टिंग एसोसिएशन ऑफ बिलासपुर प्रदेश की बैठक का आयोजन जिला मुख्यालय बिलासपुर में किया गया, जिसमें पूर्व खिलाड़ी एवं क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर से सेवानिवृत्त शिस्टा गौतम को सर्वसमिति से राफ्टिंग एसोसिएशन ऑफ बिलासपुर का जिला अध्यक्ष चुना गया।

इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर घुमारवीं से प्रमुख व्यवसायी एवं समाज सेवक श्याम शर्मा एवं उपाध्यक्ष के पद पर हरीश कुमार, हेमराज ठाकुर, इंजीनियर श्यामलाल पवंर को चुना गया। इसके अलावा महासचिव के पद पर इम्तियाज खान एवं सचिव के पद पर घुमारवीं नगर परिषद की अध्यक्ष रीता सहगल, बृजलाल चौहान एवं माकड़ी-मार्कंडय पंचायत की पूर्व प्रधान तृप्ता कुमारी को लिया गया। सहसचिव के पद पर अनिल मल्होत्रा एवं मीना जम्वाल को चुना गया। इसके



राफ्टिंग एसोसिएशन ऑफ बिलासपुर की बैठक में मौजूद लोग।

### घुमारवीं के श्याम बने राफ्टिंग के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष

अलावा कोषाध्यक्ष के पद पर सुनंदा सूद, मुख्य सलाहकार के पद पर शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक सुशील पुंडीर एवं सलाहकार के पद पर पंडित सत्यदेव शर्मा, प्रेस मीडिया प्रभारी सचिव रेखा बिष्ट को चुना गया। इसके अलावा विशेष अमंत्रित सदस्यों में एडवोकेट स्नेहिल सूद, अप्रत्युक्ष गौतम, कुसुम जमवाल आदि को लिया गया। राफ्टिंग एसोसिएशन ऑफ बिलासपुर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शिस्टा गौतम एवं मुख्य सलाहकार सुशील पुंडीर ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर छुपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए राफ्टिंग एसोसिएशन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करेगी।

### कल बिलासपुर दौरे पर होंगे सीएम

**बिलासपुर।** शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री बिलासपुर दौरे पर रहेंगे।

बिलासपुर के झंडूता विस क्षेत्र में आने वाले बागछाल पुल का शनिवार को विधिवत रूप से शुभारंभ किया जाएगा, जिसके लिए प्रशासन ने अपनी तैयारियां कर ली हैं। हालांकि प्रशासन ने यह साफ किया है कि अभी तक आधिकारिक तौर पर सीएम के आने की सूचना नहीं है, परंतु उनके टूअर को लेकर सीएम ऑफिस से हरी झंडी मिली हुई है। जानकारी के अनुसार सीएम पुल के शुभारंभ के बाद झंडूता क्षेत्र का भी दौरा करेंगे। यहां पर वह कुछ विकासात्मक कार्यों की आधारशिला रखेंगे। उसके बाद घुमारवीं क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। पूरा दिन सीएम बिलासपुर जिले में रहेंगे। हालांकि अभी तक यह भी साफ नहीं हो पाया है कि सीएम बिलासपुर मुख्यालय पर भी आ सकते हैं। उधर, डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि सीएम के आने की सूचना है।

# राजनीतिक द्वेष भावना से काम करना कांग्रेस की आदत : कटवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने बात-बात पर केंद्र पर हिमाचल की अनदेखी के आरोप लगाने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लिया है।



राजनीतिक द्वेष भावना से काम करना कांग्रेस की आदत है। भाजपा की ऐसी संस्कृति नहीं है। मोदी सरकार के लिए पूरा देश एक समान है। कांग्रेस के पिछले कार्यकाल में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार की वजह से कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन का काम पूरी तरह से ठप हो गया था। अब प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद केंद्र सरकार ने इस फोरलेन का काम न केवल पूरा किया है, बल्कि प्रधानमंत्री ने इसका लोकार्पण भी कर दिया है। 4760 करोड़ रुपए की लागत से बने फोरलेन से प्रदेश के साथ ही बाहरी राज्यों के पर्यटकों को बड़ी राहत मिली है।

सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलने के साथ ही उनके समय और पैसे की बचत भी हो रही है। कटवाल ने कहा कि एनएचएआई ने वर्ष-2012 में कीरतपुर से नेरचौक तक फोरलेन का निर्माण शुरू किया था। उस समय केंद्र के साथ ही प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार थी। कांग्रेस नेताओं ने इस फोरलेन को अवैध कमाई का जरिया बना दिया था। सरकार की धौंस दिखाकर वे फोरलेन बनाने वाली कंपनी से उगाही में जुटे रहे। कांग्रेस के ही कुछ वरिष्ठ नेताओं ने भी फोरलेन में 200 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। इसी भ्रष्टाचार की वजह से फोरलेन निर्माता कंपनी को अपना तामझाम समेटकर जाना पड़ा था।

**व्यवस्था** डीसी ने थपथपाई एसडीएम की पीठ, कहा-मेले में बेहतर स्टार नाइट लाने के पीछे रहा बड़ा हाथ

# गर्ग ने मेले में आधुनिकता लाने को निभाई अहम भूमिका

**शुभम राही, बिलासपुर**

उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि नलवाड़ी मेले को बेहतर बनाने के लिए एसडीएम आईएएस अभिषेक कुमार गर्ग की मुख्य भूमिका रही है। बिलासपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में डीसी ने एसडीएम अभिषेक कुमार गर्ग की खूब तारिफ की।

उन्होंने कहा कि नलवाड़ी मेले के इतिहास में पहली बार करोड़ों रुपए की लागत से लुहणू मैदान की बोली लगी है, जिसमें मुख्यत एसडीएम की प्रमुख भूमिका रही है। इससे पहले कभी भी नलवाड़ी मेला ग्राउंड की बोली करोड़ों रुपए में नहीं लगी है। उपायुक्त ने कहा कि इस बार प्रशासन को काफी आमदन हुई है, तो मेले को बेहतर और आधुनिक बनाने के लिए कई नए प्लान तैयार किए हैं। डीसी आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि नलवाड़ी मेले में सांस्कृतिक संध्याओं में बेहतर कलाकारों को बुलाने में भी एसडीएम मुख्य रोल अदा कर रहे हैं। बिलासपुर सदर



एसडीएम अभिषेक कुमार गर्ग व डीसी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक।

एसडीएम अभिषेक कुमार गर्ग ने यहां पर ज्वाइन करने के बाद एसडीएम कोर्ट के भी काफी लंबे समय से लंबित मामलों को भी सुलझाया है। वहीं, एसडीएम की खासियत यह भी है कि लोगों की समस्याओं को वह अपने कार्यालय में कम, बल्कि फील्ड में जाकर ज्यादा सुनते हैं और अधिकतर समस्याओं को मौके पर ही निपटाया जाता है।

एसडीएम का कहना है कि वह अभी तक अपने सदर क्षेत्र की सभी पंचायतों का दौरा कर चुके हैं। वहीं, एसडीएम ने स्थानीय जनता से भी आग्रह किया है कि मेले को और बेहतर बनाने के लिए वह प्रशासन को अपने सुझाव दे सकते हैं।

मेले में और क्या नया किया जा सकता है और क्या बदलाव किया जा सकता है वह भी जनता के सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### 17 मार्च से शुरू होने जा रहा नलवाड़ी मेला

बिलासपुर का नलवाड़ी मेला 17 से शुरू होने जा रहा है। ऐसे में मेले में स्थानीय लोगों को तव्वजो देने के लिए प्रशासन की प्रथम प्राथमिकता रही है। जानकारी के अनुसार नलवाड़ी मेले में इस बार निविदाओं की बोली पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा लगाई गई है। एसडीएम ने बताया कि पहली बार यह संभव हुआ है, जब मेले के लिए मैदान की नीलामी एक करोड़ रुपए में हुई है। वर्ष 2023 में 95 लाख 35 हजार की बोली गई थी, जबकि वर्ष-2022 में केवल 19 लाख 53 हजार की बोली लगाई गई थी। अभिषेक के अनुसार इस बार इच्छुक फर्मों व पार्टियों ने बोली प्रक्रिया में बढ़-चढकर भाग लिया है।




> नलवाड़ी मेले के इतिहास में पहली बार लुहणू मैदान की करोड़ों रुपए की बोली लगी है। इसका सारा श्रेय एसडीएम अभिषेक गर्ग को है, एसडीएम बेहतर कार्य कर रहे हैं। मेले को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन कार्यरत है।
> **आबिद हुसैन सादिक, उपायुक्त बिलासपुर।**


## कार्यालय ग्राम पंचायत सलवाहण
### विकास खंड धनोटू, तहसील बल्ह जिला मंडी

आज दिनांक 26/02/2024 को ग्राम पंचायत सलवाहण की मासिक बैठक प्रधान श्री पंकज चौधरी जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें उपस्थिति 07/07 रही। जिसमें निम्न कार्यावाही अमल में लाई गई । **प्रस्ताव संख्या 2 – ग्राम पंचायत सलवाहण के विभिन्न विकास कार्यों में विविध सामग्री प्रयोग हेतु निविदाएं/कोटेशनें आमंत्रित करने बारे ।** यह कि बैठक में सर्वसम्मति से विनिश्चय हुआ कि ग्राम पंचायत सलवाहण में विभिन्न मदों के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024-25 में विकास कार्य करवाए जाने हैं जिस हेतु निम्न प्रकार से सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु कोटेशने आमंत्रित की जानी अनिवार्य हैं ताकि विकास कार्यों को सुचारु रूप से चलाया जा सके।

| क्रं. सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा इकाई | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 12. | शटरिंग | प्रति square feet |
| | | | 13. | सरिया (ISI Marked) | प्रति क्विंटल |
| 1. | रेत (Local Quarry) | प्रति घनमीटर | 14. | दीवार लेखनी (Wall Writing) | प्रति square feet |
| 2. | रेत (क्रशर की) | प्रति घनमीटर | 15. | SILT SAND | प्रति घनमीटर |
| 3. | बजरी 20mm (Local Quarry) | प्रति घनमीटर | 16 | इंटरलॉक टाइल्स (सभी साइज ) | प्रति square feet |
| 4. | बजरी 40mm (Local Quarry) | प्रति घनमीटर | 17 | सीमेंट ढुलान | प्रति बैग |
| 5. | बजरी 20mm (क्रशर की) | प्रति घनमीटर | 18 | पीवीसी पाइपें (सभी साइज) | प्रति फुट |
| 6. | बजरी 40mm(क्रशर की) | प्रति घनमीटर | 19 | सीमेंट ब्लाक ((सभी साइज) | प्रति square feet |
| 7. | सोलिंग/ बोल्डर पत्थर | प्रति घनमीटर | 20 | RCC PIPES AND COLLER सीमेंट Banches | प्रति पीस |
| 8. | पत्थर (Cut Stone) | प्रति घनमीटर | | | |
| 9. | पक्की ईंटे (मिटटी के भटे की ) (2nd Class) | प्रति हजार | 21 | सनेट्री फिटिंग (ALL ITEMS) | प्रति पीस |
| | | | 22 | दरवाजा, खिड़की चौखट व पल्ले | प्रति स्क्वेयर फुट |
| 10. | मशीन द्वारा कटान (Cutting through JCB Machine) | प्रति घनमीटर | 23 | वुड प्राइमर, सिमट प्राइमर, पेंट पुटी अन्य सभी रंग | |
| 11. | सामग्री ढुलान ट्रैक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा | प्रति घनमीटर | 24 | इलेक्ट्रिकल सामग्री सभी प्रकार की | प्रति पीस |
| | | | 25 | कंक्रीट मिक्सचर | प्रति घंटा |

निविदाएं/कोटेशनें ग्राम पंचायत सलवाहण में 26/03/2024 को 12 बजे तक किसी कार्य दिवस में जमा की जा सकती हैं। निविदाएं/कोटेशनें बंद लिफाफे में ही स्वीकार की जाएंगी । यह निविदाएं/कोटेशनें उसी दिन दिनांक 26/03/2024 को दोपहर 2 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत सलवाहण में कमेटी के समक्ष खोली स्वीकृत की जायेगी । ग्राम पंचायत को निविदाएं/कोटेशनें को निरस्त करने का पूरा अधिकार है । निविदादाता/ आवेदनकर्ता को जीएसटी न. व पैन न. तथा एम फार्म उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। जीएसटी न. व पैन न. की प्रतिलिपि साथ में प्रेषित करना अनिवार्य है । निम्न निवेदित दर की निविदाएं/कोटेशनें ही सर्वसम्मति से पारित है पारित होंगी ।

**ग्राम पंचायत सलवाहण, विकास खंड धनोटू, तहसील बल्ह, जिला मंडी, हि.प्र.**

# हिल स्टेशन कसौली के रोपवे प्रोजेक्ट को पंख लगने का इंतजार, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**मोहन चौहान, सोलन**

हिल स्टेशन कसौली के लिए एनएच-5 के कोटी प्रस्तावित रोपवे प्रोजेक्ट को पंख लगने का इंतजार है। फिलहाल प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलने के दो वर्ष बीत जाने के बावजूद इसका काम आगे नहीं बढ़ पाया।

रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन इस परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए कई बार निविदा आवंटन की अंतिम तिथि बढ़ाई पर सकारात्मक परिणाम लाने में विफल रहा। यदि यह योजना सिरे चढ़ी तो आने वाले समय में पर्यटकों के लिए रोमांच से भरपूर होगा। इससे प्रदेश सहित कसौली में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

अधिसूचना के बाद इस प्रोजेक्ट का कार्य ठंडे बस्ते में है। बिल्ट ऑपरेट एंड ट्रांसफर के आधार पर बनने वाले इस रोपवे के टेंडर अवॉर्ड होते ही काम शुरू होगा। (अनंत ज्ञान)

## 250 करोड़ की लागत से बनेगा रोपवे



### कोटी में बनेगा लोअर टर्मिनल

**इस** प्रोजेक्ट के शुरू होने से कसौली विस क्षेत्र विकास की बुलंदियों को छुएगा। करीब 250 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस रोपवे का लोअर टर्मिनल कोटी स्थित गायत्री शक्ति पीठ मंदिर के समीप निर्मित होगा। जबकि कसौली स्थित सर्किट हाउस के करीब इसका अपर टर्मिनल बनाने की योजना है। पौने चार किलोमीटर लंबी रोपवे पर 14 टॉवर फिट करने का प्रावधान है। इस पर 56 केबिन की आवजाही की सुविधा होगी। रोपवे की कुल क्षमता एक दिशा की ओर हर घंटे में 1100 लोगों को कसौली तक पहुंचाने की होगी। निर्माण करने वाली कंपनी इस प्रोजेक्ट पर 40 वर्षों तक अधिकार रहेगा। अवधि पूरी होने के बाद रोपवे सरकार के सुपुर्द किया जाएगा।

### रोपवे की 6 मीटर प्रति सेकंड रहेगी स्पीड

रोपवे के माध्यम से समुद्रतल से 1158 मीटर की ऊंचाई से 1839 मीटर की ऊंचाई का सफर महज 11 मिनट में पूरा होगा। यूरोपियन सेफ्टी स्टैंडर्ड के अनुसार बनने वाले इस रोपवे की स्पीड 6 मीटर प्रति सेकंड रहेगी। साथ ही हर केबिन में एक साथ 8 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। यही नहीं हर टावर की ऊंचाई 10 मीटर से लेकर 35 मीटर तक होगी। जिससे सफर और भी रोमांचक होगा। रोपवे 365 दिन वर्क करेगा।

### ऊंचाई से निहार सकेंगे प्रकृति

रोपवे के दोनों तरफ पहाड़ है। बीच में कौशल्या खड्ड की निर्मल धारा बहती है। ऐसे में रोपवे पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। इससे पर्यटक प्राकृतिक



सौंदर्य को निहार सकेंगे। प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से इससे जहां हजारों लोगों को रोजगार मुहैया होगा वहीं पर्यटकों की आवाजाही से क्षेत्र में रोजगार बढ़ेगा। परवाणू-धर्मपुर कसौली के बीच सड़क पर होने वाले यातायात में काफी कमी आएगी। कसौली को रोपवे की मंजूरी से क्षेत्रवासियों में उत्साह है। यहां रोपवे का होना विकास की राह में मील का पत्थर साबित होगा।

> अन्य राज्य रोपवे परियोजनाओं के लिए 60 प्रतिशत पूंजी इक्विटी जैसे आकर्षक प्रोत्साहन देते हैं। रोपवे परियोजना में रुचि दिखाने वाले प्रमोटर भी इसी तरह के प्रोत्साहन की मांग कर रहे हैं। एक पहाड़ी राज्य होने के नाते, हिमाचल के लिए समान नियम और शर्तें स्वीकार करना संभव नहीं है। दिल्ली और हरियाणा से आने वाले प्रमोटरों के लिए कुछ शर्तों में बदलाव किया गया था, लेकिन उन्होंने इस परियोजना का विकल्प नहीं चुना।
> -अजय शर्मा, आरटीडीसी निदेशक।

## न्यूज ब्रीफ

### सुक्खू की घोषणाएं मात्र छलावा : मेलाराम शर्मा

**नाहन।** सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा और जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणबीर ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू के शिलाई दौरे के दौरान सिरमौर में की गई उन संस्थाओं की घोषणा को आम जनता के साथ छलावा करार दिया है जिन्हें पहले भाजपा सरकार द्वारा खोला गया था और बाद में सुक्खू सरकार ने सत्ता में आते ही उन्हें डी नोटिफाई कर दिया था। लेकिन सरकार ने इन संस्थाओं को खोलने के बारे में न समीक्षा की और न ही इनके लिए कोई वित्तीय संसाधन जुटाने का प्रयास किया। सिरमौर की जनता कांग्रेसी नेताओं के झूठे वायदों से भली भांति परिचित हो चुकी है और अब लोकसभा चुनावों के दौरान इनके झांसे में आने वाले नहीं है।

### केंद्र में एक बार फिर बनेगी मोदी सरकार : विनय



**नाहन।** सांसद सुरेश कश्यप को फिर से शिमला पार्लियामेंट्री से टिकट दिए जाने पर जिला सिरमौर भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता ने उन्हें बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। वहीं पूर्व मंत्री एवं विधायक पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र सुखराम चौधरी ने भी सुरेश कश्यप को फिर से पार्टी नेतृत्व का भरोसा मिलने पर बधाई दी है। सुखराम चौधरी ने कहा कि केंद्र में एक बार फिर मोदी की सरकार बनेगी।

### पीजी कॉलेज नाहन में करवाई लाइव स्ट्रीमिंग

**नाहन।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में भारत सरकार द्वारा आरंभ किए गए सेमीकंडेक्टर मिशन की लाइव स्ट्रीमिंग महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रेमराज भारद्वाज की अध्यक्षता में की गई। कार्यक्रम संचालक डॉ. पंकज चांडक ने बताया कि भारत सरकार के चिप फॉर विकसित भारत के तहत 13 मार्च, 2024 को गुजरात के घोलेरा, सानंद व असम के मोरीगांव में 125 लाख करोड़ की सेमीकंडर उद्योग की नींव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रखी गई।

इस प्रोगाम से नाहन महाविद्यालय सहित भारत के साठ हजार संस्थान के विद्यार्थी लाइव स्ट्रीमिंग से जुड़े। इस अवसर पर प्रो बी.आर. ठाकुर, डॉ. विनीत, डॉ. कमल डोगरा, प्रो. वीरेंद्र, प्रो. पुष्पांजलि व प्रो. भावना सक्रिय रूप से उपस्थित थे।

### कला केंद्र में हुआ 'आखे री खड़कन' का प्रदर्शन

**राजगढ़ ।** राजगढ़ विकास खंड की उपतहसील पझौता के जालग गांव में स्थित हाब्बी मानसिंह कला केंद्र में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें 'आखे री खड़कन' नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री विद्यानंद सरैक द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। गुरु रविंद्र नाथ टैगोर की रचना आंख की किरकिरी को पद्मश्री विद्यानंद सरैक द्वारा करियाला शैली में रूपांतरित कर आखे री खड़कन नाटक लिखा गया। आसरा संस्था द्वारा गुरु पद्मश्री विद्यानंद सरैक व जोगेंद्र हाब्बी के निर्देशन में उपरोक्त नाटक को गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत प्रशिक्षण देकर तैयार किया गया। लोकनाट्य के पात्रों में मुख्य भूमिका रामलाल, गोपाल, चमन, संदीप, सरोज, अनु, जोगेंद्र, सुनील, अमीचंद, ओम प्रकाश आदि कलाकारों सहित लगभग पच्चीस कलाकार शामिल हुए।

### शिक्षक संघ ने जताया सीएम का आभार



**पावंटा साहिब ।** कैबिनेट ने हिमाचल प्रदेश के कंप्यूटर शिक्षकों के लिए बड़ी सौगात दी है। कंप्यूटर शिक्षक कई दशकों से अपनी मांग को लेकर संघर्षरत थे। जिला सिरमौर कंप्यूटर शिक्षक संघ के अध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही आचार संहिता लगने वाली है, इसलिए प्रदेश सरकार से उम्मीद है कि सरकार उससे पहले इसकी अधिसूचना जारी करेगी। जिला सिरमौर कंप्यूटर शिक्षक संघ सीएम प्रवास के दौरान उनका आभार करने के लिए शिलाई पहुंचे।

### हंस फाउंडेशन के सहयोग से लगाया स्वास्थ्य शिविर



**अर्की ।** ग्राम पंचायत कोटली में हंस फाउंडेशन के सहयोग व अर्की स्वास्थ्य खंड विभाग की टीम द्वारा संयुक्त से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान एचआईवी, एड्स व सिफलिस के बारे में खंड चिकित्सा विभाग के परामर्श विशेषज्ञ विजय शांडिल द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस कम्युनिटी बेस सर्चिंग अभियान में लेब असिस्टेंट मनीष कुमार आईसीटीसी द्वारा 61 लोगों की उपरोक्त बीमारियों के बारे में अपनी जांच की गई।

इस अवसर इस मौके पर हंस फाउंडेशन टीम अर्की के सदस्य उमा ठाकुर,राजन ठाकुर,महेंद्र ठाकुर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, डॉक्टर श्वेता गुलेरिया व शिल्पा ठाकुर ने विशेष सहयोग किया।

# पिंजौर-नालागढ़ एनएच की हालत खस्ता

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

पिंजौर-नालागढ़ नेशनल हाई-वे की खस्ता हालत का मामला एक बार फिर बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन ने उठा दिया है। बीबीएन इंडस्ट्री ने एनएचएआई बार अनदेखी का आरोप लगाया है कि बार-बार एनएच की हालत सुधारने की मांग उठाने के बाद भी कोई सुधार नही हो पाया है।

हिमाचल के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र में चल रहे उद्योगों की सुनवाई न तो सरकार कर रही है न ही एनएचएआई। अगर हालात ऐसे ही रहे तो अब दिन दून नही जब बड़े स्तर पर उद्योगों का पलायन होना शुरू हो जाएगा।

अब बीबीएन इंडस्ट्री ने चेतावनी दे दी है अगर 10 दिन में हालत नही सुधरी तो कोर्ट के समक्ष मामला उठाया जाएगा। बीबीएन इंडस्ट्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों को बार-बार सूचित करने के बावजूद समस्या को लंबे समय से अनसुलझा छोड़ दिया है जिसका खामियाजा उद्योगपतियों व स्टाफ को भुगतना पड़ रहा है।

## बीबीएन इंडस्ट्री 10 दिन बाद कोर्ट में रखेगी मामला



पिंजौर-नालागढ़ एनएच की खस्ता हालत का दृश्य जिससे लोग परेशान हैं।

### एनएच पर हादसों का खतरा पैदा

**पिंजौर**-नालागढ़ एनएच पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे पड़ चुके है जो कि हादसों को न्यौता दे रहे है। वाहन चालक कई बार गड्ढों को बचाने के लिए वाहनों को इधर-उधर करते है जिससे बड़े सड़क हादसा हो सकता है। वहीं गड्ढों के कारण जगह-जगह पर भारी जाम की समस्या भी पैदा हो रही है और इंडस्ट्री की मूवमेंट भी प्रभावित हो रही है।

### नहीं सुधारी जा रही रोड की हालत : राजीव

**बीबीएनआईए** के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल का कहना है कि बार-बार मांग उठाने के बाद भी हालत नही सुधारी जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 10 दिनों के भीतर एनएच की हालत को नही सुधारा जाता है तो मजबूरन न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

### बीबीएन में 2 हजार उद्योग

**हिमाचल** के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में 2 हजार के करीब छोटे-बड़े उद्योग है जिसमें फार्मा उद्योग, स्टील, टैक्सटाइल, गत्ता व अन्य उद्योग शामिल है। इन उद्योगों के उद्योगपति रोजाना ट्राईसिटी से अप-डाउन करते है और अधिकतम स्टाफ भी कालका, पिंजौर, पंचकूला व चंडीगढ़ से पहुंचता है।

### गुलेरिया बोले- इंडस्ट्री एनएच की हालत से परेशान

**बीबीएन** इंडस्ट्री एसोसिएशन के महासचिव वाईएस गुलेरिया का कहना है कि इंडस्ट्री एनएच की हालत से परेशान हो चुकी है और बार-बार आग्रह करने के बाद भी सुनवाई नही हो रही है जो कि शर्म की बात है।

# को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक से हुए दुर्व्यवहार से कांग्रेस खेमे में खलबली

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक के जिला सिरमौर निदेशक भारत भूषण मोहिल के साथ मुख्यमंत्री के मंच पर दुर्व्यवहार होने के बाद लाधी क्षेत्र की कांग्रेस में सरकार की व्यवस्था परिवर्तन के खिलाफ रोष व्याप्त हैं।

मुख्यमंत्री की जनसभा के अंदर कांग्रेस की गुटबंदी और प्रतिष्ठित लोगों के साथ बेतरतीबी ने प्रदेश की जनता को बड़ा संदेश दिया है। हालांकि शिलाई कांग्रेस में सब कुछ सही नजर नहीं आ रहा है। जिस सबके बीच अब मुख्यमंत्री के मंच से प्रदेश की जनता के सामने पार्टी के प्रतिष्ठित व्यक्ति के साथ ही दुर्व्यवहार की तस्वीरें सामने आने लगी है।

**हम सब में मतभेद हो सकते हैं, पर मनभेद नहीं :इंद्र**

जानकारी के मुताबिक जैसे ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मंच पर पहुंचे उनके स्वागत के लिए मंच पर पहुंचे को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक लाधी महल की शान भारत भूषण मोहिल को बाजू से पकड़ कर मंच से उतार दिया।

बताया जा रहा हैं कि पुलिस के एक जवान ने उनके साथ हाथापाई भी की। जिस पर मोहिल आग बबुला हो गए। कई लोगों द्वारा बीच में हस्तक्षेप करने के बाद मामला शांत हुआ तथा बाद में लोगों के कहने पर उन्हें मंच पर कुर्सी पर बैठा दिया गया। क्यास यह भी लगाए जा रहे हैं कि मोहिल के साथ हुआ बर्ताव क्या किसी के कहने पर हुआ हैं।

भाजपा मंडल अध्यक्ष इंद्र ठाकुर ने भारत भूषण मोहिल के साथ हुए दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि पार्टी को लेकर हम सब में मतभेद हो सकते है लेकिन मनभेद नहीं है। भारत भूषण मोहिल लाधी की शान है और उनके साथ इस तरह का व्यवहार निंदनीय है।

## एनएसयूआई ने प्रिंसीपल को ज्ञापन सौंपा

**पांवटा साहिब ।** गुरु गोबिंद सिंह राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब के एनएसयूआई इकाई ने प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा। इकाई ने कहा कि एनएसयूआई छात्र हित के लिए 1971 से लगातार काम करती आ रही है और इसी कारण से हम पांवटा साहिब महाविद्यालय के छात्रों को आ रही परेशानियों को आपके समक्ष रखना चाहते हैं। जो छात्र प्रथम वर्ष के गोल्डन चांस में पास नहीं हो पर है और उन्हें एक अतिरिक्त चांस दिया गया है उन्हे तीसरे वर्ष की परीक्षा में बैठने का मौका दिया जाए।

## संन्यास आश्रम में शुरू हुआ ज्ञान यज्ञ

**रेणुका जी ।** संन्यास आश्रम रेणुका जी में सात दिवसीय भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ। महंत भीम पुरी व व्यवस्थापक दीनदयाल पुरी ने बताया कि भागवत कथा 20 मार्च तक चलेगी। कथा के यजमान रेणुका कांग्रेस मंडल के अध्यक्ष तपेंद्र चौहान थे। हर रोज भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है।

## नौणी में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**सोलन ।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के 400 से अधिक एनएसएस वालंटियर्स ने विश्वविद्यालय में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में एनएसएस वालंटियर्स ने मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लिया।

इस अवसर पर वालंटियर्स ने आगामी चुनाव में मतदान करने की शपथ भी ली।

# मुख्य संसदीय सचिव ने किया कडयाह पाठशाला के भवन का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी वर्गों के विकास के लिए ठोस कदम उठा रही है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दधोगी में लगभग 14 लाख रुपए की लागत से निर्मित कडयाह स्थित राजकीय माध्यमिक पाठशाला भवन का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि राजकीय माध्यमिक पाठशाला कडयाह में शीघ्र ही अध्यापक के एक रिक्त पद को भरा जाएगा। उन्होंने स्कूल में डंगा लगाने के लिए एक लाख रुपए देने, पाठशाला में एक अतिरिक्त कमरे के निर्माण के लिए 02 लाख रुपए तथा नावीं के काटल अनुसूचित जाति बस्ती संपर्क मार्ग के लिए 50 हजार रुपए की अतिरिक्त राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। संजय अवस्थी ने राजकीय माध्यमिक पाठशाला कडयाल के बच्चों के लिए ऐच्छिक निधि से 1100 रुपए देने की घोषणा की।



पाठशाला भवन का लोकार्पण करते सीपीएस।

## कंपनी के खिलाफ कर्मचारी पहुंचे लेबर इंस्पेक्टर के पास

**नाहन ।** कालाअंब स्थित एक निजी कम्पनी ने कर्मचारियों को बिना किसी नोटिस एवं बिना सैलरी दिये बिना आज दरवाजे बंद कर दिए हैं । जिस कारण इन कर्मचारियों के परिजनों पर रोजी-रोटी का संकट आ गया है । शिकायत लेकर कंपनी के सैंकड़ों कर्मचारी लेबर इंसपेक्टर से मिलने उनके ऑफिस पहुंचे। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कम्पनी का मैनेजर पहले से ही लेबर इंस्पेक्टर के पास बैठा होने के कारण उनकी बात को अनसुना कर दिया। उपायुक्त के हस्तक्षेप के बाद जिला श्रम रोजगार अधिकारी ने उनकी पूरी बात सुनी।

# मुख्यमंत्री सुक्खू पांवटा साहिब का करेंगे दौरा : किरनेश जंग

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पांवटा साहिब की बैठक विश्राम गृह में संपन्न हुई, जिसमें विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी किरनेश जंग मौजूद रहे। यह बैठक में पांवटा साहिब विधान के गांव-गांव से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

वहीं पूर्व विधायक ने बताया कि जल्द ही हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू का पांवटा साहिब का दौरा बनने जा रहा है। इसी संदर्भ में आज ब्लॉक कांग्रेस की बैठक बुलाई गई थी। जिसमे सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे और उन्होंने पांवटा साहिब में स्पोर्ट्स स्टेडियम की घोषणा करने के लिए मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश का आभार जताया और धन्यवाद किया।

इस मौके मंडल अध्यक्ष अश्वनी शर्मा,राजेंद्र शर्मा,असगर अली,जहांगीर अली, हीरदा राम चौहान, भगानी जॉन कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप चौहान, जसपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पांवटा साहिब की बैठक

## चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**सोलन ।** दुकान में हुई सेंधमारी करके 40 हजार रुपए की नकदी उड़ाने के मामले में पुलिस ने कोटखाई के भुवाना गांव निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है।

एसपी सोलन गौरव सिंह के अनुसार इसी वर्ष 24 फरवरी को माल रोड निवासी राजीव कोहली ने थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि दुकान से 40 हजार की नकदी गायब थी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद कोटखाई के भुवाना गांव निवासी 30 वर्षीय मिथुन को गिरफ्तार किया गया है। आज उसे अदालत में पेश कर आगामी पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड का आवेदन किया जाएगा।

## मतदाता तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी को जिताने के लिए उत्सुक : तिलक राज



तिलक राज का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

**बीबीएन ।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वीरवार को दून व नालागढ़ के दौरे पर पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा ने पहले दून के भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल और फिर नालागढ़ मोर्चा के पदाधिकारियों से मुलाकात की।

तिलक राज शर्मा ने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की हाजिरी लेते हुए युवा मोर्चा की विस्तार से जानकारी ली। तिलक राज ने कहा कि अब मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है सभी कार्यकर्ता इसमें जुट जाए।

## शूलिनी विवि ने न्यू मैक्सिको स्टेट के साथ किया समझौता

**सोलन ।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने न्यू मैक्सिको स्टेट यूनिवर्सिटी (एनएमएसयू), यूएसए के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस महत्वपूर्ण साझेदारी का उद्देश्य दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए शैक्षिक अनुभवों और अनुसंधान के अवसरों को समृद्ध करना है।

न्यू मैक्सिको स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मनोज शुक्ला प्रो. विकास, अन्य प्रतिष्ठित डीन और निदेशकों के साथ हाल ही में शूलिनी यूनिवर्सिटी की यात्रा के दौरान सहयोग को और मजबूत किया गया।

शूलिनी विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के निदेशक प्रो. आर. पी. द्विवेदी ने कहा यह साझेदारी शूलिनी विश्वविद्यालय के छात्रों और संकाय सदस्यों दोनों के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में कई अवसरों के द्वार खोलती है।

# चिकित्सकों की हड़ताल समाप्त होने से रोगियों को मिली राहत



सिविल हॉस्पिटल पांवटा साहिब में उपचार को पहुंचे रोगी।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

चिकित्सकों की लगभग डेढ़ माह से चल रही हड़ताल समाप्त होने से सिविल हॉस्पिटल पांवटा साहिब में मरीजों की भीड़ नजर आई।

राहत की बात यह है कि अब समय पर उनका इलाज हो सकेगा। उन्हें घंटों लाइन में नहीं लगना पड़ेगा।

जिला सिरमौर डॉक्टर्स संघ के अध्यक्ष डॉ. पियूष ने बताया कि बैठक में मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी स्वास्थ्य सचिव स्वास्थ्य निदेशक मौजूद थे।

**लापरवाही** — औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-नालागढ़ में उद्योग कर रहे मनमर्जी, फैला रहे प्रदूषण

# बद्दी के मलपुर में पैकेजिंग उद्योग ने छोड़ा केमिकल युक्त पानी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-नालागढ़ में उद्योगों द्वारा लगातार केमिकल युक्त पानी छोड़कर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। अब बद्दी के ग्राम पंचायत मलपुर स्थित पैकेजिंग उद्योग से लगातार केमिकल वाला पानी छोड़कर नालों में जहर घोला जा रहा है। यह सिलसिला पिछले कई दिनों से जारी है जिसका गंदा पानी अब नेशनल हाई-वे पर आ पहुंचा है। कंपनी प्रबंधन द्वारा छोड़ा जा रहा केमिकल युक्त पानी नालों से होकर सरसा नदी तक पहुंच रहा है जिससे नदी प्रदूषित हो रही है।



बद्दी के ग्राम पंचायत मलपुर स्थित पैकेजिंग उद्योग से लगातार केमिकल वाला पानी

मामला सामने आने पर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड बद्दी की टीम ने कंपनी का निरीक्षण करते हुए रिसाव हो रहे केमिकल युक्त पानी के सैंपल जांच के लिए भर दिए गए हैं।

अगर जांच रिपोर्ट में केमिकल की पुष्टि होती है तो प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड आगामी कार्रवाई करते हुए उक्त कंपनी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बिजली कनेक्शन काटेगा।

### ऐसे उद्योगों पर हो कार्रवाई : लक्ष्मी

**हिम** परिवेश संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मी चंद का कहना है कि पर्यावरण से खिलवाड़ करने वाले उद्योगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड बद्दी द्वारा कोई कार्रवाई नही की जा रही है जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे उद्योगों पर विभाग के अधिकारी मेहरबान चल रहे है जो कि चिंता की बात है।

- जांच के लिए भरे केमिकल युक्त पानी के सैंपल
- केमिकल की पुष्टि होने पर कटेगा बिजली कनेक्शन

> पैक फार्मा उद्योग मलपुर की शिकायत मिली थी जिसके आधार पर टीम ने कंपनी से पानी के सैंपल जांच के लिए भर दिए गए है जिसकी रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्राथमिक जांच के आधार पर कंपनी को नोटिस भी जारी किया जा रहा है।
> -प्रवीण गुप्ता, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड एक्सईएन।

# 13 अप्रैल से आरंभ होगा शिरगुल देवता बैशाखी मेला : राजकुमार

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला का पारंपरिक एवं प्रसिद्ध जिला स्तरीय शिरगुल देवता बैशाखी मेला आगामी 13 से 15 अप्रैल, 2024 तक राजगढ़ के नेहरू मैदान में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। अध्यक्ष श्री शिरगुल देवता मेला कमेटी एवं एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ठाकुर ने अंबेडकर भवन में मेले की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी।

मेले का शुभारंभ 13 अप्रैल को शिरगुल देवता की पारंपरिक पूजा अर्चना की जाएगी, उसके उपरांत शिरगुल देवता की पालकी की शोभायात्रा पूरे राजगढ़ शहर में पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ निकाली जाएगी।

मेले की तीनों संध्याओं में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए कलाकारों का चयन भी समितियों द्वारा किया जाएगा। मेले के अंतिम दिन विशाल दंगल का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्याओं में प्रदेश के प्रसिद्ध एवं लोक कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा जिसमें स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

बैठक में नगर पंचायत राजगढ़ की अध्यक्षा ज्योती साहनी व व उपायध्यक्ष कपिल ठाकुर, जिला परिषद सदस्य सतीश ठाकुर, उप-पुलिस अधीक्षक वी.सी. नेगी, शिरगुल देवता मंदिर समिति के सदस्यों एवं विभिन्न मेला समितियों के सदस्य उपस्थित थे।



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी व साथ हैं अन्य लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### महासू के प्रधान मंजीव कांग्रेस में शामिल



महासू के प्रधान मंजीव चौहान व संजीव शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में कांग्रेस में शामिल होते हुए।

**रोहड़ू।** कोटखाई तहसील की पंचायत महासू के प्रधान मंजीव चौहान व संजीव ठाकुर (महासू) ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में आस्था व्यक्त की। वहीं आगामी समय में जुब्बल नावर कोटखाई में कांग्रेस पार्टी के लिए तन-मन के साथ कार्य करने का विश्वास व्यक्त किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा व कॉपरेटिव बैंक के निदेशक पवन चौहान ने कांग्रेस पार्टी में कार्य करने के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

### 17 को मंडलों में लगाए जाएंगे नमो टी स्टॉल

**शिमला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश समूचे प्रदेश भर में 17 को सभी मंडलों में 500 से अधिक स्थानों पर नमो टी स्टॉल लगाएगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश की हर विधानसभा के कॉलेज परिसरों के बाहर, चौक-चौराहों पर और अधिक भीड़-भाड़ अथवा बड़े बाजार वाले क्षेत्र में युवा मोर्चा की टीमें लोगों को चाय पिलाने के साथ-साथ देश भर में भाजपा की ओर से चल रहे माइक्रो डोनेशन अभियान में नमो टी स्टॉल के माध्यम से नमो ऐप डाउनलोड करवा कर माइक्रो डोनेशन करवाएगा। माइक्रो डोनेशन पांच रुपए से लेकर 2000 तक पार्टी ने तय की है सभी अपनी क्षमता अनुसार इसमें सहयोग कर सकते हैं। नमो टी स्टॉल के माध्यम से पीएम की 10 साल की उपलब्धियां का लोगों को बताने का काम किया जाएगा।

### लोकसभा चुनाव को लेकर दी ट्रेनिंग

**जुब्बल।** लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीएम जुब्बल राजीव सांख्यान ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव को लेकर किसी भी वक्त घोषणा हो सकती है। इसी को लेकर हमारी सभी टीमें चाहे हमारे सेक्टर अधिकारी हैं व सेक्टर मजिस्ट्रेट हैं जो विभिन्न प्रकार की ड्यूटियां दे रहे हैं या फिर पोलिंग पार्टियों को हमें जहां-जहां ठहराना पड़ रहा है। उसको लेकर लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। एसडीएम ने बताया कि उन सभी को ट्रेनिंग भी दी गई और उन सब को अपने कर्तव्य निर्वहन में क्या परेशानियां पेश आ रही हैं इसे भी समझाया गया। उन्हें उनके कर्तव्यों के बारे में भी अवगत करवाया गया, जैसे ही चुनाव आचार संहिता लागू होती है और चुनाव प्रक्रिया शुरू होती हैं उन सभी चीजों के बारे में उन्हें क्या-क्या कार्य करने हैं उनको लेकर हर वक्त तैयार रहना है।

### भोपाल कृषि में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित



ठैला के किसान भोपाल सिंह लुधियाना में प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए।

**सुन्नी।** विकास खंड बसंतपुर के ठैला के प्रगतिशील किसान को पंजाब के लुधियाना में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेले में समान्नित किया गया । जानकारी के अनुसार पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना परिसर में आयोजित इस राष्ट्रीय किसान मेले में जय किसान बागवान सोसायटी बसंतपुर के दस किसानों के दल ने इस मेले में शिरकत की । इस मेले में ठैला के भोपाल सिंह को कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सोनालिका ट्रैक्टर कंपनी की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ठैला के इस किसान को प्रदेश सहित अन्य बाहरी राज्यों में कृषि क्षेत्र में कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में कृषि मंत्रालय के निमत्रण पर बतौर विशेष अथिति शिरकत की थी।

### नेरवा में सड़क सुरक्षा पर जागरूक किए लोग

**चौपाल/नेरवा।** नेरवा कॉलेज में रोड सेफ्टी क्लब के बैनर तले सड़क सुरक्षा को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. बलवीर ने इस मुहिम पर महत्वपूर्ण बिंदुओं का जिक्र करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और हरेक नागरिक को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना और समाज को इसके प्रति जागरूक करना था। छात्रों ने इस अभियान में एकत्रित होकर सक्रिय भाग लिया और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प दिखाया।

### आरकेएमवी में दिखाई लाहौल की संस्कृति



**शिमला।** आरकेएमवी में वीरवार को जनजातीय छात्रावास में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस फेयरवेल पार्टी की थीम हे छुक्शे रखा गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 11 बजे किया गया। इसमें प्रधानाचार्य डॉ. अनुरिता सक्सेना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इसमें अनेक प्रकार की प्रस्तुति दी गए। इसमें चंबयाली, पांगी, लाहौल की संस्कृति को दिखाया गया।

### महिला साहित्यकारों ने किया काव्य पाठ



**शिमला।** भाषा एवं संस्कृति विभाग शिमला प्रदेश की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की कड़ी में सम्मलेन कक्ष, गेयटी थियेटर परिसर में जिला स्तरीय महिला साहित्यिक सम्मेलन का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सरोज भारद्वाज ने की तथा कुसुम संघाइक, उपनिदेशक, भाषा ने बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की, मंच संचालन कल्पना गांगटा ने किया। इस अवसर पर वंदना राणा:- मैं अबला नहीं सबला हूं, सत्या शर्मा वसुंधरा ने कुछ भी कर शक्ति है नारी, कमलेश ने मैं कोई और नई माथे की बिंदियां हूं, नीरा राठौर ने मां की व्यथा, पूजा सूद डोगर ने नारी के त्याग, रक्षा ठाकुर ने नारी शक्ति की महिमा, कल्पना गंगटा ने सशक्त नारी, प्रियंका शर्मा, सृष्टिआदि सहित डेढ़ दर्जन से अधिक महिला साहित्यकारों ने काव्य पाठ किया।

# आचार संहिता से पहले 185 टेंडर लगाएगा निगम

## नगर निगम में एफसीपीसी की बैठक का आयोजन, इससे शहर की सुंदरता को पहुंचेगा लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नगर निगम शिमला में वीरवार को एफसीपीसी की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें यह फैसला लिया गया कि आचार संहिता से पहले नगर निगम 185 टेंडर लगा देगा क्योंकि उसके बाद कोई भी कार्य नहीं हो सकता है।

शहर में टूटी सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट लगाने, रोड की टारिंग, शहर की ब्यूटी फिकेशन करने, एंबुलेंस रोड बनाने समेत कई अन्य काम शामिल किए गए हैं। कोड ऑफ कंडक्ट के दौरान वार्डों में विकास कार्य निरंतर चलते रहे हैं इसलिए यह फैसला लिया गया, जितने भी फैसले एफसीपीसी मीटिंग में लिए जाते हैं, उस पर निगम की मासिक बैठक में मोहर लगाई जाती है। आचार संहिता के चलते शिमला में किसी काम में बाधा न आए इसके लिए यह कदम उठाया गया है। इससे शहर की सुंदरता के साथ शहरवासियों को भी लाभ पहुंचेगा।



नगर निगम महापौर सुरेंद्र चौहान एफसीपीसी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

### एमसी कर्मचारियों को मिलेगा डीए

निगम के कर्मचारियों को जल्द डीए की किस्त भी जारी की जाएगी। बैठक में मौजूद सदस्यों की ओर से इसे सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई है। आगामी निगम हाउस में अब इसे चर्चा के लिए लाया जाएगा।

### रिवोली मार्केट में दुकानों का किराया छह हजार तय

निगम ने लक्कड़ बाजार बस स्टैंड के पास स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बनी दुकानों का किराया छह हजार मासिक तय किया है। इस जगह 18 नई दुकानें बनी हैं, जो दो दिन पहले ही दुकानदारों को सौंपी गई थी। वीरवार को मेयर और डिप्टी मेयर की अध्यक्षता में हुई एफसीपीसी की बैठक में किराए पर सहमति बनी है। अब इस प्रपोजल को निगम की मासिक बैठक में चर्चा के लिए लाया जाएगा। अगर इस पर सभी पार्षदों की सहमति बनती है, तो किराये की नए दरें लागू हो जाएंगी।

### तहबाजारियों पर नहीं बन पाई कोई पॉलिसी

तहबाजारियों को बसाने के लिए निगम सात महीने बाद भी कोई योजना नहीं बना पाया। अब शहर के 750 के करीब वेंडरों को आचार संहिता के बाद ही बसाया जाएगा। इसमें थोड़े समय की और जरूरत थी, जिससे इसमें देरी हुई।

> एफसीपीसी की बैठक में यह फैसला लिया गया कि आचार संहिता से पहले 185 टेंडर अवॉर्ड किए जाएंगे। इसमें शिमला शहर के रोड, सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाना है। इसके अलावा रिवोली के दुकानों के किराये को लेकर चर्चा हुई, जिस पर निगम की मासिक बैठक में फैसला लिया है।
>
> **सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

### शिमला जिले में खोला जाएगा खेलो इंडिया केंद्र

**शिमला।** शिमला में खेलो इंडिया केंद्र खोला जाएगा। इस केंद्र में विभिन्न प्रकार की खेलें सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस केंद्र को खोलने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी, शिमला राकेश धौटा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिमला में एक खेलो इंडिया केंद्र खोला जाना है। इसके लिए फॉर्म खेलो इंडिया साइट पर उपलब्ध हैं। आवेदनकर्ता को इस केंद्र से संबंधित फार्म भरने होंगे। इसके अलावा आवेदनकर्ता को सभी दस्तावेज साथ भेजनें होंगे। खेलो इंडिया सेंटर के आवेदन आमंत्रित करने के लिए प्रार्थी मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण की शिक्षा प्राप्त होना जरूरी है। प्रार्थी खेलो इंडिया फॉर्म की शर्तों को पूर्ण करता हो।

# हादसा स्थल पर पैरापिट-क्रैश बैरियर होते तो बच जाती तीन अनमोल जिंदगियां

**सपना सूद, नेरवा/चौपाल**

अनंत ज्ञान साइड स्टोरी

धबास-सरांह सड़क पर बुधवार रात हुए हादसे के बाद एक ही बात सामने आई है कि यदि हादसा स्थल पर सुरक्षा के लिए पैरापिट या क्रैश बैरियर होते तो तीन अनमोल जिंदगियां बच जाती, जिस स्थान पर यह हादसा हुआ।

उस स्थान पर एक तरफ सैकड़ों मीटर गहरी खाई है एवं यहां पर सुरक्षा के लिए एक अदद पत्थर कि ओट तक नहीं है। बता दें कि यह सड़क धार्मिक दृष्टि से उपमंडल कि अति महत्वपूर्ण सड़क है। इस सड़क पर मार्च से नवंबर महीने तक चूड़धार स्थित देवता शिरगुल और सरांह में देवता बिजट महाराज के दर्शन के लिए शिमला ही नहीं सिरमौर और उत्तराखंड के जौनसार बाबर से रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। जाहिर सी बात है कि इस दौरान सड़क पर ट्रैफिक कई गुना बढ़ जाता है। अगर सड़क की स्थिति की बात की जाए, तो यह 12 किलोमीटर पूरी सड़क संकरी है कई बार एक वाहन को दूसरे वाहन को पास देने के लिए दो से तीन सौ मीटर पीछे जाना पड़ता है। 12 किलोमीटर लंबी यह संकरी सड़क बिना सुरक्षा इंतजामों के पिछले एक दशक में दो दर्जन से अधिक जिंदगियां लील चुकी है। बीते एक दशक में इस सड़क पर एक दर्जन से अधिक सड़क हादसों में दो दर्जन से अधिक लोगों कि जान जाने के बावजूद न तो इसे चौड़ा किया गया है और न ही इसपर सुरक्षा के पूरे इंतजाम हैं। (अनंत ज्ञान)

### 80 फीसदी से अधिक सड़क सफर के लिए असुरक्षित

लोगों का आरोप है कि बीते समय में इतना जरूर देखने में आया है कि जहां-जहां हादसे हुए हैं, वहां कई स्थानों पर सड़क को चौड़ा किए बिना ही पैराापिट अथवा क्रैश बैरियर जरूर लगा दिया है, परंतु अभी भी अस्सी फीसदी से अधिक सड़क सफर के लिए पूरी तरह सुरक्षित नहीं है, जब भी इस सड़क पर कोई हादसा होता है, तो यही बात सामने आती है कि हादसे वाले स्थान पर सड़क तंग थी एवं उस स्थान पर सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं था। बीते रोज हुए हादसे का सबसे दुःखद पहलु यह है कि मृतकों में एक भाई और दो बहनों का भाई कमलेश अपने पीछे दस और 13 साल की दो बेटियां को छोड़ गया है, जबकि एक अन्य मृतक अपनी बेटी की सोलन में एडमिशन करवाने के बाद कुछ आवश्यक दस्तावेज लेने घर आया था एवं धबास कैंची में उसने इस अभागे वाहन में लिफ्ट ली थी।

### सीएम आज सराहन कुमारसैन और ठियोग के दौरे पर

**शिमला।** प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज शिमला जिले के सराहन, कुमारसैन और ठियोग का दौरा करेंगे। इस दौरान वह 155.28 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री प्रात: 11 बजे भीमाकाली मंदिर सराहन पहुंच कर पूजा-अर्चना करेंगे। इसके उपरांत वह प्रात: 11.35 बजे नलाटी स्टेडियम सराहन पहुंच कर विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात वह दोपहर 1.15 बजे कुमारसैन बस स्टैंड पहुंच कर बस स्टैंड का उद्घाटन करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत दोपहर 3.35 बजे आलू मैदान ठियोग पहुंच कर ठियोग स्कूल के नए भवन का उद्घाटन करेंगे।

# सरकार विकास कार्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध : सीपीएस



शीलघाट में सीपीएस मोहन लाल ब्राक्टा स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करते हुए।

**दशमी रावत, रोहड़ू**

मुख्य संसदीय सचिव एवं विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने रोहड़ू के शीलघाट में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्थानीय लोंगों ने ढोल-नगाढों एवं फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।

क्षेत्र के लोगों ने नए स्वास्थ्य केंद्र भवन के लोकार्पण पर सीपीएस एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार रोहड़ू सहित पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों को पूरा करने में प्रतिबद्ध है।

प्रदेश सरकार के मौजूदा कार्यकाल में रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में विकास कार्यों में तेजी लाई जा रही है। शीलघाट में बने इस स्वास्थ्य केंद्र में लोगों को घर द्वार स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी।

# इंटक मनरेगा मजदूरों के लिए कर रहा काम : बिहारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मजदूरों को हक दिलाने में संगठन हुआ कामयाब**

जब से रामपुर आसपास इंटक मजदूर संगठन ने मजदूरों की आवाज को उठाना शुरू किया उसके बाद मजदूरों के वेतन में सम्मान जनक वृद्धि हुई है।

मजदूरों को प्रावधानों के तहत मिलने वाले लाभ प्रदेश कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से मिलने लगे हैं। इंटर के प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी सहयोगी ने रामपुर में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि जब से जल विद्युत परियोजनाओं में इंटक मजदूर संगठन बनी हैं, उसके बाद मजदूरों को उनके हक दिलाने में संगठन कामयाब हुआ है। क्षेत्र की छोटी जल विद्युत परियोजनाओं में मजदूरों की वेतन वृद्धि के लिए इंटक ने काम किया है। बीते रोज 2010 से जल विद्युत उत्पादन में लगी मंगलाड़ परियोजना के मजदूरों के वेतन को लेकर समझौता हुआ है। यह समझौता अक्तूबर-2023 से लागू माना जाएगा, जिन मजदूरों को 15,600 मासिक वेतन मिलता था। उन के वेतन में 4000 मासिक बढ़ोतरी हुई और यह समझौता तीन साल के लिए लागू होगा। इसमें कुशल कामगारों का करीब 4600 मासिक वेतन वृद्धि हुई है। इसके अलावा चाहे वह जल विद्युत परियोजना में कार्यरत कामगार हो या फिर मनरेगा या बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के मजदूर उनके लिए लगातार इंटक काम कर रहा है।

### पेंशन देने पर कृषि मंत्री से की चर्चा

**जुन्गा।** प्रदेश कृषि विपणन बोर्ड एवं मंडी समिति सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों को लेकर वीरवार को कृषि मंत्री चंद्र कुमार से भेंट की।

संघ के मीडिया सलाहकार शक्त राम कश्यप ने बताया कि संघ ने बोर्ड से रिटायर हुए कर्मचारियों को पेंशन प्रदान करने के बारे कृषि मंत्री से विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए धनराशि जारी करने का आग्रह किया। शक्त राम ने मंत्री को अवगत करवाया कि विपणन बोर्ड आरंभ से ही मुनाफे की स्थिति में है। उन्होंने पड़ोसी राज्य के विपणन बोर्ड की तर्ज पर प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन और मेडिकल बिलों के लिए धनराशि जारी करने की मांग की।

# यूजी की परीक्षाओं के लिए डेटशीट तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

यूजी के पेपर की डेट शीट तैयार कर दी गई है। अब कॉलेजों में पेपर की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 28 से यूजी के एग्जाम शुरू होंगे जो छह मई तक चलेंगे। एग्जाम मॉर्निंग और इवनिंग दोनों शिफ्ट में होंगे। एचपीयू की ओर से जारी नोटिफिकेशन में एग्जाम का पूरा शेड्यूल आ चुका है, जिसे कॉलेज प्रिंसिपल को भेज दिया गया है। विवि ने बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए), बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) और बैचलर ऑफ कॉमर्स (बीकॉम) के रेगुलर छात्रों और कंपार्टमेंट, लेट कॉलेज के छात्रों, इंटरनेशनल सेंटर ऑफ डिस्टेंस एजुकेशन एंड ओपन लर्निंग ( आईसीडीईओएल) में पढ़ने वाले छात्रों के लिए भी एनुअल एग्जाम की डेटशीट जारी कर दी है।

### डेटशीट में 18 तक हो सकता है बदलाव

एचपीयू ने छात्रों को पेपर के समय और तिथि में बदलाव का 18 तक मौका दिया है। इसमें उन पेपरों की तिथि में बदलाव होगा, जो आपस में क्लेश हो रहे हैं। विवि एप्लिकेशन के बाद 19 को अंतिम डेटशीट जारी करेगा। अगर कोई एग्जाम पहले से अलग-अलग तिथि पर रखा गया है, तो उसमें बदलाव होगा। 19 के बाद डेटशीट में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। विवि ने सभी कॉलेज प्रिंसिपल को डेटशीट को अच्छे से जांचने के निर्देश दिए हैं। अभी कॉलेजों में छात्रों की प्रेक्टिकल परीक्षाएं करवाई जा रही हैं।

### कॉलेज में तैयारी शुरू

परीक्षाओं को करवाने के लिए कॉलेज प्रबंधन तैयारियों में जुट गया है। सीटिंग प्लान से लेकर एडमिट कार्ड जारी करने संबंधी अन्य प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। वहीं, छात्रों की ओर से लाइब्रेरी से ली गई किताबों को वापस करने, स्पोर्ट्स और कल्चरल कॉस्ट्यूम को कॉलेज में जमा करने के निर्देश कॉलेज प्रबंधन की ओर से दिए गए हैं। ये सभी फॉर्मेलिटी पूरी करने के बाद ही छात्र एग्जाम हॉल में बैठ सकेंगे।

> संबंधी सभी तरह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अगर किसी स्टूडेंट को कोई प्रश्न समझने में परेशानी हो रही है, तो सब्जेक्ट टीचर्स उन्हें समझाने के लिए कॉलेज में मौजूद हैं।
>
> **प्रोफेसर भारती भांगड़ा, संजौली कॉलेज प्रिंसिपल।**

# जेओएआईटी प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से भेंट कर जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



ओक ओवर में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलते जेओए (आईटी) के अभ्यर्थी।

ओक ओवर शिमला में जेओए (आईटी) पोस्ट कोड-817 के अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की और इस परीक्षा का परिणाम घोषित करने के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के कल्याण और उनके हितों की रक्षा के लिए वचनबद्ध है और इस दिशा में निरंतर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। जेओए (आईटी) परीक्षा का परिणाम घोषित करने के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने विभिन कानूनी पहलुओं का अध्ययन किया और विधि विशेषज्ञों का परामर्श भी लिया। सरकार ने इसके लिए एक कैबिनेट सब कमेटी का गठन किया और उसकी संस्तुति के आधार पर मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया। प्रदेश सरकार सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रयास कर रही है। समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए विकासोन्मुखी दृष्टिकोण के साथ सरकार दृढ़ता से निर्णय लेकर निरंतर आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर संजय अवस्थी, विधायक संजय रतन आदि मौजूद रहे।

### 17 मार्च को होगी व्यापार मंडल नेरवा की बैठक

**चौपाल/नेरवा।** रविवार को व्यापार मंडल नेरवा की वार्षिक बैठक होनी निश्चित हुई है। व्यापार मंडल नेरवा के अध्यक्ष राजीव भिख्टा ने बताया कि बैठक में व्यापार मंडल के आय-व्यय का वार्षिक लेखा-जोखा व्यापारियों के समक्ष रखा जाएगा एवं व्यापारियों की समस्याओं पर भी मंथन किया जाएगा।

इसके उपरांत समस्त व्यापारियों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने समस्त व्यापारियों से आग्रह है कि बैठक में भाग लेने के लिए प्रात: साढ़े दस बजे नेरवा रेस्ट पहुंच जाएं।

### बातचीत...



शिमला के रिज मैदान पर सर्द मौसम में गर्म कपड़े पहने बैठी महिलाएं।


**प्रोजेक्ट** छह माह के अंदर इसे सात करोड़ की लागत से किया जाएगा तैयार, एचपीआरआईडीसी कर रहा निर्माण

# ढली टनल के समीप बनाया जाएगा राउंड अबाउट

**आशिमा वैरागी, शिमला**

नगर निगम शिमला शहर के विकास के लिए अब एक और प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। अब ढली में राउंडअबाउट का निर्माण किया जाएगा। इससे शहरवासियों को बहुत लाभ होने वाला है।

यह स्मार्ट सिटी के तहत एचपीआरआईडीसी जिसने ढली का निर्माण किया वह ही इसका निर्माण करेगा। सात करोड़ की लागत से इसे तैयार किया जाना है । छह माह के अंदर इसे तैयार कर दिया जाएगा। शहर के विकास के लिए निगम विभिन्न कार्य कर रहा है। स्मार्ट सिटी के तहत शहर में विभिन्न प्रोजेक्ट चले हुए हैं, जिसका जून माह में पीरियड खत्म हो जाएगा। इसके अलावा जो कार्य चले हैं, इन्हें जून माह से पहले खत्म करना होगा। शहर में फ्लाईओवर व पार्किंग और भी कार्य चले हुए हैं, जिससे पर्यटकों को भी फायदा होगा। (अनंत ज्ञान)



### मौजूदा यातायात को दी जाती है प्राथमिकता

गोल चक्कर एक प्रकार का गोलाकार चौराहा या जंक्शन है, जिसमें सड़क यातायात को एक केंद्रीय द्वीप के चारों ओर एक दिशा में चलने की अनुमति दी जाती है और आमतौर पर चक्कर में पहले से मौजूद यातायात को प्राथमिकता दी जाती है।

### ये होंगे लाभ

चौराहों के लिए यातायात क्षमता में 30 से 50 प्रतिशत की वृद्धि स्टॉप और सिग्नल पर कम प्रतीक्षा करनी होगी। शुरुआती और बुजुर्ग ड्राइवरों के लिए राउंड अबाउट सुरक्षित है। इसे कई सड़क चौराहों पर इस्तेमाल किया जा सकता है। राउंड अबाउट आमतौर पर पारंपरिक चौराहों की तुलना में कम जमीन लेते हैं क्योंकि उन्हें मोड़ने वाली लेन की आवश्यकता नहीं होती है।

> ढली में राउंड अबाउट का निर्माण कार्य किया जाना है। इसमें लगभग सात करोड़ रुपए खर्च होंगे। शहरवासियों को इसका लाभ हो इसके लिए यह बनाया जा रहा है।
>
> **पवन शर्मा, एचपीआरआईडीसी निदेशक।**

# नागेश ने दिए जमीन बचाने के मंत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने जल, जंगल और जमीन बचाने के मंत्र दिए। वीरवार को शिमला में जलवायु परिवर्तन के लिए सतत् जलागम प्रबंधन पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नागेश कुमार गुलेरिया मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। यहां उपस्थित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों और अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के अधिकारियों व कर्मचारियों को नागेश ने जलवायु परिवर्तन के लिए पांच मुख्य चुनौतियों के बारे में अवगत करवाया। विभिन्न प्रजातियों का समाप्त होना, भू-जल में लगातार गिरावट, पिघलते ग्लेशियर, तापमान में वृद्धि और लोगों का भविष्य असुरक्षित होना सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। आज के इस दौर में जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के बारे में हर व्यक्ति जानता है, लेकिन इसे बचाए रखने के लिए सामुदायिक और आम नागरिकों को क्या कुछ करने की जरूरत है इसके बारे किसी को भी आभास नहीं है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज प्राकृतिक जल स्रोतों को बचाने के लिए काम करने की आवश्यकता है। विश्व के ऐसे 20 देश हैं, जहां जलवायु परिवर्तन की वजह से अस्तित्व का संकट आ सकता है।



अंबुजा सीमेंट की आयोजित कार्यशाला में जाइका वानिकी परियोजना के सीपीडी व अन्य।

